e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 154
शुक्रवार
07.06.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

मनुष्य की वाणी ही विष और अमृत की खान है। दुष्ट की मित्रता से शत्रु की मित्रता अच्छी होती है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### प्रज्वल रेवन्ना की कोर्ट ने बढ़ाई कस्टडी, अब 10 जून तक रहेगा सलाखों के पीछे

**नई दिल्ली :** प्रज्वल रेवन्ना की कस्टडी बढ़ा दी गई है। कोर्ट ने जेडीएस के निलंबित नेता को 10 जून पुलिस की कस्टडी में रखने के आदेश दिए हैं। इससे पहले 31 मई को कोर्ट ने 6 जून तक पुलिस को रेवन्ना की कस्टडी सौंपी थी। आज कस्टडी खत्न होने कारण प्रज्वल रेवन्ना को कोर्ट में पेश किया गया, जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने 10 जून तक प्रज्वल रेवन्ना की कस्टडी बढ़ा दी है। जन प्रतिनिधि न्यायालय ने प्रज्वल रेवन्ना को 10 जून तक एसआईटी की हिरासत में भेजा है। 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले, प्रज्वल रेवन्ना के बड़ी संख्या में अश्लील वीडियो वायरल हुए थे, जिनमें कथित तौर पर प्रज्वल रेवन्ना द्वारा महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया गया था। मामला गंभीर होता देख, वोटिंग खत्म होते ही प्रज्वल रेवन्ना देश छोड़कर विदेश भाग गया और एक महीने से अधिक समय तक जर्मनी में छिपा रहा। जर्मनी से 35 दिन बाद रेवन्ना 31 मई को लौटा और लौटते ही एसआईटी ने उसे गिरफ्त में ले लिया था।

### 9 जून के बाद फिर पारा होगा 45 के पार

**नई दिल्ली :** ठीक ऐसे ही 9 जून को भी पारा 1 डिग्री बढ़कर 44 के पास पहुंच जाएगा और गर्म हवाओं का चलना शुरू हो जाएगा। मौसम विभाग के मुताबिक, 10 जून से पारा 45 डिग्री के पार जाना शुरू हो जाएगा और आसमान में बादल छाने और तेज हवा या बारिश होने की संभावना नहीं है। माना जा रहा है कि उसके बाद एक बार फिर भीषण गर्मी का सामना एनसीआर के लोगों को करना पड़ सकता है। एनसीआर के लोगों को इस समय गर्मी और बिजली कटौती की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। बिजली की डिमांड लगातार बढ़ती जा रही है। इसके चलते कई इलाकों में घंटों कटौती हो रही है।

### कंगना रनौत को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर मारा थप्पड़, हिरासत में सीआईएसएफ की आरोपी जवान

**चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर बीजेपी सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत से बदसलूकी का मामला सामने आया है. सांसद की ओर से दी गई शिकायत में सामने आया है कि वह चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर पहुंची थीं. उन्हें फ्लाइट से दिल्ली आना था. सिक्योरिटी चेक इन के बाद जब वह बोर्डिंग के लिए जा रही थीं, इसी दौरान एलसीटी कुलविंदर कौर (सीआईएसएफ यूनिट चंडीगढ़ एयरपोर्ट) ने उन्हें थप्पड़ मारा. उसके बाद कंगना रनौत के साथ यात्रा कर रहे शख्स मयंक मधुर, ने कुलविंदर कौर को थप्पड़ मारने की कोशिश की. आरोपी सीआईएसएफ कर्मी को हिरासत में ले लिया गया है.

### छह तीर्थ स्थलों का दर्शन करायेगी रेलवे

**सहरसा :** भारतीय रेलवे की शाखा इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड की पूर्वी क्षेत्र कोलकाता से पहली बार देखो अपना देश के तहत भारत गौरव ट्रेन की शुरुआत करने जा रही है। भारत गौरव ट्रेन योजना के तहत भारतीय रेल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 24 जून को न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से विभिन्न तीर्थ स्थलों माता वैष्णो देवी, हरिद्वार, ऋषिकेश, मथुरा, वृंदावन, अयोध्या का दर्शन करते हुए 2 जुलाई को वापस लौटेगी।

### राजभवन कलाकक्ष में प्रदर्शित होंगे प्राचीन सिक्के एवं डाक टिकट : राज्यपाल

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आंनदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में स्थित कलाकक्ष संग्रहालय में रखे जाने वाले आजादी के बाद के सिक्कों तथा पोस्टल स्टाम्प के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया गया।इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि राजभवन आज पिकनिक प्लेस बन चुका है। आज विभिन्न स्कूलों के बच्चों सहित बढ़ी संख्या में जन सामान्य राजभवन भ्रमण पर आते हैं। इसलिए कला कक्षा में जो भी सिक्के अथवा डाक टिकट प्रदर्शित किया जाए उसके बारे में स्पष्ट रूप से लिखा जाना चाहिए, ताकि दर्शक उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने बच्चों को इस प्रकार के संग्रहालय का भ्रमण कराना चाहिए, इससे उनके मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञानवर्धन भी होता है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38⁰ |
| न्युनतम | 26⁰ |

इलेक्शन रिजल्ट डे पर शेयर बाजार में आई सुनामी को लेकर पीएम मोदी पर किया अटैक, जांच की मांग की

# निवेशकों को 30 लाख करोड़ रुपए का हुआ नुकसान : राहुल

## देश के स्टॉक मार्केट के इतिहास में यह सबसे बड़ा घोटाला



**पीएम मोदी,अमित शाह और निर्मला सीतारमण ने झूठ फैलाया**

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी,अमित शाह और निर्मला सीतारमण को पहले से ही अनुमान था कि इस बार उन्हें 220 के आसपास सीटें मिल रही हैं, लेकिन फेक एग्जिट पोलों के जरिए लोगों में झूठ फैलाया गया. इसके बाद एग्जिट पोल के अनुमानों के तुरंत बाद शेयर बाजार ने ऐसी छलांग लगाई

### शेयर बाजार में हुए भारी गिरावट की जांच होनी चाहिए



राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव नतीजे से पहले शेयर बाजार में शानदार उछाल आया था, लेकिन लोक सभा इलेक्शन रिजल्ट डे के दिन शेयर बाजार में भारी गिरावट हुई. उन्होने कहा कि भारी गिरावट के कारण निवेशकों के 30 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ. ये पैसा 5 करोड़ रिटेल इन्वेस्टर्स का है. उन्होंने कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए.

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता को निवेश की सलाह क्यों दी ?

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल गांधी ने ये सवाल पूछे. इसमें उन्होंने स्टॉक मार्केट क्रैश होने को एक क्रिमिनल एक्ट करार देते हुए पूछा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता को निवेश की सलाह क्यों दी? 5 करोड़ परिवारों को स्टॉक्स खरीदने के लिए क्यों कहा गया? बता दें कि 3 जून शेयर बाजार में तगड़ी तेजी आई थी और निवेशकों को 13.7 लाख करोड़ की कमाई हुई थी. लगभग सभी एग्जिट पोल में बीजेपी की बंपर जीत दिखाई गई थी. लेकिन अगले दिन यानी 4 जून को बाजार में तेज गिरावट देखने को मिली थी.

कि सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए, लेकिन अगले ही दिन 4 जून को खटाक से शेयर मार्केट गिर गया.

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** शेयर बाजार में गत मंगलावर को चुनावी नतीजे वाले दिन जो तबाही मची थी उसमें निवेशकों के करीब 30 लाख करोड़ रुपये का घाटा हुआ था. इस मामले को लेकर राहुल गांधी ने पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने शेयर बाजार में इलेक्शन रिजल्ट डे पर आई सुनामी को लेकर अटैक किया और एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि हिंदुस्तान के स्टॉक मार्केट की हिस्ट्री का सबसे बड़ा स्कैम है. उन्होंने इस मामले में जेपीसी की मांग की है.राहुल गांधी ने कहा कि पहले गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आने वाले 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आएंगे, तो शेयर बाजार आसमान पर जाएगा. इसके तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी आने की बात कहते हुए लोगों को शेयर खरीदने की सलाह दी और इसके तुरंत बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी इसी तरीके से शेयर बाजार में जोरदार उछाल की बात कही थी.

# देश को अब राहुल गांधी पर भरोसा नहीं : पीयूष गोयल



**गोयल ने यह भी कहा कि देश की जनता को अब राहुल गांधी पर भरोसा नहीं है।गोयल ने कहा,दुनिया भर में इस तरह से इक्विटी मार्केट चलती है। देखना यह है कि लंबे अरसे में इक्विटी मार्केट में क्या हुआ है।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत के अर्थव्यवस्था की उपलब्धि साधारण उपलब्धि नहीं है। पूरा विश्व इसे गंभीरता से देख रहा है और समझ रहा है। भारत का विकास पीएम मोदी के नेतृत्व में होने जा रहा है। एक बार फिर मोदी सरकार बन रही है इस बात से राहुल गांधी बहुत परेशान नजर आ रहे हैं। ऐसे में वे अपने बयान से निवेशकों को हतोत्साहित करने की कोशिश कर रहे हैं। इक्विटी मार्केट में चुनाव के हिसाब से अलग अलग तरीके से बदलाव होते रहते हैं। ये बातें भाजपा नेता पीयूष गोयल ने राहुल गांधी के शेयर बाजार में घोटालों के आरोपों के पलटवार में कही है। गोयल ने यह भी कहा कि देश की जनता को अब राहुल गांधी पर भरोसा नहीं है।गोयल ने कहा,दुनिया भर में इस तरह से इक्विटी मार्केट चलती है। देखना यह है कि लंबे अरसे में इक्विटी मार्केट में क्या हुआ है। देश के निवेशक जानते हैं कि पिछले दस वर्ष के सफलतापूर्वक मोदी सरकार के कार्यकाल में हमारा मार्केट कैप पहली बार 400 लाख करोड़ का कीर्तिमान हासिल किया है। पीएसयू का मार्केट कैप भी चार गुना मोदी सरकार के कार्यकाल में बढ़ा है। यूपीए काल में भारत का मार्केट कैप मात्र 67 लाख करोड़ रुपये था। आज यह बढ़कर 415 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह 348 लाख करोड़ रुपये की बढ़त पिछले दस वर्षों में हुई है।गोयल ने कहा,पिछले 60 वर्षों में भारतीय बाजार ने जो मार्केट कैप हासिल किया उससे पांच गुना मोदी सरकार के कार्यकाल में हासिल किया गया। इसका सबसे बड़ा लाभ भारतीय निवेशकों विशेषकर खुदरा निवेशकों को इसका लाभ हुआ। आज वो सिर्फ मार्केट को दूर से नहीं देखते। आज वो निवेश करने उसका सीधा लाभ लेते हैं। एफपीआई की होल्डिंग यूपीए काल में 21त्न थी वो आज घटकर 16 प्रतिशत हो गई है। विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी कम हुई है और भारतीय निवेशकों की बढ़ी है। यह 79 प्रतिशत से बढ़कर 84 प्रतिशत हो गई है।

# केंद्रीय गृहमंत्री बनेंगे शिवराज सिंह चौहान!



**एजेंसी**

**भोपाल :** विदिशा में बंपर जीत के बाद शिवराज सिंह चौहान का दिल्ली जाना तय हो गया है। 9 जून को वह नई सरकार में कैबिनेट मंत्री के तौर शपथ लेते नजर आएंगे। शिवराज सिंह चौहान न सिर्फ खुद 8 लाख से अधिक वोटों से जीते बल्कि मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों पर जीत की हैट्रिक में बड़ी भूमिका निभाई। दिल्ली के चुनाव प्रचार में भी उनका स्ट्राइक रेट अच्छा रहा। प्रचंड जीत के बाद इनाम के तौर पर शिवराज को केंद्र सरकार में बड़ी भूमिका मिल सकती है। खुद पीएम मोदी ने चुनाव प्रचार में इसकी घोषणा की थी। उनके नरेंद्र मोदी सरकार की कोर टीम में रहने की संभावना बढ़ गई है। चर्चा है कि अमित शाह अब बीजेपी की कमान संभालेंगे और शिवराज सिंह चौहान को गृह मंत्रालय सौंपा जा सकता है। गृह मंत्रालय के दूसरे दावेदार राजनाथ सिंह भी हैं।18 साल तक लगातार सीएम रहने वाले शिवराज सिंह चौहान के केंद्र में जाने के कयास मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से लगाए जा रहे थे। डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद उनका दिल्ली जाना तय हो गया। राज्य की सत्ता में उलटफेर के बाद शिवराज थोड़े मायूस दिखे, मगर उन्होंने जल्द ही खुद को नए रोल के लिए तैयार कर लिया। दूसरी ओर, राजस्थान में सीएम पद नहीं मिलने के कारण वसुंधरा राजे काफी नाराज रहीं। लोकसभा चुनाव में शिवराज न सिर्फ प्रत्याशी बने, बल्कि पूरे राज्य में मिशन-29 के लिए अपनी ताकत झोंक दी। उन्होंने अपने अंदाज में पार्टी उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे।

# पश्चिम बंगाल में बीजेपी कार्यालय व विधायक के दफ्तर पर हमला, पथराव, तोड़फोड़

**एजेंसी**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में मतगणना के दो दिन बाद भी कुछ जगहों पर राजनीतिक हिंसक घंटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला है दुर्गापुर और बर्धमान का, जहां पर टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के भिड़ने की घटनाएं सामने आई हैं। जानकारी के अनुसार, बर्धमान में बीजेपी जिला कार्यालय पर कथित तौर पर टीएमसी कार्यकर्ताओं ने हमला किया।

भाजपा का आरोप है कि आज बड़ी संख्या में टीएमसी कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय पर लाठी डंडों और पत्थर के साथ हमला किया। इस दौरान भाजपा कार्यालय पर पत्थरबाज़ी करने के साथ ही साथ बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। यही नहीं इस हमले में तीन भाजपा कर्मी घायल भी बताए जा रहे हैं। घटना के बाद बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी मौक़े पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे हैं। घटना को लेकर इलाके में तनाव का माहौल है।



वहीं, दुर्गापुर में गुरुवार सुबह बीजेपी विधायक के पार्टी दफ्तर में तोड़फोड़ की ताजा शिकायतें आईं। दुर्गापुर इस्पात नगर में आर्टिलरी रोड पर विधायक के कार्यालय में कथित तौर पर तोड़फोड़ की गई और साथ ही लूटपाट भी की गई। दुर्गापुर पश्चिम के विधायक लक्ष्मण घरुई ने आरोप लगाया कि चुनाव जीतने के बाद से तृणमूल समर्थित बदमाश उनके विभिन्न कार्यकर्ताओं पर अत्याचार कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विधायक के पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ की गई और कई मूल्यवान दस्तावेज लूट लिए गए। हालांकि, तृणमूल नेतृत्व ने इस घटना को सिरे से नकारते हुए पलटवार किया। पूर्व जिलाध्यक्ष उत्तम मुखोपाध्याय ने कहा कि भाजपा में ऊपर से लेकर नीचे तक सभी नेतृत्व गुटबाजी का शिकार है।

# नरेंद्र मोदी 9 जून को ले सकते हैं प्रधानमंत्री पद की शपथ



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** नरेंद्र मोदी 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं. सूत्रों के मुताबिक, 9 जून को शाम 6 बजे शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा. यह लगातार तीसरा मौका होगा जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे. इस बार के लोकसभा चुनाव में जनता ने एक बार फिर से बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए को बहुमत दिया है. लगातार तीसरी बार मोदी सरकार के गठन के प्रयास शुरू किए जाने के बीच गुरुवार को एक बड़ी बैठक भी हुई. इस बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह समेत बीजेपी के सीनियर नेता मौजूद रहे. मीटिंग सरकार को लेकर आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया. पार्टी नेताओं के मुताबिक, जेपी नड्डा के घर पर हुई इस बैठक में मंत्रिपरिषद के गठन में एनडीए के घटक दलों की भागीदारी सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई. नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में संभवत~ श्रीलंका और बांग्लादेश सहित कई पड़ोसी देशों के नेताओं को आमंत्रित किया जा सकता है. सूत्रों ने बताया कि मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किए जाने वाले विदेशी नेताओं में बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान, नेपाल और मॉरीशस के शीर्ष नेता शामिल हो सकते हैं.

# मुख्य चुनाव आयुक्त ने नवनिर्वाचित सांसदों की सूची राष्ट्रपति को सौंपी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें 18वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए नव-निर्वाचित सांसदों की सूची सौंपी। अब राष्ट्रपति नई सरकार के गठन की औपचारिक प्रक्रिया शुरू करेंगी। राष्ट्रपति भवन के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 73 के अनुसार चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना की एक प्रति राष्ट्रपति को सौंपी, जिसमें 18वीं लोकसभा के हुए आम चुनावों के बाद लोक सभा के लिए चुने गए सदस्यों के नाम शामिल हैं। वहीं राष्ट्रपति ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को मानव इतिहास की सबसे बड़ी



लोकतांत्रिक प्रक्रिया,चुनाव प्रक्रिया के सफल समापन पर बधाई दी। पूरे देश की ओर से, उन्होंने चुनाव आयोग, उसके अधिकारियों और कर्मचारियों, अभियान और मतदान के प्रबंधन और अधीक्षण में शामिल अन्य सरकारी अधिकारियों और पुलिस और सुरक्षा कर्मियों, केंद्र और राज्य के लोगों के मत की पवित्रता को बनाए रखने और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए अथक और लगन से काम करने के प्रयासों की सराहना की।सबसे बढ़कर, उन्होंने करोड़ों मतदाताओं की सराहना की, जिन्होंने इतनी बड़ी संख्या में चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया। राष्ट्रपति ने कहा कि यह पूरी तरह से हमारे संविधान और भारत की गहरी और अडिग लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप है।

## लाभुक से आठ हजार घूस लेते मुखिया गिरफ्तार

**गिरिडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद एसीबी की टीम ने गुरुवार को गिरिडीह के जमुआ के चरघरा पंचायत के मुखिया महावीर रविदास को एक महिला लाभुक से आठ हजार रुपए लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। धनबाद एसीबी के डीएसपी और जवानों ने मुखिया महावीर को जब्त नगद राशि के साथ गिरफ्तार कर धनबाद ले गई।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन
आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

# दुष्कर्म-हत्या के बाद चुपचाप दफना दी गई थी पीड़िता, पुलिस ने कब्र से निकाला शव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ (पलामू) :** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत नावाडीह गांव में दुष्कर्म कर हत्या किए जाने की शिकायत पर एक 13 साल की किशोरी का शव उसके कब्र से गुरूवार को निकाला गया। एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद की मौजूदगी में एवं चैनपुर के अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल की देखरेख में थाना प्रभारी निलेश कुमार ने डेड बॉडी को कब्र से बाहर निकाला और जरूरी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यहां बता दें कि गत तीन जून को ही किशोरी का शव दफ़नाया गया था। बताया जाता है कि नावाडीह गांव की ही 13 साल की किशोरी गांव के अन्य लोगों के साथ 8 महीने पहले बिहार के सासाराम के आलमपुर में ईट भट्ठे पर काम करने गई थी। ठेकेदार नरेश कोरवा किशोरी को ईट भट्ठे पर काम करने के लिए ले गया था। बरसात के पहले सारे लोगों के घर आने की संभावना थी। इसी बीच 3 जून को ठेकेदार नरेश कोरवा किशोरी की डेड बॉडी लाकर उसके परिजनों को दिया। किशोरी की मां ने ठेकेदार पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। इस बीच डेड बॉडी को दफना दिया गया, लेकिन उसकी मां और गांव के अन्य लोग किशोरी का शव कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम कराने की मांग कर रहे थे। रामगढ थाना प्रभारी द्वारा कब्र के शव निकालने में सुस्ती बरतने पर एसपी कार्यालय घेरने की तैयारी थी। इस बीच मेदिनीनगर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने टीम बनाकर डेड बॉडी को कब्र से बाहर निकाला। मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसकी रिपोर्ट के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। डेड बॉडी निकालने के वक्त प्रशासनिक पदाधिकारी के अलावा गांव के ग्रामीण और परिजन भी मौजूद थे।

## शोभन माझी डीह स्थल पर किया गया वृक्षारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागृति के बाल वृक्ष मित्रों द्वारा चितविश्राम स्थित शोभन माझी डीह स्थल पर वृक्षारोपण किया गया तथा पर्यावरण जागृति कार्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता एवम'बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग में हमारी भूमिका' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। बुधवार को संध्याकालीन आयोजित समारोह मे बोलते हुये मुख्य अतिथि आचार्य श्रीकांत मिश्र ने कहा ग्लोबल वार्मिंग का असर आज पूरी दुनिया पर है. हम इससे अछूते नहीं हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिये हम सभी को संवेदनशील होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति एवं ऋषि कृषि परंपरा पर्यावरण को संतुलित करने में सक्षम थी। हमें उसे भूलने की नहीं संजो कर रखने की जरूरत है। सेवानिवृत् शिक्षक अशोक कुमार सिंह ने कहा यह किसी एक की समस्या नहीं हम सबकी है, इसलिए सबको मिलकर समाधान खोजना होगा। शिक्षक अखिलेश प्रसाद ने कहा हमारी भारतीय संस्कृति स्वत- पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रही है, पर आज के युवाओं पर दुख होता है कि अपने धरोहर को संभाल नहीं पा रहे. रामव्यास पांडेय ने कहा इन नन्हे मुन्ने बच्चों में उत्साह देख कर के लग रहा है, निश्चित तौर पर आने वाले समय में यही जागरूक होंगे और पर्यावरण संतुलित होगा.शिक्षक कमलेश कुमार पांडेय ने बच्चों की सराहना करते हुये कहा कि मुझे दुख है कि वन विभाग के प्रयास को कुछ अराजक तत्व नुकसान पहुंचा रहे हैं और समाज मौन धारण कर लेता है। इस बरसात में वृहद वृक्षारोपण करेंगे। इस अवसर पर इन्द्रशेखर पांडेय, राहुल पांडेय, शुभम, सुमेद साव , व्योमकृष्णा, रौनक, वर्तिका, शुभांगी शेखर, प्रखरपर्व, कुश, सहित अन्य पर्यावरण जागृति के सदस्य उपस्थित थे।

## गांजा की बिक्री करने वाले व्यक्ति को भेजा गया जेल



**पिपरा, पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सरैया के ग्राम बानाडीह के दूधेश्वर सिंह के किराना दुकान से छापामारी कर 360 ग्राम गांजा बरामद किया गया. पिपरा थाना प्रभारी विमल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी किया गया था. सूचना मिली थी कि किराना सामान बेचने की आड़ में गांजा की भी बिक्री की जा रही है। इसी आधार पर कार्रवाई किया गया है जिसमें पिपरा थाना कांड संख्या 23/24 दर्ज कर गिरफ्तार दूधेश्वर सिंह पिता स्वश्र धर्मदेव सिंह ग्राम बानाडीह थाना पिपरा पलामू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है थाना प्रभारी थाना क्षेत्र वासियो से अपील किया है कि अगर कोई भी व्यक्ति नशे का सामान भेजता है तो इसकी सूचना थाना में दें आपकी पहचान गुप्त रखी जाएंगे।

## रैंकिंग प्रतियोगिता के खिलाड़ियों के लिए अभ्यास रहेगा जारी : आनंद

**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में वन विभाग के सामुदायिक भवन में चल रहे समर कैंप में खिलाड़ियों को कोच कमलेश कुमार दुबे ने टेबल टेनिस खेलने के विभिन्न शॉट्स को खेलने एवं विपक्षी खिलाड़ियों के शॉट्स के बचाव कर जीतने के गुर के बारे में जानकारी दी। समर कैंप में कोच कमलेश कुमार दुबे के निर्देशन में खिलाड़ियों नें ब्लॉक करने, फोरहैंड टॉप स्पीन मारने, बैकहैंड, टॉप स्पिन मारने सहित अन्य प्रकार के नियमों को सिखाया। इस अवसर पर संघ के सचिव आनंद सिन्हा नें कहा कि समर कैंप का समापन सुबह दस बजे किया जायगा। इस मौके पर संघ के सह सचिव प्रिंस सोनी, संतोष कश्यप, सदस्य अभय कुमार, बालिका उच्च विद्यालय के फिजिकल शिक्षक सुशील तिवारी, रामासाहु के फिजिकल शिक्षक प्रदीप कुमार सिंह, सिनियर खिलाड़ी ऋषभ राज सहित कई अभिभावक मौजूद थे।

# ब्रह्मोरिया के राहुल ने नीट परीक्षा में लहराया परचम, गांव में जश्न का माहौल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर क्षेत्र के ब्रहमोरिया गांव निवासी राहुल कुमार पांडेय ने नीट परीक्षा में सफलता अर्जित कर अपने सपनों को पंख देते हुए 720 में 695 अंक प्राप्त कर लक्ष्य को उड़ान दिया है। ग्रामीण परिवेश में पले बढ़े और एक सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाला छात्र राहुल ने अपनी प्रतिभा के दम पर गांव ही नही पूरे जिले का नाम रौशन किया है। राहुल की यह उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्राओं के लिए एक प्रेरणा बनेगा। राहुल की इस अद्वितीय सफलता पर गांव में खुशी की लहर है। राहुल के माता-पिता सहित सगे संबंधी व गांव के लोग स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। विदित हो कि राहुल कुमार पांडेय ब्रहमोरिया गांव निवासी श्रीराम नारायण पांडेय के पुत्र हैं। राहुल के इस उपलब्धि के पीछे उसके माता-पिता और शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है.राहुल का भाई इश्वर चंद पांडेय भी सोफ्टवेयर इंजीनियर है.राहुल कुमार पांडेय ने बताया कि उसका लक्ष्य एक प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेकर मेडिकल की पढ़ाई करना है.वह डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहता है। इधर राहुल की सफलता पर बधाइयों का तांता लगा है। बधाई देने वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, वरिष्ठ समाजसेवी सह राजनीतिज्ञ अभिमन्यु सिंह, आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, पंसस हरिशंकर दुबे, रामानुजम पांडेय, नागेंद्र पांडेय, सुनील कुमार दुबे, रघुवीर नारायण पांडेय, विनय पांडेय सहित कई लोगों का नाम शामिल हैं।

# वीडी राम के हैट्रिक जीत पर निकाला विजय जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर विस क्षेत्र के कई कस्बाई और ग्रामीण इलाकों में बी डी राम के हैट्रिक जीत पर भाजपा द्वारा भव्य विजय जुलूस निकाला गया। इस विजय जुलूस में भाजपा के प्रादेशिक नेता अरविंद सिंह सहित कई वरिष्ठ भाजपाई शामिल हुए। गाजे बाजे के साथ निकले इस जुलूस के दौरान खूब आतिशबाजी हुई। जमकर अबीर गुलाल उड़े. भाजपा नेताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह जिला पार्षद अरविंद सिंह ने कहा कि पलामू में भाजपा की यह हैट्रिक जीत प्रधानमंत्री के गरीब कल्याण और सांसद विष्णु दयाल राम के विकाश कार्यो का प्रतिफल है। पलामू लोस की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और बी डी राम की ईमानदारी व कार्तब्यनिष्ठा पर भरोसा जताया है। भाजपा इस भरोसे को हमेशा कायम रखेगी। श्री सिंह ने भाजपा को समर्थन देने वाली पलामू की जनता के प्रति आभार भी ब्यक्त किया। भाजपा नेत्री संध्या सिंह ने कहा कि बी डी राम ने अपने दस वर्षो के कार्यकाल में विकाश की जो गति रही है उसे और तेज किया जायेगा। जुलूस में विभाकर नारायण पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, प्रफुल जिला कार्य समिति सदस्य शंभू सिंह संसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय सहित काफी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता शमिल हुए।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बीडीओ एवं थाना प्रभारी ने किया पौधारोपण



**खरौन्धी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार एवं थाना प्रभारी रवि केसरी ने प्रखंड मुख्यालय एवं थाना परिसर में खरौन्धी थाना प्रभारी रवि केसरी ने सामूहिक रुप से वृक्षा रोपण किया। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि पेड़ पौधे की कमी से मौसम एवं पर्यावरण असंतुलित हो रही है। परिणाम स्वरूप औसत से कम बारिश होना असमय बिन मौसम बरसात हो जाना, तापमान में वृद्धि देखने को मिल रही है। हरी-भरी धरती से ही वनस्पति जीव, पशु-पक्षी एवं जीवन सुरक्षित रहता है। थाना प्रभारी ने लोगों से अपने घरों के आसपास वृक्ष लगाने और वृक्षों को जीवित रखने की जिम्मेवारी लेने की अपील किया। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि आने वाला मानसून में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें और अपने घर के आसपास के गांव और शहर और जंगलों को खूब हरा-भरा बनाएं।वही मौके पर एस आई निरंजन कुमार, उप प्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, साहित सभी जनप्रतिनिधि एवं सभी पुलिस के जवान तथा गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पलामू से विष्णुदयाल राम की जीत पर पीपरा भाजपाइयों ने बांटी मिठाइयां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा,पलामू :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पिपरा बाजार में पलामू से विष्णुदयाल राम की जीत पर एनडीए कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बाटकर खुशी मनाई। देशभर में 18 वीं लोकसभा चुनाव के नतीजा मे जहां एक तरफ सभी एग्जिट पोल गलत साबित हुए वही देश भर में फिर से एनडीए गठबंधन की प्रचंड बहुमत से लोगों में खुशी है वही पलामू संसदीय सीट से विष्णु दयाल राम ने हैट्रिक लगाया है. पिपरा मंडल अध्यक्ष संजय मेहता ने कार्यकर्ताओं का सराहना करते हुए उन्हें मिठाइयां खिलाई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय नरेंद्र मोदी जिंदाबाद विष्णु दयाल राम जिंदाबाद फिर से मोदी सरकार का नारा लगाया मौके पर मीडिया प्रभारी अंशु मिश्रा विष्णु देव गुप्ता अवधेश विश्वकर्मा कपिल देव राम ऋषभ रंजन गुप्ता प्रयाग राम अनिल प्रजापति महिला मोर्चा अध्यक्ष संजू सिंह अनीता देवी तेतरी देवी प्रमिला देवी मंजू देवी के अलावा दर्जनों कार्यकर्ता विजय जुलुस में शामिल थे।

# चैनपुर क्षेत्र के जनता एवं निष्ठावान कार्यकर्ता की जीत है : भोला पांडे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र करसो पंचायत ग्राम पचलेवा तथा विभिन्न पंचायत में सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे के नेतृत्व में भाजपा प्रत्याशी लोकप्रिय सांसद विष्णु दयाल राम के तीसरी बार जीत के खुशी में गाजे बाजे के साथ महिला एवं पुरुष तथा स्थानीय कार्यकर्ताओं के द्वारा विशाल विजय जुलूस निकाला गया जिसमें एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर एक दूसरे को बधाई दिए जुलूस समारोह में उपस्थित होकर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय ने अपने क्षेत्र के सम्मानित जनता जनार्दन एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति जताया आभार। मौके पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा कि यह जीत पलामू लोकसभा क्षेत्र की जनता एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं की जीत है तथा मोदी जी की गारंटी एवं विष्णु दयाल राम के किए हुए कार्यो की जीत है। मौके पर उपस्थित राकेश जयसवाल, दीपक जायसवाल, राजेश चंद्रवंशी, पंकज जयसवाल, जुबेर अंसारी, रामप्रवेश प्रसाद, सतीश प्रसाद, विकास कुमार, शिवकुमार यादव, काशी यादव, लाल मुनी परहिया, नाथू परहिया, संदीप कुमार, सुनील कुमार, जयराम प्रसाद, भजन सिंह, दुर्गावती देवी, डिंपल देवी सहित कई भाजपा कार्यक्रता मौजूद थे।

# विभिन्न गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से मिले मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, सुने ग्रामीणों की समस्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को विधायक लोहरदगा सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत ग्राम कुंदो, खिजरी एवं ब्रह्मांडीहा का भ्रमण कर ग्रामीणों से रूबरू हुए और उनका कुशलक्षेम जाना। इस क्रम में जनता द्वारा प्राप्त आवेदनों पर माननीय मंत्री ने त्वरित कार्यवाई करते हुए विभागीय पदाधिकारियों से बात कर क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं का समाधान किया। और कहा की मैं क्षेत्र के विकास के साथ साथ हर छोटी बड़ी समस्याओं के निदान के लिए प्रयासरत हूं। गांव गांव शहर शहर भ्रमण कर सीधे जनता से संवाद एवं संपर्क कर सरकारी योजना, बुनियादी सुविधा एवं सामाजिक, सांस्कृतिक विकास करना हमारी प्राथमिकता है। हमारी गठबंधन सरकार जनता के द्वार तक पहुंच कर समाज के सभी वर्गो के विकास के साथ साथ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर सरकार की योजना का लाभ पहुंचा रही है जिससे आम जीवनस्तर में सुधार हुआ है जिससे गांव गांव तक विकास का कार्य किया जा रहा हर क्षेत्र में विकास का कार्य किया जा सके जैसे पथ निर्माण, राशन कार्ड, धोती लूंगी का वितरण, सभी को हरा कार्ड से जोड़ा गया।

## शाखा प्रबंधक को दी गई विदाई



**धुरकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, टाटीदीरी (धुरकी) के शाखा प्रबंधक मो. अजीमुल् हक को स्थानांतरण होने पर गुरुवार को बिदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उन्हें उपस्थित लोगो ने डायरी साल ओढ़ाकर बिदाई दी। वही लोगो को संबोधित करते हुए जेएसएलपीएस धुरकी के बीआरपी विनोद प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सरकारी विभाग में स्थानंतरण एक सरकारी प्रकिया है। जो समय समय पर होता ही रहता है। शाखा प्रबंधक के कार्य के जितनी भी तारीफ किया जाए कम होगा। उन्होंने अपने कार्यकाल के समय में विभिन्न गाँव में कैंप लगवाकर समूह के सभी प्रकार के लोन के सत्यापन करवाना, सही समय पर लोन देना, केसीसी के लाभ प्रदान करना, वितीय साक्षारता के माध्यम से ग्रामीणों को जागरुक करना, धोखाधड़ी से संबंधित ग्रामीणों के बचाव के बारे में जागरुक करना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत लाभुको को प्रति दो लाख के सहायता राशि पहुचना, केसीसी लोन माफी योजना के माध्यम से हजारो लोगो को लाभ पहुँचना आदि कार्य में शाखा प्रबंधक सक्रिय रहते थे। उल्लेखनीय है कि शाखा प्रबंधक के स्थानान्तरण रांची प्रधान शाखा में हो गया है। कार्यक्रम में मुखिया सगुनि राम, खाला मुखिया साबीर अंसारी कैशियर नितेश कुमार, शशांक कुमार, डॉ रोविंस कुमार, संजय प्रसाद गुप्ता, दिनेस प्रसाद, राकेश ठाकुर, विकास कुमार, संतोष प्रजापति, रेशमी देवी, जितेंद्र कुमार,राहुल कुमार, आफताब आलम सहित अन्य उपस्थित थे।

# वार्षिक कैलेंडर बनाकर गढ़वा के पर्यावरण को ठीक करने का प्रयास करेगा पर्यावरण परिवार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** पर्यावरण परिवार के बैनर तले स्थानीय उत्सव गार्डेन में बुधवार की शाम विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर बढ़ते वैश्विक तापमान के बीच व्यक्तिगत प्रयास विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गयी। मौके पर गढ़वा के बढ़ते तापमान (48 डिग्री सेल्सियस) तथा ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेट चेंज को गंभीरता से देखते हुए उपस्थित लोगों ने खुल कर अपने विचार रखे। विचार गोष्ठी में वृक्षारोपण, एयर कंडीशनर का कम प्रयोग, वाटर हार्वेस्टिंग, पॉलिथीन उन्मूलन, जन जागरूकता आदि विषयों पर वक्ताओं द्वारा विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर निर्णय लिया गया कि पर्यावरण परिवार द्वारा एक वार्षिक कैलेंडर बनाया जाएगा तथा निर्धारित कैलेन्डर के अनुसार गढ़वा के पर्यावरण को ठीक करने के लिए कार्य किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण का विषय राजनीति को प्रभावित नही कर सका है। अब जरूरत है कि गढ़वा के राजनीतिज्ञ पर्यावरण को अपने मुख्य एजेंडे में रखे और यहां के पर्यावरण को सुधारने में कारगर कदम उठाएं। पर्यावरण परिवार समर्पण भाव से वृक्षारोपण, वाटर हार्वेस्टिंग, पॉलिथीन उन्मूलन आदि विषयों पर जन जागरूकता अभियान का कार्य करेगी। निर्णय लिया गया कि अगले एक वर्ष तक हमारा पूरा प्रयास होगा कि आम लोगों के दिल में हम पर्यावरण के प्रति लगाव पैदा कर सकें। विचार गोष्ठी में विनोद पाठक, एसएन पाठक, सुनील दुबे, अमित शुक्ला, शैलेश तिवारी, सुरेश मानस, दिलीप श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, प्रो. कमलेश सिन्हा, देवराज उपाध्याय, अन्नु दुबे, बबलू दुबे, विपिन तिवारी, गौतम ऋषि, नमस्कार तिवारी, डा. पतंजलि केशरी, रमाशंकर चौबे, दिलीप पाठक, नितिन कुमार तिवारी, दिनेश चौबे, मनोज पाठक, दिवाकर तिवारी, चंद्रदेव सिंह, नीरज श्रीधर आदि उपस्थित थे। संचालन शिक्षक मनोज द्विवेदी एवं धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक प्रेम कुमार तिवारी ने किया।

# विधिक सेवा प्राधिकार का केतार में लगा शिविर

## भूमि, शादी, आवास, पेंशन, राशन के 33 मामले आए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा गुरुवार को केतार प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष में एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एलआरडीसी असिस्टेंट सुधीर कुमार तिवारी, अधिवक्ता बलवीर चौधरी, प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ सावित्री कुमारी एवं जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद उपस्थित रहे। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवो से भूमि विवाद के 18 मामले, शादी के 1, राशन के 7, पेंशन के 1, आवास के 1, चापाकल के 1 आवेदन संस्था को प्राप्त हुए। जानकारी देते हुए श्री तिवारी ने कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में संबंधित विभाग को उक्त मामला प्रेषित किया जाएगा एवं निराकरण के उपरांत आवेदन करता को जानकारी दी जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कोर्ट से संबंधित मामले में पीड़िता को निशुल्क वकील उपलब्ध कराकर न्याय दिलाए जाएगा। मौके पर मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह, सुरेंद्र प्रसाद, अजय राम, उदय प्रसाद, रवि गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## केतार पुलिस ने अवैध बालू ढुलाई करते ट्रैक्टर को किया जब्त



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत पंडा नदी से बुधवार की रात्रि में अवैध बालू उठाव एवं ढुलाई करने के दौरान केतार थाना के पुलिस ने स्वराज कंपनी के ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले गई। साथ ही जिला खनन पदाधिकारी गढ़वा से पत्राचार कर अग्रतर कार्रवाई करने की बात कही। इस मामले की जानकारी थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल ने दी है। उक्त ट्रैक्टर श्याम जायसवाल का बताया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला का शव मिलने से फैली सनसनी, तफ्तीश में जुटी पुलिस

**रांची।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के ओखरगड़ा जंगल से एक महिला का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई है। आस पास के लोगों ने पुलिस को सूचना दु। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर महिला का शव कब्जे में लिया और पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। पुलिस इस मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर मृतक महिला के बेटे ने एक व्यक्ति पर दुष्कर्म के बाद हत्या करने का आरोप लगाया है। बेटे ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। पुलिस पूरे मामले पर छानबीन शुरू कर दी है।

### रिटायर्ड प्रोफेसर का करीबी बनकर बैंक खाते से उड़ाये 20.21 लाख रुपये

**रांची :** रिटायर्ड प्रोफेसर का करीबी बनकर एक व्यक्ति ने उनके खाते से 20.21 लाख रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिये। इसे लेकर रोहित सिन्हा ने जगन्नाथपुर थाने में गुरुवार को शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में कहा गया है कि उसकी बुआ भारती सिन्हा रिटायर्ड प्रोफेसर हैं और हेसाग में रहती हैं। घर में गिर जाने से उनका दायां पैर टूट गया है और शारीरिक रूप से बहुत कमजोर हैं। भारती सिन्हा की नजर कमजोर है और वह कान से भी कम सुनती हैं, जिसके कारण बैंक, बाजार, डॉक्टर, कॉलेज या फिर अन्य काम से आने जाने के लिए एक ऑटो चालक सुनील साहू का सहयोग लेती थी। सुनील साहू हटिया स्टेशन रोड में रहता है। सुनील साहू पर भारती सिन्हा पूरा भरोसा करती थीं।शिकायत के अनुसार एसबीआई की डोरंडा शाखा में भारती सिन्हा का खाता है।

# स्कूल-कॉलेजों के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री पर ध्यान दें थाना व एसपी : डीजीपी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड अजय सिंह की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें पुलिस मुख्यालय सभागार से महानिदेशक, अपराध अनुसंधान, विभाग, झारखण्ड, अपर पुलिस महानिदेशक, (मुख्यालय), झारखण्ड, पुलिस महानिरीक्षक, दछो प्रक्षेत्र, राँची, पुलिस महानिरीक्षक (प्रो), झारखण्ड, राँची, पुलिस महानिरीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, अधीक्षक, विशेष शाखा, एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक, सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक, (रेल सहित) झारखण्ड, सम्मिलित हुए।इस समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के द्वारा मादक पदार्थों की तरकरी पर रोक लगाने हेतु कारगर ढंग से कार्रवाई करने तथा तरकर गिरोह के गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन करते हुए उस पर कड़ी कार्रवाई करने सहित दर्ज काण्डों का नियमानुकूल अनुसंधान करते हुए साक्ष्य संकलित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने विचारण के दौरान साक्षियों को रा-रामय न्यायालय में उपस्थापन करने, रकूल एवं कॉलेजों के छात्र एवं युवाओं पर इसके दुष्प्रभाव के रोकथाम हेतु स्कूल / महाविद्यालय के आसपास की दुकानों पर नजर रखने एवं उन दुकानों के खुलने का निर्धारित समय सीमा का अनुपालन कराना सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया। पुलिस महानिदेशक ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने जिला के उपायुक्त कार्यालय से संबंध स्थापित कर वैसे दुकानों पर जो अपनी तय समय-सीमा का उल्लंघन करते हों पर कार्रवाई करने का निर्देश देते हुये तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक करवाई का भी निर्देश दिया।

महानिदेशक ने नारकोटिक्स के मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो एवं राज्य पुलिस के बीच आपसी समन्वय बढ़ाने एवं बेहतर परिणाम प्राप्त करने हेतु तैयार किए गए एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुये मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित दर्ज कांडों के गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, जप्ती सूची तैयार करने सहित उसका सैंपल तैयार करना तथा उनके विनिष्टिकरण हेतु मानक बिंदुओं का अनुपालन कराने हेतु जिला स्तर पर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया।इस बैठक में अजय कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के अतिरिक्त अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिदेशक, अप अनुवि, झारखण्ड, आरके मल्लिक, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, अखिलेश झा, पुलिस महानिरीक्षक, राँची, पंकज कम्बोज, पुलिस महानिरीक्षक, प्रोविजन, असीम बिक्रांत मिंज, पुलिस महानिरीक्षक, अप अनुवि, चन्दन कुमार झा, पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा एवं वीडियो कॉन्फ्रेसिंगके माध्यम से सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक, वरीय पुलिस अधीक्षक, जमशेदपुर, धनबाद एवं राँची तथा सभी पुलिस अधीक्षकों (रेल सहित) ने भाग लिया।

# सांसद संजय सेठ दिल्ली के लिए हुए रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से दूसरी बार निर्वाचित होने के बाद सांसद संजय सेठ दिल्ली के लिए रवाना हो गए। दिल्ली जाने के क्रम में रांची एयरपोर्ट पर भाजपा रांची महानगर के द्वारा स्वागत किया गया । इस अवसर पर रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू, महामंत्री बलराम सिंह, राजू सिंह ,संजय जयसवाल ,ललित ओझा, अनीता वर्मा , सुबेश पांडे ,ओम प्रकाश पांडे, हरेंद्र सिंह ,इंद्रजीत यादव, पप्पू जायसवाल ,पप्पू वर्मा, रवि कुमार, विकास, रवि ,सुजीत शर्मा ,छात्रधारी महतो, निलेश् सिंह , पिंकी सिंह आदि शामिल थे। सांसद संजय सेठ ने कहा कि जिस तरह से रांची वासियों ने दिन रात लगकर बूथ तक में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई , इसी का परिणाम है कि रांची लोकसभा का सीट भाजपा के खाते में आई है , जनता का कोई भी काम छूट न आगे भी काम किया जाएगा।

## खूंटी से नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा ने सीएम से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से बूटी रोड, मोरहाबादी, रांची स्थित आवास में खूंटी लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपनी ओर से उन्हें खूंटी लोकसभा क्षेत्र से मिली शानदार जीत पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के प्रति नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा ने आभार व्यक्त किया।

## पुलिस लाइन में सभी यातायात कर्मियों के लिए नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ट्रैफ़कि के पुलिस के निरंतर कठिन परिस्थितियों में शहर की यातायात व्यवस्था सँभालते हैं । लगातार धूप , धूल एवं धुएँ के बीच रहते हुए तथा काम के तनाव के कारण ये अपने स्वास्थ्य का ख़याल भी नहीं रख पाते हैं और सबसे ज़्यादा उपेक्षित होता है आँखों का स्वास्थ्य। इसका संज्ञान लेते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक राँची चंदन कुमार सिन्हा ने आर्किड अस्पताल के सहयोग से ट्रैफ़कि के सभी जवानों और चालकों का आई टेस्ट कैम्प पुलिस लाइन में लगवाया था जिसमें बड़ी संख्या में जवानों ने भाग लिया था । उसकी अगली कड़ी के रूप में आवासीय कार्यालय में ट्रैफ़कि पुलिस के लगभग 350 जवानों के बीच धूप के चश्मे का वितरण किया गया आवश्यकतानुसार जवानों को प्रेसक्रिप्शन सनग्लासेस भी दिये जाएँगे। इसके अतिरिक्त इस भीषण गर्मी में कुछ राहत पहुँचाने के उद्देश्य से जवानों के बीच थर्मोस्टील वाटर बॉटल एवं ग्लूकोज़ के पैकेट्स का वितरण किया गया ।इस अवसर पर बोलते हुए सिन्हा की धर्मपत्नी कंचन सिंह ने कहा कि राँची पुलिस एक परिवार की तरह है जिसका ध्यान रखना वरीय अधिकारियों की



ज़िम्मेवारी है। अतः किसी भी तरह की कोई भी समस्या होने पर पुलिसकर्मी निस्संकोच उनके सम्मुख अपनी बातें रख सकते हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक ने संबोधित करते हुए कहा कि ट्रैफ़कि के जवान ही पुलिस का वह चेहरा हैं जो हर समय सड़क पर दिखता है , अतः इन्हें विशेष रूप से चुस्त , सतर्क एवं कर्तव्यनिष्ठ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संयमित और शिष्ट भाषा का प्रयोग करते हुए सतर्कता और कड़ाई से यातायात व्यवस्था सँभालें । इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक राँची चंदन कुमार सिन्हा, उनकी धर्मपत्नी कंचन सिंह, ट्रैफ़कि एसपी कैलाश , सार्जेंट मेजर पुलिस एसोसिएशन के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## एक्सट्रीम स्पोर्ट्स बार संचालक समेत कई लोगों को मिली जमानत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एस्क्ट्रीम स्पोर्ट्स बार मामले में दस दिनों में ही जेल भेजे गये कुछ आरोपियों को रिहा कर दिया गया है।

न्यायिक दंडाधिकारी शंभू महतो की कोर्ट ने विशाल सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए बार के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित एस्क्ट्रीम स्पोर्ट्स बार संचालक विशाल सिंह सहित उदय सिंह, पंकज अग्रवाल और रवि कुमार को जमानत दी है। 28 मई को पुलिस ने बार में मारपीट के आरोप में बार के मालिक उदय शंकर सिंह, बार के लीज होल्डर विशाल सिंह समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया था।

घटना को लेकर चुटिया थाने में तीन अलग अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

पहली प्राथमिकी मृतक डीजे संदीप प्रमाणिक के दोस्त और बार के मैनेजर शंभू कुमार के बयान पर अभिषेक सिंह उर्फ विक्की, उसके पिता अशोक सिंह,समरुद्दीन उर्फ छोटू, प्रतीक व मृत्युंजय यादव उर्फ मिथुन के खिलाफ नामजद दर्ज करायी गयी।

वहीं दूसरी प्राथमिकी अभिषेक सिंह ने बार के मालिक, लीज होल्डर सह संचालक, मैनेजर, बाउंसर व अन्य के खिलाफ दर्ज करायी। जबकि तीसरी प्राथमिकी बार के मालिक उदय शंकर सिंह के बयान पर अभिषेक व उसके दोस्तों के खिलाफ मारपीट को लेकर दर्ज करायी गयी है।

# जमीन विवाद में चली गोली, एक युवक घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच पांच जून की देर रात जमकर मारपीट हुई। जिसके बाद फायरिंग किया गया। इस पूरे मामले में एक युवक घायल हो गया था। इस घटना के बाद गुरुवार को उसके परिजन कोतवाली थाना पहुंकर हंगामा करने लगे।घायल युवक के परिजन फायरिंग करने वाले लोगों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। जिसके बाद पुलिस ने हंगामा कर रहे परिजनों को



समझाबुझा कर शांत कराया। इसके साथ ही आश्वासन दिया कि इस पूरे मामले की छानबीन की जारी रही है। दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा। रांची के कोतवाली क्षेत्र में जमीन विवाद के मसले पर देर रात जमकर मारपीट और फायरिंग हुई थी। पूरा मामला बड़ा तालाब के समीप जमीन विवाद से जुड़ा हुआ है। वहीं, गोलीबारी की इस घटना में एक युवक को गोली लगी। जिसमें वह घायल हो गया। फायरिंग की इस घटना में घायल युवक की पहचान आकाश के तौर पर हुई है। मारपीट व गोलीबारी की घटना गगन और आकाश ,मुकुल खलखो गुट के बीच बताई जा रही है। जमीन कब्जा समेत अन्य शामिल है। वहीं, गगन ने एक बिल्डर के लिए बाउंड्री करवाया था। जिसको दूसरे पक्ष ने देर रात तोड़ दी।

## ग्लोबस एजुकेशन फाउंडेशन ने शिक्षा गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया

**प्रभात मंत संवाददाता**

**रांची :** राँची के होटल रेडिसन ब्लू में ग्लोबस एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा शिक्षा गौरव सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जैक बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार महतो मौजूद रहे । वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर गुरुनानक पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. कप्तान सुमित कौर, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रिंसिपल ललन कुमार, संत अरविंदो अकादमी के प्रिंसिपल स्वाति मिश्रा, संत जेवियर के प्रिंसिपल फादर अजय अनिल तिर्की, मोटिवेशनल स्पीकर रश्मि शाह, कैरलि स्कूल से डॉ. ए. प्रमीला, फिरायायलाल पब्लिक स्कूल के कोऑर्डिनेटर विजयराज वर्मा और



जिला स्कूल से चंद्रदीप शर्मा मौजूद रहे। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए ग्लोबस एजुकेशन फाउंडेशन के संचालक गौरव राजपूत को धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में जैक बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड और आईसीएसई तीनों संकाय के स्टूडेंट्स जिन्होंने 75 फ़ीसदी या अधिक मार्क्स प्राप्त किये थे, उन्हें यह सम्मान मिला। कार्यक्रम के संचालक और ग्लोबस एजुकेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव राजपूत , गोल संस्थान के हेड काली प्रसाद सिंह ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्लोबल एजुकेशन फाउंडेशन के संचालक गौरव राजपूत, गोल इंस्टीट्यूट के हेड काली प्रसाद सिंह , एमिटी यूनिवर्सिटी, गीता यूनिवर्सिटी, मानव रचना यूनिवर्सिटी, देश भगत युनिवर्सिटी , इक्फाई यूनिवर्सिटी, ईस्ट पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन, मैटिक्स अकादमी के निदेशक सूरज राम रंजन व अन्य लोग मौजूद रहे।

## झारखंड नवनिर्माण मोर्चा के बैनर तले हर क्षेत्र के युवा को बनायेंगे नेताः अज़हर कासमी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड नवनिर्माण मोर्चा की एक हम बैठक लोअर बाजार थाना क्षेत्र फूल बागान के केंद्रीय कार्यालय में हुई।

जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के संयोजक मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने किया और मोर्चा के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर ने अपने अध्यक्ष भाषण में कहा के झारखंड राज्य का 24 साल पूरा हो गया। लेकिन झारखंड का सपना अभी अधूरा है। झारखंडियों ने जो सपना देखा था उसको कुचलना के लिए सभी पॉलिटिकल पार्टियों ने कोई कसर नहीं छोड़ा। झारखंड आज भी भूख भ्रष्टाचार से मुक्त नहीं हो पाया। जल जंगल जमीन का अपने-अपने तौर पर सभी पॉलिटिकल पार्टियों ने सौदा किया। अब तो झारखंड का अस्मिता ही खतरे में है। एससी- एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक आज भी भुखमरी, बेरोजगारी का शिकार है। झारखंड नवनिर्माण मोर्चा का गठन का उद्देश्य ही राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, और समानता का अधिकार दिलाना है। समाज के हर तबके में लीडरशिप पैदा करना झारखंड नवनिर्माण मोर्चा का उद्देश्य है। मौके पर विद्याधर प्रसाद ने कहा के नवनिर्माण मोर्चा की आवश्यकता ही क्यों पड़ी? नेता समाज का प्रतिबिंब होता है। अगर जनता ईमानदार हो जाए तो नेता भी ईमानदार होगा।

हाजी फिरोज जिलानी, परवेज़ कुरैशी ,सरफराज कुरैशी , एडवोकेट सुल्तान, शकील अहमद, सोहेल सईद, नासिर खान, आलोक सिंह ठाकुर, शोएब अंसारी, शेख अरमान, मास्टर मोहम्मद सिराज, शहजाद खान, तौकीर आलम खान, आदिल रशीद, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## भाजपा के अभिनंदन समारोह में निशिकांत दुबे को छोड़कर सभी सांसदों व उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा द्वारा नव निर्वाचित सांसदों केलिए स्वागत एवम अभिनंदन समारोह का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम में गोड्डा सांसद निशिकांत को छोड़कर सभी सांसद व उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा,मनोज कुमार सिंह,विद्युत वरण महतो, बीडी राम,संजय सेठ,ढुल्लू महतो,मनीष जायसवाल,कालीचरण सिंह एवम उपविजेता समीर उरांव, सीता सोरेन,गीता कोड़ा, ताला मरांडी सहित विधायक सीपी सिंह,नीलकंठ सिंह मुंडा, बिरंची नारायण, रामचंद्र चंद्रवंशी, अनंत ओझा,नवीन जायसवाल, नीरा यादव,राज सिन्हा, रणधीर सिंह,किशुन दास, नारायण दास,क ोचे मुंडा, आलोक चौरसिया, समरी लाल,केदार हाजरा, पुष्पा देवी, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, प्रदेश मंत्री मुन्ना मिश्र,सरोज सिंह, दीपक



बंका,हेमंत दास, शिवपूजन, पाठक,योगेंद्र प्रताप सिंह, रमाकांत महतो,राफिया नाज, अविनेश कुमार सिंह, पवन साहू, शशांक राज,आरती सिंह,शिवशंकर उरांव, अनवर हयात,सहित लोस चुनाव प्रभारी, संयोजक, विस प्रभारी, संयोजक, जिलाध्यक्ष,जिला प्रभारी उपस्थित थे। मंचस्थ नेतागण का स्वागत प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर,प्रदेश मंत्री सीमा पासवान, जिलाध्यक्ष वरुण साहू,उदय सिंह देव,श्रवण राय,सुधांशु ओझा,सुमित शरण, गौरव कांत, मनीर उरांव, शिवप्रसाद साहू,लक्ष्मण बड़ाइक, विवेकानंद सिंह,चंद्रशेखर गुप्ता,संजीव झा,प्रवीण मेहता,सुरेंद्र महतो ने पुष्पगुच्छ एवम अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष एवम विधायक भानु प्रताप शाही एवम धन्यवाद ज्ञापन अमरदीप यादव ने किया।

**मरांडी ने कहाः** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प पूरा हुआ है। कहा कि यह उपलब्धि ऐतिहासिक है। जनता ने मोदी सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों पर अपनी मुहर लगाकर आत्म निर्भर भारत,विकसित भारत बनाने का जनादेश दिया है। मरांडी ने नवनिर्वाचित सांसदों एवम उप विजेता रहे प्रत्याशियों का स्वागत एवम अभिनंदन करते हुए कहा कि जनता ने 9सीट पर जीत दिलाकर एन डी ए को झारखंड में सबसे बड़ा गठबंधन बनाया है।जनता ने 50से अधिक सीटों पर भाजपा को जीत दिलाई है। वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी* ने कहा कि यह जनादेश भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, परिवारवाद के खिलाफ है।क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि अभी विश्राम का समय नहीं है। हमें संगठनात्मक संरचना को मजबूत और सक्रिय रखते हुए झारखंड में भी मजबूत सरकार के संकल्प को पूरा करना है।प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह* ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जबतक राज्य की भ्रष्ट निकम्मी सरकार को उखाड़ नही फेकेंगे।

## कभी-कभी सपनों में एल्बम का हुआ प्रीमियर, जुटे झॉलीवुड कलाकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रकृति ऑफिशियल प्रेजेंट द्वारा रोमांटिक नागपुरी एल्बम कभी-कभी सपनों में का प्रीमियर मेन रोड स्थित जेडी हाई स्ट्रीट सिनेमा हॉल में रखा गया था । इस अवसर पर झॉलीवुड फिल्म के नायक ,नायिका, निर्माता, निर्देशक ,संगीतकार ,गीतकार सहित झारखंड फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कई जाने-माने कलाकारों व पत्रकार उपस्थित रहे। इस मौके पर कई कलाकारों व फिल्म पत्रकार को अंग वस्त्र व मेमोंटो देकर सम्मानित किया गया।

**कभी-कभी सपनों में रीलिजः** कभी-कभी सपनों में, एल्बम का एक गाना रिलीज किया गया। इस एल्बम के स्टोरी एवं निर्देशन महेश नायक, प्रोड्यूसर रीता मिंज, प्रोडक्शन हेड मुकेश नायक, एल्बम के नायक विजय कुजूर,नायिका प्रिया वर्मा,गीत कैलाश मुंडा,संगीत पवन भोक्ता,गायक विजय कुजुर,गायिका अनिता बारा,एडी आकृति रानी,सिनेमाटोग्रफ नीरज उरांव, एडीटिंग व इफेक्ट चितरंजन गोस्वामी, पोस्ट प्रोडक्शन गोस्वामी फिल्मस, सहायक कलाकारों में आकाश दिनेश,बीडी,रोहन बेदिया, संतोष आदि थे। आर्ट करण टूटी, शक्ति बेदिया, मार्केटिंग नाथ प्रोडक्शन




एंड टीम, मेकअप रीता मिंज आदि थे।

**नक्सल स्टोरीः** नक्सल समस्या जो वन वे रोड है जा तो सकते हैं लेकिन जिंदा वापिस लौटना संभव नहीं है। इस एल्बम के एक गाना में ही नायक विजय जो मुख्य धारा से भटका हुआ नौजवान है जिसे प्रिया से प्रेम होने के बाद उनकी जिद से अपनी नई दुनिया बसाने के लिए लौटना चाहता है, लेकिन क्या वह नई दुनिया और खुशहाल जिंदगी बसा पायेगा, इस एक गाने को देखने के लिए युट्यब पर सब्सक्राइब जरुर करें।

**सम्मानित किया गयाः** जिन्हें सम्मानित किया गया कैसेट रिकार्डिंग शुरू करने वाले आसाराम महतो, मांदर सम्राट मानपुर नायक, गायक हरेंद्र प्रजापति,गायिका ज्योति मिंज,संगीतकार श्रीकांत, मृणाल पाठक, प्रोड्यूसर राजेश कश्यप, नायक रमन गुप्ता, शत्रु नायक, राज मौर्य,फिल्म पत्रकारिता के लिए परवेज कुरैशी, जेडी सिनेमा के ध्रुव कुशवाहा आदि को सम्मानित किया गया। वहीं मंच संचालन राज मौर्य ने किया ।

## एनटीपीसी ने सीआईपीईटी, रांची में बड़े पैमाने पर पौधारोपण के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय/एनएमएल, रांची में केंद्रीय पेट्रोरसायन इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईपीईटी), रांची के नए परिसर में बड़े पैमाने पर फल देने वाले पौधों के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया ।

स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब के सहयोग से 5 जून, 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस पर सामूहिक वृक्षारोपण का आयोजन किया गया।पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब की अध्यक्ष रेखा जैन ने फलदार पौधे लगाने की शुरुआत की, जिसके बाद शिखा रस्तोगी, उपाध्यक्ष, सुनीता पांडे, वरिष्ठ सदस्य, महासचिव, मनसा वर्मा, संयुक्त सचिव, दीपा कुमारी, कोषाध्यक्ष, स्निग्धा रानी मांझी और सपना पारीक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं ,पकरी बरवाडीह, चट्टीबरियातु, केरनदारी, बादाम, बनारडीह, दुलंगा और तलाईपल्ली कोयला खनन परियोजनाओं की से बड़ी संख्या में छात्रों सह परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) द्वारा बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया गया।ये छात्र वर्तमान में सिपेट में प्लास्टिक प्रसंस्करण पाठ्यक्रमों पर कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जो की एनटीपीसी द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत प्रायोजित है।

## डालसा ने की खूंटी के चौक चौराहों में आम नागरिकों के लिए पेयजल की व्यवस्था



**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष रषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में , जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी के सचिव एवं अन्य सदस्य, चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव के साथ मिलकर इस चिलचिलाती धूप से राहत करने के लिए चौक चौराहा, बाजार, हाट में ऑ0आर0एस0 जल, जरूरत की दवाइयां उपलब्ध कराई गई, जहां राहगीर, ट्रैफिक पुलिस, रिक्शा एवं टेंपो चालक एवं अन्य जरूरतमंदो को पानी पिलाई गई। इस उपलक्ष में डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर एवं चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्टरीज के सचिव मुकेश जायसवाल लोगों के बीच पीने का पानी बांटकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## ओबीसी कांग्रेस से जिला अध्यक्ष सोनू इमरान का ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत



**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कर्रा प्रखंड के लरता टंगरा टोली गांव के लोगों ने ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सोनू इमरान का गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। और नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा को जीत की ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी। खूंटी जिला ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सोनू इमरान ने बताया कि मैंने गांव वालों से वादा किया था कि मैं हमेशा गांव से जुड़ा रहूंगा। उसी का नतीजा है कि जीतने के बाद गांव का दौरा किया और ग्रामीणों के दुख दर्द को समझा साथ ही गांव वालों को आश्वासन दिया कि हर संभव प्रयास कर गांव का विकास करेंगे।

## सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को वट सावित्री का व्रत किया



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखंड सौभाग्य की कामना के साथ क्षेत्र की सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को वट सावित्री का व्रत किया। मौके पर वट सावित्री कथा का श्रवण कर वट वृक्ष की पूजा अर्चना की गयी। पूजा के लिए महिलाएं उपवास रहकर व सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष के समीप पहुंची । पूजा के दौरान वट वृक्ष का सात फेरा लगाकर कच्चा सूत बांधा गया । पति को पंखा झलने के बाद महिलाएं अपना व्रत समाप्त किया। इटकी के एकता नगर, आदर्श नगर व कोईरी टोला सहित अन्य स्थानों पर सामूहिक रूप से वट वृक्ष की पूजा अर्चना की गयी। इस मौके पर छेत्र की कई सुहागिनों ने पुराने बरगद के पेड़ो की संग्रक्षण करने की सरकार से माँग की।

## सुहागिनों ने अपने पति की लंबी आयु के लिए वट सावित्री की पूजा की



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी क्षेत्र की सैकड़ों सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को वट सावित्री की पूजा कर अपने पति की दीर्घायु की कामना की। इस दौरान मुरी सिल्ली के मंदिर सहित क्षेत्र के वट वृक्ष पर पुजा अर्चना को लेकर सुहागिन महिलाओं की काफी भीड़ लगी रही। सुहागिनों ने वट सावित्री की पूजा कर मौली धागा(कच्चा धागा) वृक्ष के चारों ओर रक्षा धागा बांधते हुए 108 बार परिक्रमा की। सुहागिन महिलाएं अपने वैवाहिक सुख की रक्षा के लिए विभिन्न स्थानों पर वट वृक्ष के निचे पूजा अर्चना की।ऐसा मानना है की जितना लंबा धागा होगा पति की आयु उतनी लंबी होगी। सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा के दौरान पुरोहित द्वारा वट सावित्री की कथा सुनी।पूजा को लेकर बाजारों में काफी चहल-पहल देखा गया।

## भाजपा संगठन महामंत्री ने दिवंगत विनोद साहू के परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गुरुवार के दिन शाम भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह भाजपा नेता शशिभूषण भगत बांसारूली गांव पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात कर पूरे परिवार को ढांढस बंधाया एवं सांत्वना दी। परिवार से मिलकर पूरे घटना की विस्तृत जानकारी लिया और कहा कि दिवंगत नेता के आकस्मिक निधन से हमारा हृदय काफी दुःखी और मर्माहत है।इस दुःख की घड़ी में पूरा भाजपा परिवार साथ में खड़ा है और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। परिजनों से कहा कि विनोद साहू भाजपा के सच्चे सिपाही के साथ साथ कर्मठ और जुझारू नेता भी थे। जिसकी कमी हम लोगों को हमेशा खलती रहेगी।वह पार्टी के लिए और भी कई सराहनीय कार्य किये जो अविस्मरणीय है साथ ही साथ संगठन को मजबूत करने में काफी योगदान रहा। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता शशिभूषण भगत, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, मनोज चौधरी, शिवलाल महतो, राजेन्द्र साय,भोला मांझी,अमित महतो, अम्बुज रजक,चंदन गोस्वामी, पंकज कुम्हार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



### खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा पहुंचे बिरसा के गांव उलिहातू

# धरती आबा को किया नमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** खूंटी लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा गुरुवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू पहुंचे। जहां पूरे गांव के लोग पहले से ही फुल-माला व ढ़ोल-नगाड़ा लेकर अपने सांसद के स्वागत में खड़े थे। स्थानीय लोगों ने सांसद को फुल मालाओं से लाद दिया और पारंपरिक तरिके से नाच-गाकर अपने सांसद का स्वागत किया। बिरसा मुंडा के वंशज सुखराम मुंडा ने कालीचरण मुंडा को बुके देकर स्वागत करने के साथ देशहित में काम करने के लिए आर्शिवाद दिया। सांसद कालीचरण मुंडा बिरसा ओड़ा में गए जहां कोरोन पाहन ने विधिवित पूजा-पाठ कराई, जिसके बाद ग्रामीणों की उपस्थिति में धरती आबा की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। जहां से निकलकर वे बिरसा कम्पलेक्स पहुंचे और वहां स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। इस मौके पर सुखराम मुंडा, पांडेया मुंडा, बिनसाय मुंडा, सुरजू हस्सा समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। उलिहातू पहुंचे कालीचरण मुंडा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि महज 25 वर्ष के उम्र में भगवान बिरसा मुंडा ने देश के लिए अपना बलिदान दिया। उनके साथ उनके कई अनुयायी देश के लिए कुर्बान हुए। बिरसा मुंडा समेत अन्य शहीदों के बदौलत आज हम आजाद भारत में पूरी स्वतंत्रता के साथ जी रहे हैं। सांसद ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी। उनकी अधुरी लड़ाई को आगे पहुंचाकर एक बेहतर खूंटी और बेहतर भारत के निर्माण के लिए काम करूंगा। उन्होंने कहा कि यहां के लोग बहुत ही भोले-भाले हैं। यहां के लोगों के विकास और बेहतर समाज के निर्माण के लिए लिए हर जरूरी काम करूंगा। उन्होंने कहा कि जनता ने जिन उम्मीदों के साथ अपना सांसद चुना है, उन उम्मीदों को मैं पूरा करूंगा।

# कम रेट मे टेंडर लाने का हाईवा मालिक मुंशी और पेटी कान्ट्रेक्टर ने किया विरोध

### सीएचपी से बचरा साईडिंग तक कोयला ढुलाई का काम हुआ बन्द



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी कोल वाशरी से बचरा साईडिंग तक कोयला ढुलाई कार्य मे कम रेट मे टेंडर लाने पर जय मां अम्बे ट्रांसपोर्टिंग कार्य का पुरजोर विरोध शुरू हो गया है।बचरा साईडिंग से जुड़े हाईवा मालिक,मुंशी और पेटी कान्ट्रेक्टर सड़क पर उतर कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और सीएचपी से बचरा साईडिंग तक कोयला ढुलाई कार्य को बन्द करा दिया है।इस संबंध मे हाईवा मालिको ने बताया कि ट्रांसपोर्टिंग कम्पनी जय मां अम्बे के द्वारा कम रेट मे टेंडर लाने से हाईवा मालिको के अलावे पेटी कान्ट्रेक्टर व मुंशी को काफी नुकसान होगा।पूर्व मे एकेटी कम्पनी के समय से भाड़ावृद्धि की मांग की जा रही थी और एकेटी कम्पनी का टेंडर समाप्त होने के बाद जय मां अम्बे कम्पनी ने 16 प्रतिशत बिलो टेंडर डालकर काम लिया है।हाईवा ऑनरो ने कहा कि कम्पनी कम रेट की भरपाई करने के लिए 16 चक्का हाईवा डम्पर से कोयला ढुलाई का प्रयास कर रही है,यदि ऐसा किया गया तो किसी भी कीमत मे कोयला ढुलाई का कार्य नही होने दिया जाएगा।इस मौके पर राजेश कुमार सिंह,छोटु खान,उमेश यादव,सुशिल सिन्हा,सुभाष साव,मनराज महतो,राजेन्द्र साव,दशरथ मिस्त्री,राजेश साव,अनिल पाण्डेय,नवल किशोर, मुमताज अंसारी,अरूण सोनी सहित काफी संख्या मे हाईवा ऑनर,पेटी कान्ट्रेक्टर व मुंशी मौजुद थे।

इधर कोयला ढुलाई का कार्य बन्द होने से सीसीएल प्रबधंन को काफी नुकसान हो रहा है।स्थानीय प्रबधंन आंदोलित लोगो को समझाने का प्रयास कर रही है।समाचार लिखे जाने तक कोयला ढुलाई का कार्य बन्द है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पिपरवार मे निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा ऑफिसर्स क्लब में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के सौजन्य से पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में पिपरवार क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया।पर्यावरण सुरक्षित रखने और प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में बच्चों ने एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनाया।क्षेत्रीय पर्यावरण पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा इस तरह का प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के बच्चे बढ़-चढ़कर कर भाग लेते हैं।

## दो भिन्न समुदाय के प्रेमी युगल परिणय सूत्र में बंधे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** समाजिक पहल पर दो भिन्न समुदाय के प्रेमी युगल परिजनों की सहमति से परिणय सूत्र में बंध गये। प्रखंड के कुंदी गांव स्थित सरना स्थल में गुरुवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर प्रेमी युगल राधा केरकेट्टा व राखी केरकेट्टा का विवाह आदिवासी रीति रिवाज के तहत संपन्न कराया गया। बेड़ो करम टोली की युवती राधा केरकेट्टा लोहरा समुदाय से ताल्लुक रखती है। वहीं कुंदी गांव के युवक राखी केरकेट्टा सरना समुदाय का है। इनका विवाह सोमरा पहान की अगुवाई में आदिवासी रीति-रिवाज के साथ संपन्न कराया गया। इसके बाद ईष्टदेव की पूजा अर्चना व प्रार्थना कर युवती को सरना समाज में विधिवत शामिल कराया गया। कुंदी सरना समाज के अध्यक्ष अजय मिंज ने बताया आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण समाज द्वारा आर्थिक सहयोग के तहत दोनों का विधिवत विवाह करा दिया गया। मौके पर सरना समाज के एतो भगत, रतनु तिग्गा, एतवा केरकेट्टा, राजेश केरकेट्टा, अमित तिग्गा, चरवा केरकेट्टा, सुरेश केरेट्टा, सुकरो, मंगरी, सोमरी, मंगरु व जतरु कच्छप सहित दर्जनों महिला व पुरुष मौजूद थे।

## अखंड सौभाग्य के लिए पिपरवार मे सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे गुरूवार को सुहागिनो का महापर्व वट सावित्री पूजा उत्साह के साथ मनाया गया।हिंदू धर्म में वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व है।इस दिन सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए व्रत रखती हैं।इसके साथ ही बरगद के पेड़ की पूजा का भी विधान है।

सुहागिन महिलाऐ अपने पति की लंबी आयु के लिए वट सावित्री व्रत रखती हैं।वट सावित्री व्रत हर साल ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है।इस दिन सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए व्रत रखती हैं।जानकारी के अनुसार सुहागिन महिलाऐ निर्जला उपवास रखकर और सोलह श्रृंगार कर पास के मन्दिरो मे गई और पूजा अर्चना की।वही कोयलांचल क्षेत्र के सभी बरगद के पेड़ मे परम्परा के मुताबिक पूजा कर सूत्र बांधा और अपने पति के लंबी उम्र की कामना की।पूजा करने के बाद सुहागिन महिलाओ ने वट सावित्री की कथा सुनी।पुजारी के द्वारा वट सावित्री के महत्व के बारे मे विस्तार से बताया गया।बचरा शिव मन्दिर के पुजारी शिवनन्दन पाण्डेय ने बताया कि वट सावित्री पूजा सदियो से चलती आ रही है।सुहागिन महिलाऐ अपनी पति के लंबी आयु,सुख,शांति और सौहार्द के लिए निर्जला उपवास रखकर यह वट सावित्री पुजा करती है।पिपरवार क्षेत्र के बचरा, राय, बेंती, बहेरा, किचटो, पुरानीराय, बमने, कारो, बिलारी, चिरैयांटांड़, बुण्डू, हफुआ,कल्याणपूर सहित अन्य इलाको के अलावे आवासीय कालोनी मे बंसत विहार,अशोक विहार, वनबीआर कालोनी, 64 कालोनी,येलो कालोनी, माईर्न्स कालोनी,122 कालोनी,172 कालोनी सहित अन्य कालोनी मे वट सावित्री पूजा हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया।

## सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर रक्षा सुत्र बांधी



**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय सहित आस पास के गांवो में सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को वट सावित्री व्रत का अनुष्ठान कर अपने पति की दीर्घायु की कामना की। जहां महिलाओं ने अहले सुबह से ही उपवास रह कर स्नान कर सोलह सृंगार करके प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मंदिर स्थित विशाल वट वृक्ष में जल अर्पित कर,रक्षा सूत बांधकर नवेद अर्पित करके वट सावित्री की विधिवत पूजा अर्चना की। वहीं वट वृक्ष में रक्षासूत लपेटते व परिक्रमा कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। पूजा करने पहुंची सुहागिन महिलाओं ने बताया कि आज के दिन वट वृक्ष की पूजा-अर्चना करने से पति की उम्र लंबी होती है,पति का सभी विपदाओं से रक्षा होती है। वृक्ष का पूजा के उपरांत सुहागिनो ने अपने- अपने घर पहुंचकर पति का चरण स्पर्श कर प्रणाम किया,उन्हें वट वृक्ष के पत्ता से हवा करने के बाद फलों तथा शरबत से व्रत का पारण किया।

## तीन दिवसीय नाईट ब्लड संग्रह कैम्प का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत के बचरा चार नम्बर चौक स्थित शिव मन्दिर के पास तीन दिवसीय नाईट ब्लड संग्रह कैम्प का आयोजन किया गया।कैम्प का उदघाटन बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने फीता काटकर किया।जिसके बाद क्षेत्र के लोगों को फाइलेरिया उन्मूलन के लिए निःशुल्क जांच की गई।इस कैम्प में स्वास्थ्य विभाग टंडवा और चतरा की टीम शामिल होकर लोगों के ब्लड की जांच की।इस संबंध में मुखिया रीना देवी ने बताया कि बचरा चार नम्बर शिव मंदिर के पास रात्री आठ बजे से तीन दिवसीय नाईट ब्लड संग्रह कैम्प का आयोजन किया गया है।उन्होंने कहा कि फाइलेरिया बिमारी को समाप्त करने के लिए फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नाईट ब्ल्ड का सर्वे किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि फाइलेरिया बिमारी मच्छर के काटने से होता है। कीटाणु रक्त में होता है और गंभीर होता है लाईट में बाहर नहीं आता है।इसलिए यह जांच रात में किया जाता है।

## तमाड़ के नावाडीह दुलमी में वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के नवाडीह दुलमी में ठनका गिरने से एक दिहाड़ी मजदूर की मौत हो गई । पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार को रिम्स भेज देगा ।वहीं मृतक की पहचान कुडबाहातू के धनंजय योगी के रूप में की गई । लोगों में बताया की मृतक मिस्त्री का कार्य करता है । और प्रतिदिन की तरह मिस्त्री का कार्य करने दुलमी आया हुआ था । दोपहर को अन्य मजदूरों के साथ भोजन कर रहा था।इसी बीच तेज आंधी चलने लगी और मृतक सामने के आम पेड़ के पास आम चुनने पहुंच गया तभी जोरदार बिजली कड़की और एक ठनका धनंजय के ऊपर गिर गई। जिससे उसकी मौत हो मौके पर ही हो गई । इधर मृतक के परिजनों को इस दुखद घटना की सूचना प्राप्त होते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और शव को देखकर उनका रो रो कर बुरा हाल था। लोगों ने बताया की मृतक घर का इकलौता कमाने वाला शख्स था । इसके मृत्यु के पश्चात घरवालों के सामने परिवार चलाने को लेकर विकट परिस्थिति उत्पन्न हो गई है।

## स्टेशन में सुंदरीकरण के नाम पर काटे जा रहे हैं पेड़

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली रेलवे स्टेशन को भव्य एवं सुंदर बनाने के लिए सुंदरीकरण का काम चल रहा है परंतु एक तरफ जहां पूरे देश में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। वहीं बुधवार को स्टेशन परिसर के आसपास 10 से 15 पेड़ काट दिए गए। स्टेशन में सुंदरीकरण करा रहे संवेदक के द्वारा ना ही बिजली विभाग को इसकी सूचना दी। ना हीं स्टेशन मास्टर को अनंत फानन में पेड़ काटे जाने के कारण बिजली के तार टूट कर गिर गए जिससे रेलवे स्टेशन कॉलोनी परिसर में बिजली आपूर्ति बंद हो गई। बिजली आपूर्ति बंद होने के कारण कॉलोनी में रहने वाले रेलवे कर्मचारी सिल्ली स्टेशन मैनेजर के पास पहुंचे एवं इसकी शिकायत की है। स्टेशन मैनेजर लूडू उरांव से पूछे जाने पर की किनके आदेश से यह पेड़ काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुझे कुछ जानकारी नहीं है एवं बिजली आपूर्ति बंद एवं पेड़ कटाई की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। इधर इस संबंध में वन विभाग के रेंजर राजेश कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बहुत पहले सिल्ली स्टेशन में पेड़ कटाई को लेकर एनओसी ली गई थी। परंतु किस एनओसी पर यह पेड़ कटाई की जा रही है इसकी जांच की जाएगी।


Government of Jharkhand
Industry Department
Directorate of Handlooms, Sericulture and Handcrafts
Udyog Bhawan, 3rd floor, Ratu Road, Ranchi, Jharkhand – 834001

**Notice Inviting Tender**

**E-Procurement TENDER NOTICE for Outsourcings manpower services**

The Directorate of Handlooms, Sericulture and Handcrafts invites E-Procurement Tender (Online Tender through website https://jharkhandtenders.gov.in in Two bid system from the qualified firms as per the below mentioned schedule:-

| Sl.No. | Activity Description | Tentative date |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | No. ............................................ |
| 2 | Name of the Work | Selection of Agency for **Supply of Manpower on outsourcing basis to Directorate of Handloom, Sericulture and Handicraft, Industry Department, Government of Jharkhand** |
| 3 | Name & address of the issuer of this e-tender | Director<br>Directorate of Handloom, Sericulture and Handloom<br>Udyog Bhawan, 3rd floor, Ratu Road<br>Ranchi, Jharkhand – 834001 |
| 4 | Date of Issue of e-tender | Start Date- 06.06.2024<br>Closing Date: 28.06.2024 till 6:00 PM IST<br>The tender document can be downloaded from **https://jharkhandtenders.gov.in** |
| 5 | Time and last date of submitting e-Tender/Bid | 28.06.2024 till 3:00 P.M<br>• Online Technical Proposal Submission: scanned copy of Technical Proposal, shall be submitted in the PDF files through https://jharkhandtenders.gov.in portal by 18:00 hours on 28.06.2024<br>• Online Financial Proposal Submission: scanned copy of Financial Proposal, shall be submitted in the PDF files through https://jharkhandtenders.gov.in Portal by 18:00 hours on 28.06.2024 |
| | Technical Proposal Opening | 01.07.2024 |
| 6 | Services to be offered | Outsourcing of manpower services – 120 Nos.<br>Project Manager (sericulture) –40<br>Project Assistant (sericulture)- 80 |
| 7 | Amount of EMD to be deposited | Rs. 5,00,000/- (Rupees Five lakhs only) in form of Bank Guarantee / Demand Draft Payable to **Deputy Director, Directorate of Handloom Sericulture and Handicraft, Ranchi must be submitted at DHSH Office before opening of Technical Bid.** |
| 8 | Validity of bid | 90 days |
| 9 | Duration of Contract | 01 year from the date of award of contract. However, the same may be further extended for next three year or part thereof on same terms and conditions on mutually agreed basis |
| 10 | Technical Presentation | Technical Presentation if required would be scheduled for all eligible bidders through Power Point Presentation. Date shall be intimated through email. The schedule would be notified two days in advance. |
| 11 | Helpline and e-mail id for submission Bid Query | 0651-2281111<br>Email id- jdsericulture@gmail.com |

Note:

- Directorate of Handloom, sericulture and Handicraft, Industry Department, Government of Jharkhand reserve the right to change any schedule of bidding process.
- Directorate of Handloom, sericulture and Handicraft Industry Department, Government of Jharkhand **reserve the right to cancel the e-tendering process at any stage and to reject any or all the bid(s) received without assigning any reason thereof.**

Deputy Director
Directorate of Handloom, sericulture and Handicrafts
PR.NO. 325322 Industries(24-25)#D


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## न्युवोको विस्टास का इकोड्यूर थर्मल इंसुलेटेड कंक्रीट लॉन्च

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड (भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह) ने इस विश्व पर्यावरण दिवस पर अपना एक नए और बेहतरीन उत्पाद, इकोड्यूर थर्मल इंसुलेटेड कंक्रीट को लॉन्च किया। यह बेहतरीन और मजबूत निर्माण सामग्री ऊर्जा कुशलता को बढ़ाकर और इमारतों को ठंडा रखने में आने वाली एनर्जी की लागत को कम करके ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते इनडोर तापमान की चुनौतियों का पर्यावरण के अनुकूल समाधान प्रदान करता है। यह 5 जून, 2024 से शुरू होने वाले न्युवोको के आरएमएक्स प्लांट्स के माध्यम से पूरे भारत में आसानी से उपलब्ध होगा। इस संबंध में प्रशांत झा, चीफ, रेडी-मिक्स (आरएमएक्स) कंक्रीट, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि न्युवोको में, सस्टेनेबिलिटी पहली प्राथमिकता है और एक बार फिर इस विश्व पर्यावरण दिवस पर हमारे इनोवेटिव उत्पाद इकोड्यूर थर्मल इंसुलेटेड कंक्रीट के लॉन्च द्वारा इसका प्रदर्शन किया गया है। यह इनोवेशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## वट सावित्री पूजन कर सुहागिनों ने की पति के दीर्घायु होने की कामना

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांड्रा, गम्हरिया समेत आसपास के क्षेत्रों में वट सावित्री पूजा सुहागिन महिलाओं द्वारा पारंपरिक विधि विधान के साथ धूमधाम से की गई। इस मौके पर सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखते हुए पति की लंबी आयु और सुहाग की सलामती के लिए वट सावित्री पूजन किया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष में धागा (रक्षा सूत्र) बांध कर उसकी परिक्रमा किया। उसके बाद वट वृक्ष पर जल, दूध, फूल और फल आदि अर्पित कर पूजा की। पूजा अर्चना के बाद सुहागिनों ने पंडितों द्वारा सामूहिक रूप से वट सावित्री कथा श्रवण भी किया। इस दौरान गम्हरिया स्थित घोड़ा बाबा मंदिर, प्रखंड परिसर, छोटा गम्हरिया शिव बांध, कांड्रा थाना परिसर समेत कई स्थानों पर स्थित वट वृक्ष के समीप प्रातःकाल से ही महिलाओं की भीड़ जुटी रही। इस दौरान सुहागिनों ने दान पुण्य देकर अखंड सौभाग्य की कामना की तथा एक दूसरे को सिंदूर लगाकर और बड़ो के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।



## अनियमित विद्युत आपूर्ति से लोगों में रोष, सुधार नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के छोटा गम्हरिया समेत आसपास के क्षेत्रों में विगत कई माह से अनियमित विद्युत आपूर्ति से लोगों में रोष व्याप्त है। इस भीषण गर्मी में भी नियमित विद्युत आपूर्ति नहीं होने से क्षेत्र में त्राहिमाम मचा है। जर्जर विद्युत तार व कई इलाकों में लोड के अनुसार ट्रांसफार्मर नहीं रहने के कारण खराबी आने से अक्सर विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। इस बाबत स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों द्वारा विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराए जाने के बावजूद सुधार नहीं होने से लोगों में विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। इस मामले को गम्भीरता से लेते हुए झामुमो जिला उपाध्यक्ष अमृत महतो ने जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के अधिकारियों से अविलम्ब जर्जर तारों को बदलकर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार लाने की मांग किया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अविलम्ब क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति में सुधार नहीं किया जाता है तो जनता के साथ सड़क पर उतरकर विद्युत विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने डेंगू के खिलाफ लड़ाई में शहरवासियों को किया आमंत्रित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए डेंगू के खिलाफ प्रक्रिया में आगे बढ़ रहा है। कंपनी जमशेदपुर के सभी निवासियों को अपने डेंगू रोकथाम अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित कर रही है ।इस प्रतियोगिता में भाग लेकर, समुदाय के सदस्य न केवल अपने क्षेत्र को सुरक्षित बनाने में योगदान दे सकते हैं, बल्कि उत्कृष्ट पुरस्कार जीतने का मौका भी पा सकते हैं । भाग लेने के लिए, निवासियों को क्यूआर कोड को स्कैन करना होगा, क्विज़ के सवालों के सही जवाब देने होंगे जिसके उपरांत उन्हें उपहार मिलेंगे। सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को उपहार वाउचर और नवीनतम गैजेट जैसे आकर्षक पुरस्कार जीतने के लिए एक भाग्यशाली ड्रॉ में शामिल किया जाएगा। शहरीवासी corpcomm.tatasteeluisl@tatasteel.com पर अधिक जानकारी ले सकते है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बैंक ऑफ बड़ौदा का वृक्षारोपण कार्यक्रम चला

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर द्वारा आज जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय एवं राजकीय ठक्कर बापा मध्य विद्यालय के प्रांगण में वृक्षारोपण के माध्यम से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में बैंक का मूल उद्देश्य देश के युवा पीढ़ी के मध्य पृथ्वी और पर्यावरण की रक्षा के लिए सगज रहना एवं जागरूकता उत्पन्न करना है। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा लॉंच किया गया उत्पाद 'बॉब अर्थ ग्रीन डिपॉज़िट्स' में निवेश करते हुए पृथ्वी के संरक्षण में देश वासियों को विशेष रूप से योगदान करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर के क्षेत्रीय प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा, उप क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार साहा तथा क्षेत्रीय कार्यालय के स्टाफ सदस्य एवं शाखा के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें ।



# बर्थडे पार्टी मनाकर दोस्तों के साथ लौट रहे युवक की सड़क दुघर्टना में हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** आसनबनी - पटमदा मुख्य सड़क पर पातीपानी गांव के पास बुधवार की शाम करीब 7 बजे हुई एक सड़क दुघर्टना में पटमदा ब्लॉक कॉलोनी निवासी एक युवक की मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पटमदा के लावा ब्लॉक कॉलोनी एवं आसपास के 9 युवक दोपहर को 3 बाइक पर सवार होकर चांडिल के किसी होटल में बर्थडे पार्टी मनाने गए थे। तीनों बाइक आगे -पीछे तेज रफ्तार से जा रही थी जिसमें एक बाइक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर गिरने से पीछे बैठा रतिकांत दास (20 वर्ष) थोड़ी दूर फेंका गया और सामने से आ रहा एक ट्रक (ईट लदा) की चपेट में आने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना में उसके साथी राहुल एवं कृष्णा को भी सिर एवं पैर में चोटें आई हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल रतिकांत दास को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रतिकांत दो भाइयों में छोटा था, वह टेंपो चालक था जबकि बड़ा भाई सचिन दास बिजली मिस्त्री है। घटनास्थल बोड़ाम थाना क्षेत्र में आता है। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। जबकि घायल युवकों को अस्पताल से इलाज के बाद छोड़ दिया गया है।

## श्री झारखंड सीमेंट परिसर में विश्व पर्यावरण पर पौधारोपण कर पौधे की संरक्षण करने का दिया संदेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां क्षेत्र में स्थापित एकमात्र बहू प्रतिष्ठित सीमेंट कंपनी श्री झारखंड सीमेंट प्रबंधन द्वारा पर्यावरण पखवाड़ा का समापन वरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ. वरिष्ठ अधिकारी (पर्यावरण) अमित दीक्षित की अगुवाई में इस मौके पर कर्मचारियों एवं अधिकारियों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया. इसके अलावा रंगोली, प्रश्नोत्तरी, बच्चों के लिए स्लोगन, पोस्टर, एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन कर पुरस्कार वितरण किया गया. मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कंपनी के संजय शर्मा ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण ही वास्तव में मानव कल्याण है. ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में हम प्रकृति के कितने निकट जाएंगे स्वयं को समाज को तुरंत पूरी दुनिया को उतना ही सुरक्षित कर पाएंगे. कंपनी के टेक्निकल हेड संदीप सिंह बिसेन ने एक पेड़ की तुलना सैकड़ों जीवन से करते हुए कहा कि वृक्षारोपण मानव हित में अत्यंत आवश्यक है. कंपनी के एचआर हेड सौरभ कुमार ने कहा कि कंपनी प्रबंधन आसपास के इलाकों में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ प्लास्टिक मुक्त भारत के अभियान में देश के साथ खड़ा है. कार्यक्रम में सैकड़ों महिला व पुरुष कर्मचारियों के साथ साथ आसपास के ग्रामीणों ने भी भाग लिया।

## बांगुड़दा में कार की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर, अस्पताल में भर्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** कमलपुर थाना क्षेत्र के बांगुड़दा गांव में बोराहभूम-बांदोवान मुख्य सड़क पर गुरुवार की सुबह करीब साढ़े 5 बजे हुई एक दुघर्टना में बंगाल निवासी एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक घायल सनातन महतो (30 वर्ष) बोड़ाम प्रखंड के बड़ासुसनी गांव से सटे बराबजार (पश्चिम बंगाल) थाना क्षेत्र के लोवाडीह गांव निवासी है जो पेट्रोल पंप में मजदूरी करता है। वह अपनी बाइक पर अकेले ही भुईयांसिनान के लिए निकला था कि बांगुड़दा में पेट्रोल पंप के पास काटिन की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गया। इस घटना में बाइक व कार दोनों ही क्षतिग्रस्त हुई है जबकि बाइक सवार के सिर पर गंभीर चोट होने की वजह से उसे कार मालिक ने ही एक पिक अप वैन ने जमशेदपुर के किसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसका इलाज चल रहा है।

## सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री व्रत कर पति की दीर्घायु का किया कामना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां-कुचाई के आस पास के क्षेत्रों में सुहागन महिलाओं ने विधिव्रत रखकर सावित्री-सत्यवान व इष्टदेवों की पूजा अर्चना कर अपने पति के दीर्घायु होने की कामना की। वट सावित्री के दिन सुहागन महिलाओं ने पूरे 16 श्रृंगार कर बदगद के पेड़ के नीचे जुटे और बांस का पंखा, चना, लाल या पीला धागा, धूपबती, फूल, कोई भी पांच फल, जल से भरा पात्र, सिंदूर, लाल कपड़ा आदि पूजा सामानों के साथ पूजा अर्चना की और सत्यवान एवं सावित्री की कथा सुनी। इस दौरान वट वृक्षों के नीचे दिनभर श्रद्वालु महिलाओं की और से पूजा अर्चना का दौर जारी रहा। पूजा अर्चना में शामिल महिलाएं रंग बिरंगी नये परिधानों से सुसज्जित थी। जबकि कई नव दंपतियों की पहली वट सावित्री रहने के कारण विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।

## जंगली सुअर का शिकार कर मांस के साथ एक गिरफ्तार, वन विभाग ने मामला दर्ज कर भेजा जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चांडिल :** जंगली सुअर का शिकार कर मांस खाने वाले एक आरोपी गिरफ्तार को गिरफ्तार किया है। वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना पर नीमडीह थाना क्षेत्र के बांधडीह गाँव से गाँठू सिंह नमक व्यक्ति को सुअर के मांस के साथ गिरफ्तार किया। उसके पास से जंगली सुअर का मांस बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाप मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जाता है की शिकार में और भी लोग संलिप्त है और अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है । बता दें कि जंगल में वन्य जीव का शिकार करना प्रतिबंध है। इसके बाद भी लोग इनका शिकार से बाज नहीं आते हैं। वन विभाग ने सभी आरोपियों को के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि दलमा में वन्य जीव अभ्यारण को संरक्षण करने के लिए वन विभाग द्वारा समय-समय पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## आजादनगर की कहकशा परवीन ने नीट परीक्षा में लाया शत-प्रतिशत अंक, कमेटी ने किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** आजादनगर की रोड नंबर 7 बगानसाही की रहने वाली कहकशा परवीन ने नीट की परीक्षा में 720 में पूरे 720 अंक लाकर पूरे देशभर में जमशेदपुर का नाम रोशन किया है. इसी खुशी में आजादनगर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह, सिदगोड़ा थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खान, टाटानगर रेलवे स्टेशन के सैयद नौशाद और आजादनगर थाना पीस कमेटी के सेक्रेटरी मुख्तार आलम खान, हाजी मोहम्मद इलियास, रिजवानुज जमा, अल कबीर पॉलीटेक्निक कॉलेज के सैयद आसिफ अख्तर, हुसैनी मस्जिद के इमाम व पैगाम ए इस्लाम के फाउंडर चेयरमैन सैयद सैफुद्दीन असद, दावत ए इस्लामी के मास्टर जमील अंसारी ने उनके घर जाकर फूलों का गुलदस्ता भेंट कर कहकशा परवीन को मिठाई खिलाई और मुबारकबाद दिया.वही कहकशा परवीन ने अतिथियों को आश्वासन दिया कि जब मैं डॉक्टर बन जाऊंगी तो ड्यूटी के अलावा गरीब बेसहारा लोगों का निश्शुल्क इलाज किया करूंगी. अतिथियों ने कहकशा परवीन के पिता मोहम्मद अब्बास जो की फल विक्रेता है और उनकी माता को बेटी के कामयाब होने पर उन्हें भी ढेर सारी शुभकामनाए दी।

## विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का आयोजन 8- 9 जून को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** मिथिला सांस्कृतिक परिषद, जमशेदपुर के तत्वावधान में द्विदिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का भव्य आयोजन 8 और 9 जून 2024 को बौद्ध मंदिर मैदान साकची के प्रांगण में किया जा रहा है। आयोजन के हक़ार (आमंत्रण )को घर घर तक पहुँचाने के लिये विद्यापति रथ प्रस्थान किया जा रहा है। रथयात्रा समारोह के अतिथि में अंजनी तिवारी ( पुलिस उपाधिक्षक) मनोज कुमार ठाकुर ( पुलिस उपाधीक्षक ) शामिल हुए। स्वागत संबोधन अध्यक्ष शिशिर झा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन राजेन्द्र कर्ण ने किया। कार्यक्रम का संचालन शिव चन्द्र झा ने किया। आयोजन संध्या 5 बजे से आरम्भ होकर रात्रि 10 बजे तक चलेगा ।इस सांस्कृतिक महाकुंभ में मैथिली के प्रसिद्ध गायिका पूनम मिश्रा, विकास झा और स्वाति झा, ऋषभ भारद्वाज, पंकज झा, शंकर नाथ झा सहित अनेक स्थानीय कलाकार भी उपस्थित रहेंगे। साथ ही उद्घोषणा एवं हास्य के लिए श्री राम सेवक ठाकुर जी अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे। समारोह में आनंद मेला का आयोजन किया गया है जिसमे मैथिल खान - पान सहित , विभिन्न तरह के अनेक स्टाल रहेंगे। इस बार दोनों दिन आनन्द मेला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष श्री शिशिर झा , महासचिव श्री सुजीत कुमार झा , कोषाध्यक्ष अमर कुमार झा , उपाध्यक्ष मोहन ठाकुर , पंकज रॉय,रंजीत झा बागबेड़ा ,बबलू झा, राजेश झा, शिव चंद्र झा,अनिल झा आदित्यपुर कार्यसमिति लगे हुए हैं।

## एक्सएलआरआई पीजीडीएम ने किया सीएक्सओ सीरीज का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआई जमशेदपुर ने ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड ( जेडईईएल) में एचआर और ट्रांसफॉर्मेशन के अध्यक्ष अनिमेष कुमार की मेजबानी के विशेषाधिकार के साथ 2024-25 के जीएमपी बैच के लिए 1 और 2 जून, 2024 को पहली सीएक्सओ श्रृंखला का आयोजन किया। 25+ वर्षों के अनुभव की समृद्ध विरासत के साथ एक प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट लीडर कुमार ने फैमिली वेंचर्स रीइमेजिन्ड- पिवोटिंग एंड स्केलिंग थ्रू जेनरेशन विषय पर एक व्यावहारिक सत्र आयोजित किया। सत्र में पूरे समूह के साथ-साथ एक्सएलआरआई प्रबंधन और कर्मचारियों की भागीदारी देखी गई। प्लेसमेंट के सह-संयोजक प्रो. सुनील सारंगी ने अतिथि वक्ता का स्वागत किया।सीईओ लाउंज के संस्थापक दीपक यादव ने पारिवारिक व्यवसायों की गतिशीलता पर गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करके सत्र की शुरुआत की। दीपक यादव और अनिमेष कुमार के बीच प्रश्नोत्तरी के नेतृत्व वाले सत्र में पारिवारिक व्यवसायों की जटिलताओं पर प्रकाश डाला गया, जिसमें चीनी कहावत को दोहराया गया कि धन शायद ही कभी तीन पीढ़ियों तक जीवित रहता है।चर्चा में पारिवारिक व्यवसायों के भीतर लिंग भूमिकाओं के संबंध में बदलते सामाजिक मानदंडों पर भी चर्चा हुई, जिसमें नेतृत्व की स्थिति लेने वाली बेटियों की ओर बदलाव की मान्यता के साथ पारिवारिक उद्यमों के संबंध में छात्रों से एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया।दूसरे दिन, कुमार ने कंटेंट के माध्यम से क्रिस्टल बॉलिंग सोशल एंड बिहेवियरल ट्रेंड्स विषय पर एक सत्र लिया।

### शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अंडर- 12 क्रिकेट टूर्नामेंट

## कवर ड्राइव ने जेसीए येलो और केसीए ने जेसीए येलो पर जीत दर्ज की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** कदमा के झारखंड क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अंडर- 12 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शहीद निर्मल महतो स्टेडियम में किया गया। टूर्नामेंट में 12 जेसीए येलो, जेसीए रेड, जेसीए ब्लू, देवेंद्र माँझी चक्रधरपुर ,फ्यूचर स्टार सीकेपी, जमशेदपुर ब्लूज, सीएजे, कवर ड्राइव बाराद्वारी, लियो क्रिकेट अकादमी , एम्बिशन क्रिकेट अकादमी, रॉयल क्रिकेट अकादमी, केसीए समेत 12 टीम भाग ले रही है।आज टूर्नामेंट का पहला मैच जेसीए येलो बनाम कवर ड्राइव क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। जेसीए येलो ने टॉस जीतकर कर पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए कवर ड्राइव ने 20 ओवर 128 /7 रन बनाये। टीम के कप्तान फरहान ने 46 रन बनाये। रोहान ने 2 विकेट लिये। जवाबी पारी खेलने उतरी जेसीए येलो की टीम 20 ओवर में 115/9 रन ही बना सकी। कवर ड्राइव ने मैच 13 रनों से जीत लिया। रोहन कुमार ने नाबाद 24 रन बनाए। फरहान ने 2 विकेट लिया। मैन ऑफ़ द मैच फरहान बने। दिन का दूसरा मैच रॉयल क्रिकेट अकादमी बनाम केसिए के बीच खेला गया। रॉयल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया। रॉयल ने 20 ओवर में 84/4 रन बनाये। राज ने 26 रन बनाये। वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी केसीए ने 12.4 ओवर में 85/2 रन बना कर 8 विकेट से मैच जीत लिया। मनीष को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया।

### वर्ल्ड ब्रेन ट्यूमर दिवस पर जागरूकता की ओर एक कदम

## बार-बार सिरदर्द और चक्कर आना ब्रेन ट्यूमर के हो सकते हैं लक्षण : डॉ. राजीव महर्षि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, (बीएनएच) जमशेदपुर के सीनियर न्यूरो सर्जन डॉ. राजीव महर्षि का कहना हैं कि बार-बार होने वाला सिरदर्द, चक्कर आना, उल्टी, याददाश्त में कमी, दौरे आदि ब्रेन ट्यूमर की शुरुआत के लक्षण हो सकते हैं और इसे लापरवाही से नहीं लिया जाना चाहिए। 8 जून को वर्ल्ड ब्रेन ट्यूमर दिवस के अवसर पर हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा गुरूवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में डॉ. महर्षि ने कहा कि इस बीमारी से बचाव के बारे में जागरूकता फैलाना उद्देश्य हैं, ताकि समय रहते लोग इलाज करा सके। उन्होंने कहा कि ब्रेन ट्यूमर का प्रभाव मरीजों पर अलग-अलग पड़ता है। परिवार, देखभाल करने वाले और संपूर्ण समुदाय इन बीमारियों से जुड़ी शारीरिक, भावनात्मक और वित्तीय चुनौतियों से गहराई से प्रभावित होते हैं। इसलिए, हमें ब्रेन ट्यूमर का शीघ्र पता लगाने और उपचार के विकल्पों पर अधिक जागरूकता लाने की आवश्यकता है। हॉस्पिटल प्रबंधन के अनुसार ब्रेन ट्यूमर दिवस का महत्व क्रमशः जागरूकता बढ़ाना, मरीज़ों एवं परिवारों की सहायता करना, अनुसंधान के लिए प्रेरित करना, स्टिग्मा को कम करना एवं मरीज़ों को सशक्त बनाना हैं। मालूम हो कि ब्रेन ट्यूमर के निदान में आमतौर पर न्यूरोलॉजिकल परीक्षाओं, इमेजिंग परीक्षणों जैसे एमआरआई और सीटी स्कैन और टिशू एनालिसिस के लिए बायोप्सी का टेस्ट किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, मस्तिष्क ट्यूमर सभी वयस्क कैंसर का लगभग 2 प्रतिशत और सभी बच्चों के कैंसर का 1.9 प्रतिशत है। ब्रेन ट्यूमर के लक्षण उसके आकार, स्थान और वृद्धि दर के आधार पर व्यापक रूप से भिन्न हो सकते हैं। सामान्य संकेतों और लक्षणों में सिरदर्द, दौरे, संज्ञानात्मक हानि, व्यवहार या व्यक्तित्व में परिवर्तन, दृष्टि या सुनने की समस्याएं और गतिशीलता की कमी हो सकती है।



## जोबा माझी की जीत की खुशी में किसान ने लड्डू की जगह बांटा दो क्विंटल करेला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** सिंहभूम सीट से जोबा माझी की जीत की खुशी पूरे कोल्हान में हो रही है और उनके कार्यकर्ताओं द्वारा अपने अपने स्तर से खुशी का इज़हार करते नजर आ रहे है। वहीं हेंसल में जोबा माझी की जीत की खुशी अनोखे अंदाज में की गई।जहाँ बहादुरगंज गाँव के एक किसान ने तीन महीने की मेहनत से अपने खेत में उगाए दो क्विंटल करेला हेंसल में आम जनों के बीच निःशुल्क वितरण कर दिया। वहीं किसान से पूछे जाने पर कहा, मैं कोई कार्यकर्ता नही, बल्कि एक किसान हूँ। लड्डू मिठाई कार्यकर्ता बांटते है। मैं किसान हूँ इसलिए मैं अपनी मेहनत से सींचा हुआ फसल फ्री में बांट कर अपनी खुसी का इज़हार कर रहा हूँ। उन्होंने जोबा माझी की जीत पर उन्हें बधाई दी है।इस मौके पर गाँधी मुर्मु, आकाश हेम्ब्रम, बाबूराम बास्के,सोनामोनी हेम्ब्रम, कुना कमीला, सुख मोहन हांसदा,जदुनाथ टुडू आदि उपस्थित थे।



## सुहागिनों ने वट सावित्री का किया व्रत

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं ने अमावस्या के शुभ अवसर पर अपने पति की लम्बी उम्र के लिए वट सावित्री का व्रत किया। सुहागिन महिलाओं ने वट बृक्ष का पूजा अर्चना कर अपनी पति की दिर्घायु का कामना किया। फल,मुल व मीठाई का भोग लगाकर वट बृक्ष पर कलाउ बांधकर वट बृक्ष पर परिक्रमा कर व्रत का रस्में निभाई। कुकड़ु प्रखंड के तिरूलडीह रेलवे स्टेशन परिसर स्थित वट बृक्ष में सुहागिन महिलाओं का सुबह से ही तांता लगा रहा। महिलाओं ने वट बृक्ष के नीचे पूजा अर्चना कर पति की लम्बी आयु का कामना किया।

**संक्षिप्त खबरें**

### अब अठारह वर्ष से ऊपर को भी लगेगा बीसीजी का टीका

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** टीवी मुक्त भारत अभियान केन्द्र सरकार का महत्वपूर्ण योजना है। प्रधानमंत्री का उद्देश्य है कि टीवी को 2025 तक भारत से दूर भगाना है। इसके लिए अब बीसीजी का वैक्सीन सभी वयस्कों 18 वर्ष ऊपर को भी लगेगा। पहले से ही टीवी का दवा मुफ्त में और मासिक पोषण राशि 500 महीना मरीज को उसके खाते में दिया जाता है। BCG वैक्सीनेशन के संबंध में बुधवार को टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया यह प्रशिक्षण टंडवा के चिकित्सा प्रभारी डॉ सुदीप कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रशिक्षण दिनेश कुमार राणा WHO, उदय तिवारीBPM सनी लाल विद्यार्थी BAM सुधांशु कुमार स्ङ्गस डाटा एंट्री ऑपरेटर दीपेंद्र कुमार द्वारा दिया गया जिसमें टंडवा प्रखंड के सभी ष्टाह्र एएनएम और सहिया साथी उपस्थित थे।

# सुहागिनों ने पति की दीर्घायु के लिए किया वट सावित्री की पूजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को वट सावित्री की पूजा धूमधाम से की गयी। इस मौके पर सुहागिनों व नई नवेली दुल्हनों ने दिनभर उपवास रखकर वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। इस दौरान वट वृक्ष के पास महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही। सुहागिनों ने फूल, फल बेलपत्र, नारियल, सिंदूर रोड़ी, धूप, अगरबत्ती चढ़ाया। साथ ही वट वृक्ष में रक्षा सूत्र (मौली धागा) बांध कर पति की दीर्घायु के लिए कामना की। सुहागिनों ने भगवान से जन्म जन्मांतर तक पति के साथ रहने की प्रार्थना की और हर दुःख सुख में साथ चलने की मन्नते मांगी। इस दौरान वट वृक्ष के पास पंडितो ने सुहागिनों को सती सावित्री की कथा सुनाई। साथ ही सुहागिनों को बताया कि सती सावित्री ने अपने पति की आत्मा को यमराज से खींच कर लाई थी। सती सावित्री के मार्ग पर चलने का दृढ़ संकल्पित किया। पूजा अर्चना के बाद सुहागिनों ने घर पहुंचकर पति का तिलक लगाया, पंखा चलाया और पैर छूकर आशीर्वाद ली। वट सावित्री की पूजा अर्चना को लेकर अहले सुबह से ही सुहागिन वट वृक्ष के पास पहुंच गयी थी। पूजा अर्चना दोपहर तक चली। प्रखण्ड के सबानो, सिमरिया, बस्ती, बन्हे, बानासाडी, बेलगड्डा, बगरा, जबडा, ईचाकखुर्द, रोल, लिपदा, जिरुवाखुर्द, शिला, इचाक, पीरी, जांगी, डाडी, एदला, पुंडरा आदि गांवो में भी भक्ति भाव से वट सावित्री की पूजा अर्चना की गयी।

## भाजपा के अपार मतो से जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**प्रतापपुर :** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर नव निर्वाचित चतरा लोकसभा के स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह की जीत के खुशी में प्रखंड मुख्यालय में हर्ष का माहौल बना हुआ है। भाजपा कार्यकर्ता ने आज गुरुवार को प्रतापपुर महावीर मंदिर के पास एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दिया। वही चौक चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी जीत की खुशी में डोर टू डोर जाकर मिठाइयां भी बांटा गया। और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, कालीचरण सिंह जिंदाबाद का खूब नारे लगाए गए। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष कपिल पासवान, मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि सतेंद्र पासवान, मुकेश सिंह, अजीत पांडे, रणविजय गिरी, पप्पू यादव, अरविंद पासवान, सावन कुमार, गोलू कुमार, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सुहागिन महिलाओं ने किया वट वृक्ष की पूजा, पति के लंबी आयु सुख समृद्धि की कामना की



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के दर्जन बट वृक्ष एवं शिवालय में वट सावित्री पूजन बृहस्पतिवार को सुहागिन महिलाओं ने पूजा कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना कीया है। विवाहित महिलाएं वट वृक्ष की परिक्रमा कर अपने वैवाहिक सुख की रक्षा की कामना भी किया है।सुहागिन महिलाएं सुख समृद्धि के साथ-साथ अखंड सौभाग्य की कामनाएं को लेकर ज्येष्ठ कृष्णा पक्ष की अमावस्या को सुहागिन महिलाएं अपने अखंड सौभाग्य के लिए वट सावित्री पूजा का व्रत रखती हैं।इस दिन का उनके लिए, खासकर नवविवाहितों के लिए खास महत्व होता है।सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु की कामना के लिए वट वृक्ष की पूजा करती है। इस पर्व में सत्यवान और सावित्री की कथा सुनी जाती है।साथ ही साथ सुहागिन महिलाये वट वृक्ष की 108 बार परिक्रमा भी करती है।वटवृक्ष की पूजा एवं परिक्रमा करने के बाद पति को तिलक चंदन रोली लगाकर पूजा अर्चना करने के उपरांत उन्हें ताड के पंखे से हवा दी जाती है।और उनके चरणों को धोकर चरणामृत को अपने जिह्वा पर पान करती है। सुख में दांपत्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त करती है।

## विधि विधान से हुई वट सावित्री पूजा



**महुआडांड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में गुरूवार को सुहागिनों ने वट सावित्री की पूजा धूमधाम से मनाया। सुहागिनों ने अखंड सौभाग्य का वरदान मांगा। वहीं वट वृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चना की। सुहागिनों ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कार्य संपन्न किया।सभी सुहागिनें सोलह श्रृंगार करके वट वृक्ष पूजा स्थल पर पहुंची। जहां सबों ने पूजा करने के लिए पंक्ति बद्ध बैठकर हवन और आरती की।पंडित सर्वेश पाठक, राजेश पाठक समेत कई पुरोहितों ने पूजन कार्य संपन्न कराया।मौके पर आवासीय विद्यालय महुआडांड के समीप स्थित शिव मंदिर परिसर, महुआडांड दुर्गा बाड़ी परिसर स्थित वट वृक्ष के पास, रामपुर चौक के समीप स्थित वट वृक्ष के पास, आईआरबी कैंप स्थित वट वृक्ष के पास आदि स्थानों में महिलाओं की संख्या काफी देखी गई।सुख-संपन्नता और पति की दीर्घायु के लिए रखे जाने वाला सुहागिन महिलाओं का वट सावित्री व्रत गुरूवार को किया गया, वट सावित्री व्रत की पूजा जेष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या में की जाती है, वट सावित्री पूजा के दिन सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर अखंड सौभाग्य की प्राप्ति और पति की लंबी उम्र के लिए बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं।

**एलडीएम ने मृतक के आश्रित को सौंपा दो लाख का चेक**

# बैंक खाताधारक अवश्य कराएं जीवन ज्योति व जीवन सुरक्षा बीमा : एलडीएम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखंड के जबड़ा पंचायत भवन में केंद्र सरकार के महत्वकांक्षी योजना जीवन ज्योति व जीवन सुरक्षा बीमा योजना को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर का आयोजन बैंक ऑफ इंडिया बगरा मोड़ शाखा प्रबंधक आकाश कुमार महतो के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अग्रणी जिला प्रबंधक रविन्द्र कुमार सिंह शामिल थे। बता दें कि कुछ दिन पूर्व जबड़ा निवासी शंभू यादव का आकस्मिक निधन हो गया था। मृतक के नाम से बगरा बैंक में जीवन ज्योति बीमा योजना बीमा किया गया था।जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दिवंगत शंभू यादव की पत्नी रबीता देवी को एलडीएम के हांथो दो लाख का चेक सौंपा गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एलडीएम रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जीवन ज्योति बीमा और जीवन सुरक्षा बीमा योजना भारत सरकार के अति महत्वकांक्षी एवं जन कल्याणकारी योजनाओं में से एक है।इन दोनों योजनाओं में शत प्रतिशत बैंक खाताधारकों को पंजीकृत होना चाहिए। मात्र 436 रुपए एवम 20 रुपए में चार लाख का बीमा कभर होता है जो मृत्युपरांत बिना किसी झंझट के बैंक द्वारा मृतक के आश्रित के खाते में ट्रांसफर कर दी जाती है। श्री सिंह ने कहा कि गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों को ऐसे विपरीत परिस्थितियों में दो से चार लाख तक का बैंक द्वारा बीमित राशि मिल जाने पर सहारा हो जाता है। कार्यक्रम में सिमरिया प्रखंड प्रमुख रोहन साव, मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा साव, बैंक बीसी मनोज कुमार सिंह, सुभाष सिंह, प्रमोद कुमार साहू, यमुना प्रसाद यादव, एमडी नेसार, एमडी आरिफ समेत कई लोग मौजूद थे।

## पति की लम्बी उम्र को लेकर महिलाओं ने किया वट वृक्ष की पूजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** अपनी पत्तियों की लंबी उम्र को लेकर गुरुवार को टंडवा प्रखंड क्षेत्र के सभी सुहागिन महिलाओं ने सावित्री व्रत का अनुष्ठान किया। जानकारी के अनुसार आपको बता दें कि सनातन धर्म में सुहागिन महिलाओं के द्वारा जेष्ठ माह के अमावस्या तिथि को अपने पत्ती की लंबी उम्र के लिए यह व्रत रखा जाता है। युगों युगों से इस व्रत को करने की परंपरा महिलाओं में निरंतर चली आ रही है। इसी के तहत यह पूजन किया जाता रहा है। इस व्रत के दौरान सभी महिलाएं आस पास में मौजूद वट वृक्ष की पूजा करती हैं।

## जर्जर बिजली का तार टूट कर गिरा ग्रामीणों ने पावर सब स्टेशन पर काटा बवाल



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कई हिस्सों में जर्जर बिजली हाई टेंशन तार टूट कर गिर जा रहा है जिससे लोग बाल बाल बच रहे हैं, शायद बिजली विभाग किसी अनहोनी घटना का इंतजार कर रहे हैं । वहीं गुरुवार को लचर विद्युतीकरण को लेकर ग्रामवासियों ने बरवाडीह पवार हाउस पहुंच कर जमकर बवाल काटा। बुधवार के दिन लगभग 12 बजे बरवाडीह सब स्टेशन से रेलवे सब स्टेशन तक 11 हजार तार जल कर गिर गया। उस समय स्थिति इतनी भयावह थी कि लोग दहशत में आ गए । ग्रामीणों का कहना है कि हम-सब बाल-बाल बचे। बरवाडीह पवार सब स्टेशन से रेलवे सब स्टेशन तक रेलवे फीडर का 11 हजार तार इतना ज्यादा जर्जर हो गया है कि आए दिन तार टूटङ्कटूट कर गिरते रहता है। वहीं ग्रामीणों ने नंगे और जर्जर तार को बदलने के लिए सभी जगह का पवार बंद करवा दिया। वहीं ग्रामीणों ने बरवाडीह पावर एसडीओ दुर्गाशंकर सिंह से लिखित मांग रखी है कि निर्धारित समय में जर्जर तार को बदल दिया जाए। इसपर एसडीओ ने ग्रामीणों की बात को संज्ञान लेते हुए कहा कि 15 दिनों के अंदर तार में जाली लगा दिया जायेगा। उन्होंने बताया की तार बदलने के लिए विभाग को पहले ही पत्राचार कर दिया है इसका निविदा जल्द ही निकली जायेगी निविदा निकलते ही तार को बदल दिया जायेगा। वहीं लिखित मिलने के बाद ग्रामीण आस्वस्त हुए और पवार सप्लाई करने दिया। वहीं मौके पर काफी संख्या में बिजली उपभोक्ता मौजूद रहे।

## सुहाग की रक्षा के लिए महिलाओं ने किया वटवृक्ष की पूजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गारु :** भारतीय संस्कृति में आदर्श नारीत्व का प्रतीक पूरे प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार वट सावित्री व्रत मनाया गया। अपने सुहाग की दीर्घायु की कामना के लिये स्त्रियां ये व्रत करती हैं। ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मनाए जानेवाले इस व्रत में वट और सावित्री की पूजा की जाती है। सुहागिन महिलाएं वटवृक्ष के नीचे सत्यवान एवं सावित्री की मूर्ति स्थापित कर, धूप, दीप, रोली- सिंदूर से पूजन किया और क्षलाल कपड़ा सत्यवान और सावित्री को निवेदित किया। वट यानी बरगद का पेड़ पीपल की तरह ही पवित्र माना जाता है। वटवृक्ष को देवताओं का वृक्ष यानी देववृक्ष कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बरगद की जड़ में ब्रम्हा, मूल भाग में भगवान विष्णु और अग्रभाग में देवाधिदेव महादेव स्थित होते हैं। देवी सावित्री वटवृक्ष में ही प्रतिष्ठित रहती हैं। कहते हैं कि इसी पेड़ के नीचे सावित्री ने अपने पति को यमराज से वापस पाया था तभी से इसे वट सावित्री के नाम से जाना जाने लगा। पूजा अर्चना करने के बाद महिलाओं ने घर जा पंखे से अपने पति को हवा दिया और पति का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। हिंदू पुराण में बरगद के पेड़ में ब्रह्मा विष्णु और महेश का वास बताया जाता है।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लगाया फलदार पौधा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उराँव के द्वारा आम का पेंड़ लगाया गया। इस मौके पर उराँव ने कहा कि आज कल पेंड़ पौधे बहुत ही तेजी से कटते जा रही है इसलिए पेंड़ नहीं रहने के कारण गर्मी ज्यादा बढ़ रहा है पेंड़ पौधा रहने के चलते ही बर्षा होती है। आइए प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए सभी लोगों से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने की अपील की।

## केंद्रीय विद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** केंद्रीय विद्यालय में विश्व पर्यावरण सप्ताह के तहत दूसरे दिन पोस्टर व स्लोगन मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य पीके ठाकुर ने बताया कि इस सप्ताह में प्रत्येक दिन अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। उन्होंने बताया कि सात जून को पर्यावरण पर कविता पाठ, भाषण और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। ठाकुर ने बताया कि ग्रीष्म अवकाश के बावजूद भी इन सभी कार्यक्रमों मे काफी संख्या में बच्चे भाग ले रहे हैं। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया और उन्हें इसकी रक्षा करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बच्चों को अपने घर एवं आसपास के खाली क्षेत्रों पौधे लगाने की अपील की और कहा कि जल व जंगल के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

### विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम : सत्यम अग्रवाल



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले भर में विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर लोहरदगा नगर छतरबगीचा स्थित स्वयंभू महादेव शिव मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पर्यावरण प्रमुख विनय केसरी जी के द्वारा की गई। मौके पर उपस्थित, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर पर्यावरण प्रमुख सत्यम अग्रवाल, बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू, मंदिर पुजारी गोपाल जी एवं मंदिर कमेटी के सदस्य श्रवन सिंह उपस्थित थे। जिला पर्यावरण प्रमुख विनय केसरी ने बतलाया कि पर्यावरण को संरक्षित करना हम सभी नागरिकों का परम कर्तव्य है। बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू ने बतलाया कि जिस तरह तापमान बढ़ता जा रहा है, प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। उसे रोकने हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाए और पर्यावरण को हरा भरा बनाया जाए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर पर्यावरण प्रमुख सत्यम अग्रवाल ने कहा कि जिस तरह जिले में देखा जाता है कि वाहनों से काला धुआं विस्फोटक की तरह फैल रहा है, उससे वायुमंडल अशुद्ध हो रहा है, ओजोन लेयर का छिद्र बढ़ता जा रहा है,जिससे ऑक्सीजन की कमी हो रही है और ऑक्सीजन अशुद्ध होता जा रहा है ।उसे नियंत्रण करने हेतु हम सभी जिला वासी के लोगों को एक जुट होकर अधिक से अधिक वृक्षारोपण का कार्यक्रम करना होगा। साथ ही साथ में जिला प्रदूषण नियंत्रण विभाग एवं पुलिस प्रशासन से निवेदन करता हूं कि जिले में प्रदूषण फैलाने वाली वाहनों पर कार्रवाई करें और उसे नियंत्रित करें।

## सुहागिनों ने पति के लंबी उम्र के लिए रखा व्रत, वट वृक्ष की पूजा कर लिया आशीर्वाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** ज्येष्ठ मास अमावस्या के शुभ अवसर पर लातेहार जिले के शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुरुवार को मां सावित्री की पुजा करने को लेकर वटवृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। जहां सुहागिन महिलाओं ने पूरे भक्ति भाव के साथ निर्जला उपवास रख पति के स्वास्थ एंव दीर्घायु उम्र की कामना को लेकर मां सावित्री कि पूजा बड़े ही धूमधाम से किया। वहीं प्रचंड गर्मी को देखते हुए सुबह 8:00 बजे से ही सुहागिन महिलाएं शोलह सिंगार कर मंदिर शिवालय ऐतिहासिक वट वृक्ष के नीचे सैकड़ों सख्यां में पहुंची जहां पुजारी जी के द्वारा 20 की संख्या में एक-एक टोली बनाकर वैदिक मत्रों के साथ पूजा संपन्न कराया गया। इस दौरान उन्होंने इस पूजा के महत्व को बताया साथ ही मृत पति सतवांन को भगवान यमराज से जीवन दान दिलाने वाली माता सावित्री का कथा का श्रवण किया। जहां श्रद्धालुओं ने कथा को पूरे भक्ति भाव के साथ सुना वहीं कथा के उपरांत सुहागिन महिलाओं ने बट वृक्ष में कच्चा धागा बांधकर परिक्रमा की और मां से पति की स्वास्थ ठीक के साथ-साथ पति की दीर्घायु उम्र की कामना की। वहीं पुजा के दौरान पंडित जी ने बताया कि आज के दिन जो भी महिलाएं पूरे भक्ति भाव के साथ मां सावित्री की पूजा अर्चना करती है उनको धन-धान्य के साथ-साथ पति की लंबी उम्र की प्राप्ति होती है।उनके सभी मनोकामना पूर्ण होता है।

## पीएमजीएसवाई सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य के गार्डवाल निर्माण में भारी अनियमितता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत गढ़वाटाड़ मोड़ से संत क्लारेट स्कूल लेदगाई होते मुख्य सड़क बरवाडीह छिपादोहर तक पीएमजीएसवाई योजना के तहत सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य किया जा रहा है जिसमें शुरुआती दौर से ही भारी अनियमितता बरतने की शिकायत जागरूक ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है जिसे लेकर कई दैनिक समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित भी हुआ है, जिसपर वरीय अधिकारियों की ठोस कार्रवाई नहीं होने पर सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य में अनियमितताओं की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। जहां सुदृढ़ीकरण कार्य के कलभर्ट व गार्डवाल निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरतने को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर गुरुवार को दैनिक अखबार प्रभात मंत्र रिपोर्टर ने कार्य स्थल का मुआयना किया जिसमें देखा गया कि उक्कामाड के ग्राम पैरा में देवी मंडप व रेलवे लाइन के समीप गार्डवाल निर्माण कार्य किया जा रहा है लगभग दो से ढाई फीट गढ्ढे में दो ढाई फीट पत्थर बिछाकर उसके उपर नाम मात्र मसाला से ढंक दिया जा रहा है जो कि गार्डवाल निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं संबंधित विभाग के अभियंताओं को इतनी फुर्सत कहां कि कार्य स्थल का मुआयना हो। बताते चलें कि इस तरह विकास कार्यों में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता रहा तो सरकार के नुमाइंदे और ब्यूरोक्रेट्स से जनता का विश्वास उठता चला जाएगा।

# हजारों सुहागिनों ने अपने पति की लंबी आयु के लिए उपवास रख वट सावित्री पूजा की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड में हजारों सुहागिनों अपने पति की लंबी आयु, सुखद वैवाहिक जीवन के लिए उपवास रख वट सावित्री पूजा की। सुहागिनों ने अहले सुबह से ही नए वस्त्र, आभूषण व चुनरी ओढ़ सोलह श्रृंगार से सुसज्जित होकर विधि-विधान से वट वृक्ष (बरगद वृक्ष) की पूजा के लिए जुट गई थी। वृक्ष की परिक्रमा कर रक्षा सूत्र धागा बांधते हुए पति की लंबी आयु की कामना की। वहीं वट वृक्ष के नीचे सावित्री सत्यवान की कथा सुन अपने अखंड सौभाग्य व सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। सुहागिनों ने बताया कि इस पूजा में बांस के बने पंखे जिसे बेंना कहा जाता है जिससे वट वृक्ष को हवा दिया जाता है और पति की लंबी आयु की कामना करते हैं। वही व्रत करने वाली व्रती पति के पैर धोकर व पंखे से हवा देकर प्रसाद ग्रहण कराते है एंव दान करने की भी कहीं कहीं परंपरा है, जिससे जीवन में शीतलता प्रदान हो। वट सावित्री पूजा मनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। सावित्री की अल्पआयु पति सत्यवान से विवाह हुई थी जिसने इस व्रत को करके यमराज से अपने पति की लंबी आयु प्राप्त की थी और सौ पुत्रों का वरदान पाया था। वट वृक्ष की लताएं ब्रह्मा विष्णु महेश का प्रतीक है इस वट वृक्ष में भगवान शिव पार्वती का वास माना जाता है। बड़कागांव दैनिक बाजार में बट वृक्ष के नीचे हजारों सुहागीनों ने पूजा की। वही पुरोहित यदुनंदन मिश्रा के द्वारा सत्यवान और सावित्री की कथा को सुहागिनों ने सुनाया। मौके पर बड़कागांव, शिवाडीह, बादम, हरली, विश्रामपुर, महुगाई कला, गोसाई बलिया, तलसवार, नापोपुर खुर्द, नयाटांड़, बरवनिया, अंबाजीत आदि दर्जनों गांव में उपस्थित लोगों में सुहागिनों ने धूमधाम से पूजा अर्चना की जिसमें मुख्य रूप से भाजपा नेत्री पूनम साहू, पूर्व पंसस बासमती देवी, मुखिया कविता देवी, गीता देवी, लीलावती देवी, संध्या वर्मा, उर्मिला वर्मा, आशा वर्मा , सुनीता देवी, अनीता देवी, विमला देवी, बेबी बेबी, ऐतवरिया देवी, आशा देवी, गायत्री सिंहा, सुनीता सिंहा, सीमा सिंहा, मीना सिंहा, रेनू सिंहा, रेखा चौरसिया, राजकुमारी सिंहा, नीलम कुमारी, द्रोपती देवी, शांति देवी के अलावा हजारों महिलाओं ने श्रद्धा के साथ बट सावित्री पूजा की।

## दिल्ली रवाना हुए नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लगातार दो बार बतौर हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के उपरांत मनीष जायसवाल अब अब सांसद के रूप में क्षेत्र की जनता की सेवा करेंगे।निर्वाचित होने के बाद मनीष जायसवाल ने बुधवार को पर्यावरण संरक्षण से संबंधित एक कार्यक्रम से अपनी दूसरी पारी की शुरुआत की। जिसके बाद दिल्ली से बुलावा आने पर गुरुवार को हजारीबाग स्थित अपने आवासीय परिसर से माता- पिता का आशीर्वाद लेकर दिल्ली के लिए निकले।इस क्रम में हजारीबाग, चरही, मांडू, भरेचनगर (सांडी), रामाग्लास (मरार), रांची रोड और सुभाष चौक रामगढ़ में उनका स्थानीय एनडीए कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका जबरदस्त स्वागत किया।सांसद मनीष जायसवाल ने चरही चौक पर शहीद जयवीर मेहता और रामगढ़ सुभाष चौक पर क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।श्री जायसवाल रामगढ़ से झारखंड की राजधानी रांची पहुंचे और क्रस रिसॉर्ट परिसर में भाजपा, झारखंड प्रदेश इकाई के द्वारा आयोजित राज्य के नवनिर्वाचित सांसदों और चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के स्वागत समारोह सह संगठनात्मक बैठक में शामिल हुए। जिसके उपरांत भगवान बिरसा मुंडा अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा, रांची से अपनी पत्नी निशा जायसवाल के साथ दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

## विष्णुगढ़ प्रखण्ड में मनाया गया वट सावित्री पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के चहुँओर सुहागिन महिलाओं ने वटसावित्री की पूजा पूरे विधि-विधान से करते हुए अपने पति के दीर्घायु होने की कामना ।सनातन संस्कृति एवं परम्परा के अनुसार पति की लम्बी उम्र के लिए मनाया जाने वाला वट सवित्री पर्व बड़े ही धूम धाम से मनाया गया । सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा विधि विधान से की । महिलाओं ने खरबूजा, रोली, चंदन, धूप, दीप, नैवेद्य, सूत आदि से वट सावित्री पूजा बड़े ही विधि विधान से की गई। सनातन धर्म में वट सावित्री व्रत काफी शुभ माना जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य के लिए व्रत रखती है। इस साल का वट सावित्री व्रत काफी खास है, क्योंकि इस दिन शनि जयंती भी पड़ रही है। शास्त्रों के अनुसार माना जाता है कि इस दिन शनि देव का जन्म हुआ था। पंचांग के अनुसार, हर साल ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को वट सावित्री व्रत रखा जाता है। इसे बरगदाही भी कहा जाता है।इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लम्बी आयु और स्वास्थ्य के लिए व्रत रखकर बरगद की पूजा करती है। महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या विशेषकर वट सवित्रि व्रत के दिन तीर्थस्थलों पर पिंडदान करने का विशेष महत्व है।वैदिक ज्योतिष मे शास्त्र मे शनिदेव कर्म प्रधान देवता मना गया है। यह व्यक्ति को उनके अच्छे और बुरे कर्मो के आधार पर फल देते है, क्योंकि इस दिन बरगद के पेड़ की पूजा की जाती है। इस दिन महिलाएं सुबह से निर्जला व्रत रखती हैं और बरगद के पेड़ की पूजा करने के बाद अपने व्रत को खोल देती हैं।

## समाजसेवी प्रदीप प्रसाद ने सरना दीदियों के बीच बांटे पौधे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :**एक लाख पेड़ लगाने के संकल्प को आगें बढाते समाजसेवी प्रदीप प्रसाद ने गुरुवार को अहले सुबह सरना स्थल पहुंच कर पूजा अर्चना किया।उसके बाद उन्होंने सरना समिति हजारीबाग के दीदियो को सरना स्थल पर पहुंच कर पौधा दिया। उन्होंने दीदियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित भी किया।कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से हो रहे जलवायु परिवर्तन को अगर समय पर न रोका गया तो समुद्र और नदियां बाढ़ और तबाही ले आएगी। तापमान बढ़ता जाएगा। तमाम वैज्ञानिकों और बुद्धिजीवियों ने चिंताएं जताई हैं। इसलिए हमनें ठाना है कि एक लाख पौधा मिलकर लगाना है।हजारीबाग को हरा भरा और सुंदर बनाना है।

## हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

♦जीवन को बेहतर और अधिक प्राकृतिक बनाने के लिए दो पेड आवश्यक लगाना चाहिए : डॉ प्रवीण श्रीनिवास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में दिन बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कॉलेज परिसर में कई फलदार वृक्ष एवं फुल का पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति संकल्प लिया गया। चिकित्सकों ने संयुक्त रूप से हजारीबाग के समस्त जिलावासियों से दो पेड़ अपने घरों में लगाने का अपील किया। डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि जीवन को बेहतर और अधिक प्राकृतिक बनाने के लिए पूरे विश्वभर में पर्यावरण में कुछ सकारात्मक बदलाव लाने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस अभियान की स्थापना की गई। प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग से युक्त वातावरण में सकारात्मक बदलावों को लाने के लिए विद्यार्थियों के रूप में किसी भी देश के युवा सबसे बड़ी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हरेक लोगों कम से कम दो पेड आवश्यक लगाना चाहिए। पेड़ों की अनियंत्रित कटाई के कारण तपती गर्मी पड रहा है। इससे बचाव के लिए हम सभी लोगों को संयुक्त प्रयास करने की आवश्यकता है। मौके पर मुख्य रूप से डेंटल कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव, पीएचडी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. निशाद गवली, डॉ सौम्या राज, डॉ मेधा कृष्णन के अलावे प्रशिक्षु डॉ कृष्णा राज, डॉ फरज़ीन, डॉ अक़िब, डॉ कौशिक, डॉ शिवांगी, डॉ नशरीन, डॉ डेचेन, डॉ होमा, डॉ सोगरा एवं डॉ आकाश दास सहित कई डॉक्टर्स शामिल रहे।

## पति की दीर्घायु के लिए शुभ योगों के बीच सुहागिनों ने रखी वट सावित्री व्रत

**दारू ।** प्रखंड में गुरूवार को धूमधाम से मनाया गया । वट सावित्री व्रत पूरे प्रखंड के चिरुवा , बडवार , ईरगा, सुल्तानी दारूडी ,दारू, पेटो,हरली झुमरा गांव में पौराणिक मान्यता के अनुसार सावित्री अपने पति सत्यवान के प्राण को यमराज से वापस ले आई थीं । इसीलिए इस दिन सुहागिन महिलाएं ये व्रत रखती हैं वट सावित्री में स्त्रियों द्वारा वट यानि बरगद की पूजा की जाती है। इस दौरान इसके नीचे बैठकर पूजन, व्रत कथा आदि सुनने का भी विधान है। पौराणिक कथा के अनुसार वट वृक्ष का पूजन और सावित्री-सत्यवान की कथा का स्मरण करने के कारण ही यह व्रत वट सावित्री के नाम से प्रसिद्ध हुआ। ये व्रत के दौरान की जानी वाली पूजा से लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य प्राप्ति के साथ-साथ गृहकलह से भी छुटकारा मिलता है। इसीलिए कथा श्रवण करने के बाद वट सावित्री की आरती भी करनी चाहिए। नई सुहागिन भी हर्षोल्लास और आनंदमें से पूजा अर्चना की।

## आनंद कुमार ने नीट की परीक्षा में 9307 रैंक प्राप्त किया



**बड़कागांव :** प्रखंड के महुगाई खुर्द गांव निवासी पारस नाथ प्रजापति के पुत्र आनंद कुमार ने देश स्तर पर संचालित नीट परीक्षा में 720 अंक में 680 अंक लाकर 9307 रैंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त कीया। आनंद नवमी एवं दसवीं की परीक्षा हजारीबाग संत स्टीफन स्कूल तथा 12वीं की परीक्षा स्वामी विवेकानंद स्कूल हजारीबाग से पास किया है। 12वीं पास करने के पश्चात नीट की परीक्षा की तैयारी में लग गया था। आनंद नीट की परीक्षा के लिए ऑनलाइन क्लास कीया। आनंद के सफल होने पर कई प्रबुद्ध लोगों ने बधाई दी है। आनंद की सफलता पर परिवार वालों में काफी खुशी देखी जा रही है। गांव के प्रबुद्ध शिक्षाविदों ने आनंद की उज्जवल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से सिविल सोसाइटी प्रखंड अध्यक्ष मनोज गुप्ता, नेशनल हॉस्पिटल के संचालक रंजीत पंडित, संदीप कुमार, बाबूलाल प्रजापति, अर्चना कुमारी, छितिज हॉस्पिटल ईसरी के संचालक अशोक कुमार, दिनेश सिंहा के अलावा कई लोग शामिल है।

## बरही में सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा



**बरही :** बरही के विभिन्न क्षेत्रों में सुहागिनों ने वट सावित्री की पूजा की। मौके पर अपने-अपने पति की दीर्घायु का कामना किया। बता दे की वट वृक्ष के पास महिलाओं की काफी भीड़ रही। महिलाएं सुबह से ही पूजा अर्चना के लिये घर से निकल पड़ी। महिलाओं ने फल,रोली, चंदन, धूप, दीप, नैवेद्य, सूत आदि से वट सावित्री की विधि विधान से पूजा अर्चना की। सुहागिनों ने अपनी पति की लंबी आयु के लिये वट सावित्री का व्रत रखकर पूजा अर्चना की। सभी नए वस्त्र को धारण कर पूजा की थाली लेकर वट के पेड़ के पास पहुंची और पूजा अर्चना के बाद कच्चा सूत्र बांधने के बाद वट वृक्ष की परिक्रमा की। आरती के बाद वृक्ष के गले मिलकर पति की लंबी आयु की कामना की। पर्व के विषय पर ऐसी मन्यता है कि सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण को वापस मांग लिया था। जिस स्थान पर उन्होंने अपने पति की रक्षा की थी वहां पर एक विशाल वट वृक्ष था। तब से इस पर्व पर वट वृक्ष की पूजा विशेष रूप से पति की लंबी आयु के लिये की जाती है।

# शेख तैयब ने बराय में विधुत ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ जिला परिषद क्षेत्र को तीन भागों में बाँटा गया है। विष्णुगढ़ पूर्वी,विष्णुगढ़ मध्य तथा विष्णुगढ़ पश्चिमी । लगभग ढाई साल के कार्यकाल में जनता खुलकर इस बात को कहने लगी है,कि तीन जिप सदस्यो में दो लगभग निष्क्रिय हो चुके है,जनभागीदारी एवं जनसरोकार के मुद्दे से दूर हो चुके है,परन्तु विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब अपनी क्रियाशीलता से जनता के बीच हमेशा उपस्थित रहकर जनसमस्याओं से अवगत होकर उसके निदान को लेकर तत्पर रहते है। ग्रामीणों ने कहा कि शेख तैयब कम से कम विद्युत आपूर्ति में उत्पन्न बाधा को दूर करने को लेकर इनकीं तत्परता सरहानीय है। इसी क्रम में आज विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत बराय के इस्लामपुर में 200 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराकर ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया।मौके पर जिप सदस्य शेख तैयब ने फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन कर ग्रामीणो को सौंप दिया। इस मौके पर इस्लामपुर निवासियों ने बताया कि विगत पाँच दिनों से ट्रांसफार्मर जल जाने की वजह से इस भीषण गर्मी में हम सबो का जीना मुहाल हो गया था,परन्तु हमारे चुने जनप्रतिनिधि शेख तैयब ने काफी प्रयास कर 100 केवीए के ट्रांसफार्मर की जगह 200 केवीए का ट्रान्सफार्मर उपलब्ध कराकर हमे राहत पहुंचाई है,इसके लिए इनका दिल से धन्यवाद ।इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ. जाकिर, अल्ताफ अंसारी, राजेश महतो, मो.आरिफ,हाजी साहब समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## अग्निवीर की ट्रेनिंग खत्म कर लौटा गणेश, संस्थान के द्वारा किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हज़ारीबाग रोड स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी बेंदगी गांव निवासी गणेश कुमार साव पिता हरि साव का पिछले ऑक्टबर माह में अग्निवीर में चयन हुआ था। अपनी ट्रैनिंग लखनऊ से समाप्त कर जून 2024 में अपने घर आए। इस अवसर पर दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट में सम्मान समारोह में संस्थान के संचालक अरुण शर्मा माला पहना कर व बुके देकर एवं साल ओढ़ाकर गणेश कुमार को समानित किए। शशि कुमार ने प्राउड मैडल पहना कर समानित किए। मौके पे गणेश कुमार ने कहा कि मेरी सफलता के पीछे मेरे घर वालों के साथ साथ दी आर्य भट्ट परिवार ने हरकदम मार्गदर्शन कर मेरे सपनों को साकार किए। बताते चले कि दी आर्य भट्ट संस्थान में क्लासेज 8 से स्नातक की पढ़ाई कराई जाती है। इंटर में आर्ट्स,कॉमर्स एवं साइंस की पढ़ाई अनुभवी शिक्षकों द्वारा कराई जाती है। कम्पटीशन क्लासेज में एसएससी (जीडी, सीजीएल), सीएचएसएल, झारखण्ड पुलिस) एवं सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। मौके पर संचालक अरुण शर्मा, शिक्षक राजेन्द्र कुमार, शशि कुमार, सिमा कुमारी, सन्ध्या कुमारी, कमलकांत, कमल प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने समर्थकों का जताया आभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नए सांसद मनीष जायसवाल को लगभग पौने तीन लाख वोटो के अंतर से निर्वाचित होने पर भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने खुशी जाहिर करते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा और आजसू समर्थकों का आभार व्यक्त किया है। तमाम भाजपा और आजसू के कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्षों, शक्ति केन्द्र संयोजक, सहसंयोजक, मंडल कार्यसमिति सदस्यों, कार्यकर्ताओं, एनडीए गठबंधन के साथियों समेत तमाम समर्थकों मतदाताओं का आभार प्रकट किया। साथ ही साथ प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथियों को भी धन्यवाद ज्ञापन किया। आभार व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से मंडल कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद उर्फ ज्ञानी, बड़कागांव पूर्वी किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, उपाध्यक्ष अशोक साहू, जागेश्वर तूरी, रंजीत साहू के अलावा कई लोग शामिल हैं।

## चरही चौक मे हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल का किया गया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल का हजारीबाग से दिल्ली जाने के क्रम में चरही चौक में भाजपा मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह के नेतृत्व में एनडीए के नेता एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।कार्यक्रम के पश्चात सांसद के द्वारा चरही में रोड शो कर लोगों का आभार प्रकट किया एवं वीर शहीद स्वर्गीय जयवीर महतो के प्रतिमा पर जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश सहसंयोजक जैविक ऊर्जा प्रकोष्ठ झारखंड द्वारिका सिंह बीना मिश्रा आजसू केंद्रीय सदस्य सुरेंद्र महतो मंडल महामंत्री रोहित महतो मांडू विधानसभा कोर कमिटी सदस्य डॉ रामसेवक प्रसाद महिला मोर्चा अध्यक्ष आशा राय पूर्व मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह प्रवीण यादव संजय साहू घनश्याम महतो सुनीता देवी सतीश साहू गौतम सिंह महादेव विश्वकर्मा रमेश यादव रामराज सिंह संजय सिंह भूमपाल ठाकुर जोगिंदर बरनवाल बिरेंदर सिंह भाजपा आजसू जदयू के कई नेता एवं कार्यकर्ताओं उपस्थित थे ।

## आकाश इंस्टीट्यूट ने नीट परीक्षा में सफल हुए छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गुरुवार को सरायढेला स्थित आकाश मेडिकल आईआईटी जेईई फाउंडेशन के छात्र-छात्राओं के नीट में बेहतर प्रदर्शन के लिए सफल होने के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में केक काटकर एवं सभी छात्र-छात्राओं को गुलदस्ता एवं फूलमाला पहना उनके शिक्षकों ने उज्जवल भविष्य की बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों के चेहरे पर उनके बच्चों की सफलता की खुशियां झलक रही थी और सभी अभिभावक अपने बच्चों को सम्मानित होते हुए यादगार पल कमरे में कैद कर रहे थे। आकाश इंस्टीट्यूट से कुल 20 छात्र-छात्राओं में सफलता हासिल किया जिसमें 15 छात्र-छात्राओं ने 650 प्राप्तांक, 45 बच्चों ने 600 प्राप्तांक हासिल कर परीक्षा में सफल हुए। आकाश की छात्रा ऋषिका कुमारी ने अधिकतम प्राप्तांक 692 प्राप्त किया।वहीं शिवम सिद्धार्थ ने 685, आशिया मरियम 683, आकाश कुमार सिंह 671, साकिब हसन 667, कोमल कुमारी 644, सुचिंतन मुखर्जी 662 श्रेया 660 सूरत कीर्ति सिंह 658 निलेश सील, 656 मोहम्मद असजद आलम 655, शुभी गुप्ता 654, आर्यन प्रियदर्शी 652 समीप अन्य छात्रों ने 600 प्लस अंक लाकर सफल हुए। आकाश के शिक्षक देवव्रत भट्टाचार्य ने ऋषिका कुमारी को बधाई दी और कहा कि बाकी के 650 प्राप्तांक लाए 15 स्टूडेंट का मेडिकल कॉलेज में जाना तय है।उन्होंने कहा आकाश में नीट के प्रोग्राम में तीन तरह का मेडिकल कोर्स चलाया जाता है,पहला कोर्स 2 ईयर मेडिकल 11वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स के लिए, दूसरा कोर्स 1 ईयर मेडिकल जिसमें 11वीं पास स्टूडेंट्स के लिए तीसरा कोर्स रिपीटर मेडिकल कोर्स जो ट्वेल्थ पास बच्चों के लिए होता है जो नीट में सफिशिएंट स्कोर नहीं कर पा रहा है या कट ऑफ नहीं कर पा रहा है तो इस कोर्स के थ्रू उसे स्टूडेंट को बहुत अच्छा प्रिपरेशन करवाते हैं साथ ही बताया कि क्लासरूम कोर्स के द्वारा बेनिफिट तो ले ही सकता है इसके अलावा वन टू वन डाउट सेशन भी क्लास के बाद ले सकता है, साथी संदेश दिया कि जो बच्चा कट ऑफ मार्क्स नहीं कर पाएं हैं उसे हताश होने की आवश्यकता नहीं हमारे मार्गदर्शन में फिर आगे और भी मेहनत करके सफलता हासिल किया जा सकता है।

# जदयू की जीत पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दी बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बिहार के मुख्यमंत्री जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को दिल्ली स्थित उनके आवास पर बिहार में एनडीए के धमाकेदार जीत को लेकर पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद खीरू महतो, धनबाद जदयू जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह तथा जदयू के अन्य नेताओं ने संयुक्त रूप से बधाई दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एनडीए ने बेहतर प्रदर्शन किया है। जिसका मुख्य श्रेय कार्यकर्ता को जाता है। कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ता के सहयोग के बिना बेहतर प्रदर्शन की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार आगामी 5 वर्षो में विकास की एक लंबी लकीर खींचने का काम करेगी जो इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगा। झारखंड के आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए मजबूती के साथ उभरेगी और स्थाई सरकार बनाने का काम करेगी। जनता झारखंड के वर्तमान सरकार से ऊब चुकी है। झारखंड में नोटों का पहाड़ मिल रहा है। जिसके कारण झारखंड की जनता झामुमो, कांग्रेस, राजद के नेताओं के चाल तथा चरित्र भली भांति जान चुकी है।जनता झारखंड की वर्तमान सरकार को और झेलने की तैयारी में नहीं है। उक्त मौके पर जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संसदीय दल के नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, राज्यसभा सांसद संजय झा, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद खीरू महतो, धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, युवा प्रकोष्ठ के वरिष्ठ नेता सह मांडू विधायक सभा क्षेत्र के प्रभारी दुष्यंत कुमार पटेल समेत बिहार से जदयू के सभी नवनिर्वाचित सांसद पहुंचे थें।

# भू अधिग्रहण के मामले में जल्द हो मुआवजा का भुगतान, जिला जज ने पदाधिकारियों को दिया निर्देश

- 29 जून को राजस्व संग्रहण भू अधिग्रहण पर विशेष लोक अदालत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सिविल कोर्ट धनबाद मे 29 जून 24 को एक दिवसीय भू अधिग्रहण, राजस्व संग्रहण से संबंधित मुकदमों के निपटारे के लिए स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसको लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में गुरूवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने जिला प्रशासन, बीसीसीएल, ईसीएल, सेल, टाटा, रेलवे, डीवीसी पिएसयू अधिकारियों व नगर निगम के अधिकारियों, अधिवक्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रशासनिक पदाधिकारीयों को निर्देश दिया कि ज्यादा से ज्यादा विवादों का निपटारा नेशनल लोक अदालत में कराएं ताकि पक्षकारों को परेशानी ना हो और उन्हें उचित मुआवजा मिल सके। इस बाबत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि 29 जून को भू अधिग्रहण राजस्व संग्रहण के मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत लगाई जाएगी जिसके लिए 24 जून से लेकर 28 जून तक प्री सिटिंग बैठक भी आयोजित की गई है। स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष हर विभाग में कैंप कोर्ट लगाकर मौके पर विवादों का निपटारा करेंगे। न्यायिक पदाधिकारी को भी जिला जज ने निर्देश दिया है कि वैसे मामलों को चिन्हित करें जिनका निपटारा विशेष लोक अदालत में किया जा सकता है। इस मौके पर स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष पीयूष कुमार, अवर न्यायाधीश स्वेता कुमारी, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एलआरडीसी संतोष गुप्ता, डीएफओ विकास पलीवाल, जिले के सभी अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, नगर निगम के अधिकारी, रेलवे, टाटा, बीसीसीएल, ईसीएल सेल, बैंक अधिकारी एवं पीएसयू अधिकारी उपस्थित थे।

## सुहाग की लम्बी उम्र के लिये सुहागिनो ने किया वट सावित्री पूजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सुहाग की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने भक्ति भाव व श्रद्धा विश्वास के साथ वट सावित्री की पूजा सरिया प्रखंड के कई जगहों मे मनाया गया, इस अवसर पर सुहागिनों ने बरगद के पेड़ के पास पति की लंबी आयु की कामना के लिए पूजा-अर्चना की।सुहागिनों ने अक्षय वट की परिक्रमा करते हुए वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधकर सभी व्रतियों ने पति की लंबी आयु की कामना की। वट सावित्री व्रत के दौरान महिलाओं ने संपूर्ण श्रृंगार कर वट वृक्ष को धागा से लपेटे हुए सात बार वट वृक्ष की परिक्रमा कर अपने पति की लंबी आयु के लिए प्रार्थना की।

## ठनका गिरने से दो की मौत, चार घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गोंदूडीह ओपी क्षेत्र के कुसुंडा तालाब के निकट बुधवार की रात को ठनका गिरने से दो युवक की मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गए। मृतको में कुसुंडा भुइयां बस्ती निवासी 22 वर्षीय सुमित भुइयां व बसेरिया चार नंबर बस्ती निवासी 40 वर्षीय ललन यादव की मौत हो गई। वहीं बसेरिया की 35 वर्षीय रिंकू देवी, 32 वर्षीय भालू देवी, 46 वर्षीय मिथिलेश यादव व 14 वर्षीय हरे राम यादव घायल हो गए। बस्ती के लोग तेज आंधी पानी के समय मवेशियों को ढूंढने निकले थे। उसी समय सुमित भुइयां कतरास से आउटसोर्सिंग से कम कर घर लौट रहा था। कुसुंडा तालाब में हाथ पैर धोने पहुंचा, तभी अचानक बिजली गिर गई। जिसकी चपेट में आने से सुमित के साथ ललन यादव घायल हो गया। लोगों के सहयोग से दोनों को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। घटना में ललन यादव की पत्नी भालू देवी और पुत्र हरे राम यादव भी घायल हो गए। घायल हरे राम यादव ने बताया कि शाम को मोटरसाइकिल से पिताजी के साथ जानवर ढूंढने के लिए निकले थे। बसेरिया एरिया 5 नंबर के पास अचानक पिता ललन यादव के ऊपर बिजली गिर गई, जिससे वह वहीं गिर पड़े। पेट का कुछ भाग जल गया। बाद में स्थानीय लोगों ने गोंदूडीह ओपी पुलिस को घटना की जानकारी दी।

# अखंड सुहाग की कामना के साथ पूरे गिरिडीह में की गई वटवृक्ष सावित्री की पूजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिला में अखंड सुहाग की कामना के साथ गुरुवार को पूरे गिरिडीह में वटवृक्ष सावित्री का व्रत किया गया। यहां अखंड सौभाग्य प्राप्त करने के लिए महिलाए व्रत रखकर वट वृक्ष तथा यमदेव की पूजा अर्चना की। भारतीय संस्कृति में यह व्रत आदर्श नारीत्व का प्रतीक एवं पर्याय बन चुका है। वट सावित्री व्रत में वट और सावित्री, दोनों का विशेष महत्व है। लोगों ने बताया कि सनातन संस्कृति के उत्कृष्ट सनातन जीवन मूल्यों के परिचाय इस व्रत से जुड़ी सावित्री-सत्यवान की पौराणिक कथा से प्रायः हर सनातनधर्मी भली भांति परिचित है। वैदिक युग का वह अद्भुत घटनाक्रम आज भी पढ़ने- सुनने वाले दोनों को अभिभूत कर देता है। ऐसा विलक्षण उदाहरण किसी अन्य धर्म-संस्कृति में मिलना दुर्लभ है।कहते हैं कि महा सती सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे ही मृत्यु के देवता यमराज से अपने मृत पति का पुनर्जीवन हासिल किया था। तभी से वट वृक्ष हिन्दू धर्म में देव वृक्ष के रूप में पूज्य हो गया। इस महाव्रत में स्त्री शक्ति की प्रबल जिजीविषा की विजय के महा भाव के साथ हमारे जीवन में वृक्षों की महत्ता व पर्यावरण संरक्षण का पुनीत संदेश भी छुपा है। इसी संदेश के साथ सुहागन महिलाओं ने खूब भक्ति भाव के साथ इस व्रत को रखा और नियम के अनुसार पूजा उपासना की और वटवृक्ष में धागा बांध कर परिक्रमा कर के पति से आशीर्वाद ली और फल ग्रहण कर व्रत खंडीत की।

## धनबाद रेल मंडल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद रेल मंडल मे अंतर्राष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस 2024 मनाया गया। इस अवसर पर धनबाद मंडल के रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा द्वारा हरी झंडी दिखा कर डीआरएम कार्यालय से धनबाद रेलवे स्टेशन तक प्रभात फेरी निकाली गई। लोगों में जागरूकता पैदा करने हेतु धनबाद रेलवे स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा यात्रियों के बीच पैम्पलेट वितरित किए गए एवं भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए लोगों से अपील किया गया कि पैदल या गाड़ी से रेलवे लाइन वहीं पार करें जहाँ अधिकृत रेलवे क्रासिंग हो। गलत तरीके से रेल फाटक पार करने की वजह से अपनी जान के साथ-साथ अन्य यात्रियों की जान को जोखिम में न डालें। कुछ पल का इंतजार आपकी एवं अन्य लोगों की जिंदगी बचा सकती है। इस अवसर पर मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## मनईटांड़ पत्राकुल्ही रोड में फलहारिणी काली पूजा हुआ संपन्न



**धनबाद :** गुरुवार को मनाइटांड़ पत्राकुली रोड स्थित काली मंदिर में फलहारिणी काली पूजा मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर का पुजारी तरुण गोस्वामी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष जेठ अमावस्या के दिन फलहारिणी काली पूजा किया जाता है और पुराना मूर्ति को विसर्जन कर नया मूर्ति स्थापित कर पूजा किया जाता है। निशि रात्रि में काली पूजा किया जाता है और पूजा के दूसरे दिन सुबह भोग वितरण किया जाता है। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं नमन करने आते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं। श्रद्धालुओं में मुख्य रूप से झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी, राणा चट्टराज, बादल सरकार, वरुण गोस्वामी, डॉ रवि शंकर सेनगुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

## बाल गोपाल चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया पौधरोपण



**धनबाद :** बलियापुर प्रखंड अंतर्गत आमटाल पंचायत के ग्रामथान प्रांगण मे बाल गोपाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पौधरोपण किया गया। ट्रस्ट के सदस्य बाबू भट्टाचार्य ने बताया कि वर्तमान में मानव जीवन पर पर्यावरण प्रदूषण सबसे बड़ा संकट बनकर आया है। ऐसे में आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण को अनुकूल बनाने में हर व्यक्ति को अपने आसपास एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। कहा कि मानव और पर्यावरण एक दूसरे के पूरक हैं। दिन प्रतिदिन पृथ्वी से वृक्षों के कम होने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। हमारी बुरी आदतें जैसे बेवजह पानी बर्बाद करना, पॉलिथीन का उपयोग, वृक्षों की कटाई आदि से पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौके पर बाबू भट्टाचार्य, रंजीत चक्रवर्ती, मुकेश बाऊरी, दयाल बाऊरी, बिनय भंडारी, आशीष चटर्जी, काजल दे, बादल पाल, तापस पाल, बीरबल बाउरी, मिन्टू चंद्र, पिन्टू पाल आदि मौजूद रहे।

## अग्नि वीर आर्मी ट्रेनिंग पूरा करने के बाद जवान लौटा गांव, ग्रामीण में उत्साह



**गावां :** गावां प्रखंड अंतर्गत पिहरा पूर्वी पंचायत स्थित खास पिहरा के जितेंद्र कुमार पिता मकसूदन यादव का चयन अग्नि वीर आर्मी जवान भारतीय सेना में हुआ था अग्नि वीर 8 महीना ट्रेनिंग पूरा करने के बाद जवान जितेंद्र कुमार पहली बार अपने घर वापस आए इससे घरवालों एवं ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिला डीजे बजे के साथ क्षेत्र भ्रमण कर माता रानी के मंदिर में आशीर्वाद प्राप्त किया मौके पर युवा समाजसेवी पप्पू यादव ने शुभकामना एवं बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना किया! उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ही देश के रियल हीरो है मौके पर क्षेत्र के दर्जनों युवक शामिल हुए !

## रिश्वत लेते मुखिया को रंगे हाथ एंटी करप्शन ब्यूरो ने पकड़ा



**जमुआ :** प्रखंड चरखरा मुखिया महावीर दास को धनबाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम में गुरुवार को रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोच लिया। एसीबी टीम ने 9000 घूस लेते हुए उसे गिरफ्तार किया है। बताया गया की मुखिया ने एक गरीब महिला से अबुआ आवास के नाम पर पैसे की मांग की थी। महिला पैसा देने में असमर्थ थी। जिसके बाद महिला ने एसीबी टीम धनबाद को इसकी सूचना दी। सूचना के सत्यापन के बाद एसीबी टीम चरखरा पंचायत सचिवालय पहुंची और मुखिया को 9000 रुपया घूस लेते हुवे रंगे हाथों गिरफ्तार किया। बाद में इसे जमुआ थाना ले गई। जहां इसके हाथ धुलाई की गई। तो हाथ में रंग से पता चला कि मुखिया ने वही पैसा लिया है जिसे एसीबी टीम ने महिला को घूस देने के लिए दिया था। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद एसीबी की टीम इसे अपने साथ धनबाद ले गई।

## माहुरी समाज ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** माहुरी वैश्य मंडल कतरास शाखा के तत्वावधान में गुरुवार को माहुरी समाज भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 10 + 2 कॉमर्स के जिला टॉपर तथा राज्य में तीसरा स्थान लाने वाले संकेत गुप्ता सहित आईसीएसई एवं झारखंड बोर्ड के दसवीं एवं 12वीं के दर्जनों सफल छात्र छात्राओं के बीच प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। माहुरी वैश्य मंडल के केंद्रीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से होनहार बच्चों का मनोबल बढ़ता है। माहुरी समाज हमेशा सामाजिक कार्यो में पर बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती है। मौके पर माहुरी समाज के केंद्रीय मंत्री राजकुमार, कतरास शाखा के अध्यक्ष बबलू गुप्ता, सचिव नीरज कुमार गुप्ता, निवर्तमान पार्षद विनायक गुप्ता, प्रकाश राम गुप्ता, अधिवक्ता अवधेश प्रसाद गुप्ता, बाल गोविंद गुप्ता, संजय गुप्ता, दिलीप गुप्ता, रजनीश गुप्ता, संदीप गुप्ता, राजेश गुप्ता महिला समिति के सचिव शिखा गुप्ता, रुचि गुप्ता, रजनी गुप्ता, संगीता गुप्ता, सुधा गुप्ता, अर्चना गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, रेणू सेठ, दीप्ति गुप्ता, नीतू गुप्ता, संगीता सेठ आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन रजनी गुप्ता एवं रेखा गुप्ता ने की। कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ता शत्रुघ्न राम गुप्ता के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।

## छोटी यादव हत्याकांड के मुख्य आरोपियों ने किया सरेंडर




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में हुए छोटी यादव हत्याकांड का मुख्य आरोपी राहुल यादव और प्रदीप यादव ने किया सरेंडर, पुलिसिया दबाव में किया कोर्ट में आत्म समर्पण किया।वही बीते 15 मई को सिहोडीह का रहने वाला छोटू यादव सुबह के लगभग 8 बजे उसके घर में चल रहे विवाद को लेकर वकील से मिलने कोर्ट आ रहा था। इसी दौरान बैंक ऑफ इंडिया टैक्सी स्टैंड के पास 8ङ्क10 युवकों ने उसे घेर कर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में छोटु यादव गंभीर रूप से घायल हुआ था।इलाज के लिए धनबाद ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक के परिजनों की शिकायत पर नगर थाना में केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने 17 मई को हत्याकांड में शामिल एक आरोपी चांद दास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# पूर्व मध्य रेल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस का किया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस के अवसर पर आज दिनांक 06.06.2024 को पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश की उपस्थित में हाजीपुर स्टेशन के पास समपार संख्या 54 पर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । समपार सं. 54 पर आयोजित कार्यक्रम में रेलवे क्रासिंग को लेकर विभिन्न मुद्दों से लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से भारत स्काउट एवं गाइड, सोनपुर द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक,सोनपुर श्री विवेक भूषण सूद, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री प्रभात कुमार सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे । आज सोनपुर, समस्तीपुर, दानापुर, धनबाद एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडलों में मानवरहित/मानव सहित समपार फाटक पार करते समय बरती जाने वाले सावधानियों से संबंधित जानकारियां पहुंचाने के उद्देश्य से सड़क उपयोगकर्ता के मध्य बैनर, पम्पलेट एवं हैंडबिल का वितरण तथा जगह-जगह पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। साथ ही गेटमैन तथा आमलोगों की काउंसलिंग भी की गई । इस दौरान रेल सुरक्षा बल, स्काउट एवं गाइड के सदस्यों आदि ने लोगों को रेलवे क्रासिंग पार करते समय बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया । सड़क उपयोगकर्ताओं से अपील की गई कि आपका जीवन अमूल्य है ऐसे में रेलवे फाटक बंद होने पर धैर्य रखें तथा फाटक खुलने पर ही रेलवे ट्रैक पार करें । रेलवे ट्रैक पार करते समय ईयर फोन/मोबाईल आदि का उपयोग कदापि ना करें । समपार फाटक पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने के लिए भारतीय रेल द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं । समपार फाटक के पास पहुंच रहे मोटरचालक के लिए आगे रेलवे क्रॉसिंग है, संबंधी साइन बोर्ड लगाए गए हैं । इसके बाद उन्हें स्टॉप बोर्ड भी मिलता है । गाड़ी की गति को धीमी करने के लिए स्पीड ब्रेकर एवं रबर स्ट्रिप्स की व्यवस्था भी की गई है । मानव सहित समपार फाटकों पर तैनात गेटमैन की सजगता की जांच के लिए आकस्मिक निरीक्षण किए जाते हैं । यदि कोई ट्रेन किसी समपार से 110 किलोमीटर प्रति घंटा की गति गुजरती है तो इसे 100 मीटर की दूरी तय करने में केवल चार सेकेंड ही लगते हैं । इसलिए समपार फाटक पार करते समय अत्यधिक सावधानी बरतने की जरूरत है । समपार फाटक नजदीक आने पर गाड़ी का म्यूजिक सिस्टम के साथ-साथ इयरफोन का प्रयोग करना खतरनाक सिद्ध हो सकता है ।

## झरिया रिसोर्स सेंटर में दिव्यांग बच्चों ने मनाया श्रीति का जन्मदिन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** समावेशी शिक्षा के झरिया रिसोर्स सेंटर में सेरेब्रल पाल्सी के दिव्यांग श्रीति कुमारी राय का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर रिसोर्स सेंटर से जुड़े बड़ी संख्या में दिव्यांग छात्र छात्राओं ने उपस्थित होकर श्रीति राय को बधाईयां दी। सबसे पहले झरिया रिसोर्स सेंटर के फिजियोथैरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह एवं रिसोर्स शिक्षक अखलाक अहमद ने दिव्यांग श्रीति को चंदन का पौधा दे कर स्वागत किया। फिर केक काट कर बर्थडे सेलीब्रेट किया गया तथा खूब मिठाईयां और चॉकलेट बाटी गई। अंत में सभी दिव्यांग बच्चो को रिटर्न गिफ्ट में एक एक स्कूल बैग प्रदान किया गया। उपहार पा कर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

**OFFICE OF THE SUPERINTENDENT OF POLICE**
**RAMGARH, JHARKHAND**
Tel: - 06553- 261520 Fax: - 261519
E mail: - sp-ramgarh@jhpolice.gov.in

Memo No: -100/मी०से० 06 /06/2024

**सूचना**

रामगढ़ जिला के विभिन्न थाना/ओ0पी0 क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित सभी पान/सुपारी/गुटखा एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों के विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड दुकान स्थापना अधिनियम–2001 के नियम–07 के अनुसार कोई भी पान/सुपारी/गुटखा एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद से संबंधित दुकान/प्रतिष्ठान के खुले रहने की अवधि प्रातः–08:00 बजे से रात्रि–10:00 बजे तक होगी। इस निर्धारित अवधि से अतिरिक्त कोई भी दुकान/प्रतिष्ठान को खुला नहीं रखा जाएगा। इस संबंध में सभी संबंधित दुकान/प्रतिष्ठान के संचालक उक्त नियम का अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा आपके विरूद्ध विधि–सम्मत् कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

ह०/–
पुलिस अधीक्षक, रामगढ़

PR 325316District(24-25)#D

**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग**

**-: आम सूचना :-**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 रघुवीर प्रजापति
↓
यशोदा देवी (पत्नी)
↓
संजय प्रजापति | संगीता देवी | अजय कुमार | राजीव कुमार | वीणा देवी

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग।

PR.NO.325311 District(24-25):D

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




### संक्षिप्त खबरें

#### राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति सभागार में नवनिर्वाचित सुखदेव भगत का हुआ भव्य स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** गुरुवार को एम जी रोड वीर शिवाजी चौक स्थित झखरा कुम्बा में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला समिति ने नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत को जिला समिति के द्वारा आदिवासी रीति रिवाज पराम्परागत वेशभूषा सांस्कृतिक कला लोटा में जल, अरवा चावल से चुमाकर मांदर की थाप से स्वागत किया गया। इसके उपरांत जिला धर्मगुरु फूलकेश्वर उरांव की अगुवाई में सरना स्थल में आदिवासी पराम्परा अनुष्ठान अन्न आदि शक्ति प्रार्थना बिनती अर्जी की गई। इसके बाद सांसद सुखदेव भगत के हाथों से जिला धर्मगुरु फुल्केश्वर उरांव ने प्रवचन विनती करके करम पेड़ में जल एवं माथा टेककर सुख समृद्धि के लिए विनती प्रार्थना किया गया। मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि जब मैं 2024 लोकसभा चुनाव के लिए नॉमिनेशन कराने जा रहा था।

# चुनाव ड्यूटी कर वापस लौटे जवान ने ए एस आई धर्मेंद्र सिंह को मारी गोली, मौके पर ही मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** लोहरदगा में पुलिस बल के जवान ने ए एस आई धर्मेंद्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। बताया जा है की बुधवार को अनंत सिंह मुंडा जो की पुलिस बल का जवान है वह चुनावी ड्यूटी करके बुधवार को लोहरदगा वापस लौटा था। जिसके बाद आरोपी अनंत सिंह मुंडा थोड़ा परेशान था।अनंत सिंह मुंडा को परेशान देखकर ए एस आई धर्मेंद्र सिंह उससे पूछताछ तथा समझने के लिए गए थे इसी दौरान देर रात अनंत सिंह मुंडा ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियों की बौछार कर दी जिसके बाद गोली लगने से धर्मेंद्र सिंह के मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे।बताया जा रहा है को आरोपी अनंत सिंह मुंडा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसने अपने सर्विस रायफल से ताबड़तोड़ फायरिंग



कर दी थी। घटना की सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमां मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। उधर घटना के बाद आरोपी अनंत सिंह फरार हो गया था। खबर है कि आरोपी जवान ने कुछ दिन पहले छुट्टी की अर्जी भी डाली थी लेकिन उसकी छुट्टी मंजूर नहीं हुआ था। अंदाजा लगाया जा रहा है की इसी मामले के आक्रोश में आकर जवान ने फायरिंग की है।घटना के बाद आरोपी जवान ने खुद को बंद एक कमरे में बंद कर लिया था।इधर घटना के बाद पहुंची पुलिस टीम बुलेट प्रूफ जैकेट पहनकर आरोपी पर काबू करने की कोशिश करने में जुटे रहे। इधर गुरुवार को घटना के 12 घंटे के बाद भारी कोशिशों के बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तथा इस घटना मामले में पूछताछ कर रही है।

### ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को किया जा रहा है सुदृढ़ : विधायक भूषण बाड़ा

## जीईएल प्रावि कोनजोबा में बने भवन का बिशप निस्तार कुजूर और विधायक भूषण बाड़ा ने फीता काटकर किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** केरसई प्रखंड के जीईएल प्रावि कोनजोबा में बने नवनिर्मित विद्यालय भवन का बिशप निस्तार कुजूर और विधायक भूषण बाड़ा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर बिशप निस्तार कुजूर के द्वारा मिस्सा पूजा की गई। साथ ही उन्होंने विद्यालय भवन में आशीष जल का छिड़काव किया। मौके पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों को हर स्तर पर सुधारा जा रहा है। आज सभी स्कूलों में पर्याप्त मात्रा में शिक्षकों की बहाली की गई है। भवनों की कमी को देखते हुए तेजी के साथ प्राथमिकता के आधार पर भवन का निर्माण किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इन सभी स्कूलों में शहरी स्कूलों के तर्ज पर पर्याप्त सुविधाएं बहाल करने का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने कहा कि गांव के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलने का पुरा अधिकार है। इसी को ध्यान में रखकर ग्रामीण



शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने, उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज के समय में मनुष्यों का सबसे बड़ा हथियार शिक्षा ही है। शिक्षा के बिना मनुष्य की जीवन अधूरा है। **अल्पसंख्यक स्कूलों का तेजी से हो रहा है विकास हुआ : जोसिमा खाखा :** मौके पर उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा अल्पसंख्यक स्कूलों का विकास करने का लगातार काम कर रहे हैं। विधायक के सकारात्मक प्रयास का ही नतिजा है कि बंद होने के कगार पर पहुंचे ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित अल्पसंख्यक स्कूलों का तेजी से विकास हुआ है। पर्याप्त संसाधान उपलब्ध कराए जा रहे हैं। गांव के बच्चे भी इन सभी सुविधाओं का लाभ उठाएं। मौके पर जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, पादरी प्रेमचंद बाड़ा, पादरी नीरोफर लकड़ा, पादरी असप मिंज, सेंट्रल डायोसिस सचिव एलेम बेक, जोलजस कुजूर, नॉवेल मिंज, निर्मला शोसण खेस, उर्मिला केरकेट्टा, समीर कुल्लू, पौल खलखो आदि उपस्थित थे।

## लोहरदगा सदर ब्लाक परिसर में सुहागिन महिलाओ ने किया वट सावित्री व्रत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** लोहरदगा ब्लॉक परिसर अंतर्गत शिव मंदिर के समीप के अलावे जिले भर में गुरुवार सुबह से ही वट सावित्री पूजा की धूम देखी गई। यहा हर सुहागिन महिलाएं अपने सुहाग के लंबी उमर तथा सदा सुहागन रहने के लिए पूजा पाठ करती हैं और वर मांगती है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुवार को ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि के दिन वट सावित्री व्रत किया गया और इस दौरान सुहागिन महिलाएं विधि-विधान से बरगद के पेड़ की पूजा की गई। इस साल वट सावित्री का व्रत गुरुवार को वट सावित्री के दिन वट यानी बरगद के पेड़ की पूजा की गई। साथ ही माता सावित्री की कथा सुनी जाती है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, वट सावित्री का व्रत रखने से पति के ऊपर मंडरा रही हर संकट टल जाती है और दांपत्य जीवन भी सुखमय, खुशहाल बना रहता है। हिंदू मान्यताओं में बरगद के पेड़ को पूजनीय स्थान दिया गया है। कहते हैं कि इस एक वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवताओं का वास होता है। इसलिए यदि पूरी विधि के साथ वट वृक्ष का पूजन करने से सभी देवताओं का आशीर्वाद मिलता है।वट सावित्री व्रत के दिन इसलिए बरगद के पेड़ का पूजन करना महत्वपूर्ण व शुभ माना गया है। पुराणों के अनुसार बरगद का पेड़ अकेला ऐसा वृक्ष है जो कि 300 से ज्यादा सालों तक जीवित रहता है यानि इस पेड़ की आयु बहुत लंबी होती है। पौराणिक कथा के अनुसार जब यमराज ने सत्यवान के प्राण छीन लिए थे तो उनकी पत्नी सावित्री ने बरगद के पेड़ के नीचे सत्यवान को लिटाया और वहीं बैठकर पूजन किया गया। जिसके बाद ज्येष्ठ अमावस्या के दिन सत्यवान को प्राण वापस मिल गए। तभी से वट सावित्री व्रत व पूजा का विधान है। इस व्रत में वट वृक्ष की परिक्रमा की जाती है और जिसमे मानता अनुसार कच्चा सूत बांधा जाता है।

## अखंड सुहाग के लिये महिलाओं द्वारा की गई वट सावित्री पूजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न गाँवों महिलाओं द्वारा अखण्ड सुहाग की रक्षा के लिये विभिन्न वट वृक्षों के नीचे वट सावित्री की पूजा की गई। महिलाएं धार्मिक कार्यों में निपुण होती हैं,अपने घर परिवार व पति की रक्षा के लिये अनेको तरह के पूजन करती हैं। उसी क्रम में गुरुवार को प्रखण्ड क्षेत्र के सभी जगहों मे सुहागिन महिलाओं द्वारा वट सावित्री व्रत का पूजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के गगेया, सेरेंगहातु, बदला, सेन्हा, अरुचौकनी, बुटी, झखरा, कोराम्बे, बरही, सीठीयो, चितरी सहित अन्य गाँवों में सुहागिन स्त्रियों द्वारा सोलहो श्रृंगार करके सिंदूर, रोली, फूल, अक्षत, सिंदूर, रोली, फल, चना और मिठाई से पति का दीर्घायु जीवन के लिये तथा अपनी अखंड सुहाग की रक्षा के लिये भगवान सत्यवान और देवी सावित्री का प्रतीक वरगद पेड़ की पूजा की गई। सभी लोगो ने वट वृक्ष के नीचे पूजा कर भगवान सत्यवान और देवी सावित्री का कथा का श्रवण की साथ ही सुविधा अनुसार लोग घरों के अंदर या अन्य जगहों पर बरगद डाली रखकर पूजा की गई। पूजन कार्यक्रम पंडित नर्मदेश्वर पाठक, अवनीश पाठक, राजेश पाठक, संजय गोस्वामी द्वारा सम्पन्न कराया गया। मौके पर सैकडों सुहागिन महिलाएं मौजूद रहे।

### 4 जून की मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर कलश यात्रा रहा सफल : रमेश साहू



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा में हुए 4 जून को मनोकामना सिद्ध दुर्गा मंदिर बरवाटोली के अध्यक्ष रमेश साहू जी ने सनातन समाज को नतमस्तक हो कर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा की इतनी भारी गर्मी में भी हमारी माता बहनों ने बिना रुके माता की जय जयकार करते हुए हज़ारो हज़ार की संख्या में कलश यात्रा को संपन्न किया है मैं आप सभी माता बहनों को मैं हर समय ऋणी रहूंगा। मेरे सभी मंदिर समिति के पदाधिकारीगण सभी दान दाता गण सभी धार्मिक संगठन के सदस्यगण आप सभी का सहयोग मुझे प्राप्त हुआ है। प्रशासनिक पदाधिकारीयो का भी भरपूर सहयोग हमारे समिति को प्राप्त हुआ मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूँ मीडिया के सभी साथीगण आप सभी ने शुरू से अंत तक सहयोग किये है। आप के सहयोग से सभी को जानकारी प्राप्त हुआ जिस कारण से इतनी भारी संख्या में कलश यात्रा कलश यात्रा में शामिल हुए।तथा उन्होंने मंदिर समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद कहे है।

### कांग्रेस ने भ्रम का जाल फैलाकर इस चुनाव में सफलता अर्जित किया है : ओम प्रकाश सिंह



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तथा वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा है कि पिछले तीन लोकसभा के चुनाव में भाजपा को यहां के मतदाताओं ने जिताकर भाजपा के नितियों का समर्थन किया था। जिसके कारण ही क्षेत्र में विकास के नये आयाम गढ़े गये। रेलवे, सड़क तथा विविध क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं का ध्यान में रखकर अन्य कार्य किए गए। श्री सिंह ने कहा की कांग्रेस ने भ्रम का जाल फैलाकर इस चुनाव में सफलता अर्जित किया है। संविधान को बदलने सरना कोड के संदर्भ में गलत बयानी कर आरक्षण को समाप्त करने का भय दिखा कर तथा एक लाख रुपये प्रत्येक वर्ष मिलने का प्रलोभन देकर क्षेत्र के मतदाताओं को भ्रमित किया गया,जिसके कारण भाजपा को नुकसान उठाना पड़ा भारतीय जनता पार्टी इस क्षेत्र के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है और भाजपा के कार्यकर्ता इसके लिए हमेशा संघर्ष करते रहेंगे।

## जिले के सभी मतदाताओं कार्यकर्ताओं का आभार : जिलाध्यक्ष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने जिले के सिमडेगा एवं कोलेबिरा दोनों विधानसभाओं के मतदाताओं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है।आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने भारतीय जनता पार्टी को दोनो विधानसभा से 1,20,674 वोट दिया है जो भारतीय जनता पार्टी के प्रति प्रेम समर्पण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी पर यकीन साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री सह प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के प्रति विश्वास को दर्शाता है इसीलिए भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा जिले के दोनों विधानसभा के मतदाताओं का आभार प्रकट करती है और उन्हें आशा और विश्वास दिलाती है कि भविष्य में जो भी कमियां और खामियां रही हैं उसे दूर कर विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सभी जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी शक्तिकेन्द्र संयोजक सहसंयोजक बूथ अध्यक्षों आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं की अपना कीमती समय निकालकर इस कड़ी धूप में भी अपना 100 प्रतिशत योगदान कार्यकर्ताओं ने दिया रिजल्ट भले ही आशा के अनुरूप न रहा हो पर हमलोगों को पूरी मजबूती से आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाना है और दोनो विधानसभा में अपने विधायक के साथ राज्य में अपनी सरकार बनानी है। साथ ही सिमडेगा विधानसभा के संयोजक विमला प्रधान एवं सहसंयोजक सुशील श्रीवास्तव ने मतदाताओं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है।

## जहां ईश्वर की कृपा होती है, वहां सभी कार्य होते हैं संपन्न : एनोस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** जीईएल चर्च कुड़पानी मंडली में गुरुवार को 27 वां वार्षिक संस्कार दिवस समरोह का आयोजन किया गया। मौके पर पादरी विभव केरकेट्टा और पादरी दुलार केरकेट्टा की अगुवाई में विशेष अराधनाकी गई। समारोह में मुख्य रुप से पूर्व मंत्री एनोस एक्का उपस्थित थे। मौके पर एनोस एक्का ने कहा कि परपिता परमेश्वर की कृपा से यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। जहां ईश्वर की कृपा होती है, वहां सभी कार्य संपन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि हमें निरंतर ईश्वर की स्तुती करने की आदल डालनी है। साथ ही समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा कायम रखनी है। एनोस ने कहा कि समाज के लोगों को संगठित रहना है। समाज को हम सभी को मिलकर आगे ले जाने का प्रयास करना है। समाज में व्याप्त कुरितियों को भी दूर करने के लिए हम में से प्रत्येक जन को आगे आने की जरुरत है। आज युवा वर्ग नशापान का शिकार हो रहे हैं। युवा वर्ग नशापान से दूर होकर समाज के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। समारोह को युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का ने भी संबोधित किया। समारोह में पवित्र गिरजा अराधना एवं प्रभु भोज का अनुष्ठान किया गया। उपासना सेवित मनीषा किड़ो के द्वारा किया गया। अंतिम प्रार्थना विभव केरकेट्टा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बाबूराम लकड़ा, जोसेफ डुंगडुंग, रसाल खलखो, साहदेव, प्रचारक इनोसेंट डुंगडुंग, लोबन बा~ आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत की जीत को लेकर समर्थकों ने निकाला विजय जुलूस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** लोहरदगा में हुए लोकसभा चुनाव 2024 में 4 जून को नवनिर्वाचित हुए कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के विजय होने के उपलक्ष्य में जिले के सभी प्रखंड कार्यकर्ता तथा समर्थकों द्वारा गुरुवार को लोहरदगा शहरी क्षेत्र में विजय जुलूस निकाला गया। इस दौरान जिले तथा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से आए समर्थक तथा कार्यकर्ता भारी संख्या में विजय जुलूस में शामिल होने के लिए पहुंचे थे।विजय जुलूस के दौरान कार्यकर्ताओं ने लोगों के बीच मिठाइयां इत्यादि बांटकर विजय होने का खुशी जाहिर की वहीं विजय जुलूस के दौरान शहर भर में बम तथा तरह-तरह के पटाखे आतिशबाजियों का नजारा देखने को मिला। बताते चलें कि लोहरदगा में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा के तरफ से प्रत्याशी के रूप में राज्यसभा सांसद समीर उरांव को मैदान में उतारा गया था तथा कांग्रेस के तरफ से प्रत्याशी के रूप में सुखदेव भगत को चुनाव में मैदान में उतारा गया था।चुनावी माहौल के दौरान निर्दलीय से चमरा लिंडा ने चुनाव लड़ने का ऐलान को लेकर लोहरदगा में हार जीत की काफी चर्चाएं होने लगी थी।परंतु जिस तरह से कांग्रेस पार्टी ने एकजुट होकर अपना चुनाव लड़ा जिसमें कांग्रेस से सुखदेव भगत ने भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव को लगभग 1,39,000 वोटो से पराजित किया है।

### सुहागिन महिलाओं ने वट-वृक्ष की पुजा अर्चना कर पति के दीर्घायु जीवन की कामना की

**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 06 जुन गुरुवार को प्रखंड के सभी 06 पंचायतों के गाँवो मे आज सुबह से ही प्रखंड की सुहागिन महिलाओं ने वट-वृक्ष की विधि विधान से पुजा अर्चना कर अपने अपने पति की दीर्घायु जीवन का किया कामना। इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न वट-वृक्ष के पास आचार्य कौशल कान्त त्रिपाठी जी के द्वारा पतिव्रता सावित्री एवं सत्यवान की कथा सुनाकर व्रतीयो का पूजन धूमधाम से कराया। मौके पर पुजा मे उपस्थित आचार्य कौशल कान्त त्रिपाठी जी ने कहा कि सतयुग मे सावित्री की पिताजी अपनी कन्या सावित्री की विवाह हेतू वर खोज पाने मे असफल हो गये तब अपने पुत्री से कहा कि जाओ पुत्री अपने पसंद का वर धूंड़ कर अपना विवाह रचा लो। तत्पश्चात कन्या सावित्री एक दिन वन विचरण को गई जहाँ उनकी नजर सत्यवान पर पड़ गई,सत्यवान सुन्दर दिव्य और आकर्षक युवक को देख सावित्री मन ही मन मे सत्यवान को अपने पति के लायक मान बैठी।

## लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से सुखदेव भगत ने रचा ऐतिहासिक जाने नोटा सहित कौन प्रत्याशी कितना लाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिले में लोक सभा चुनाव 2024 की के नतीजे 4 जून सामने आ आई। जिसमे लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से भारी बहुमतो के साथ कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव को 1,39,138 मतों से हराकर जीत दर्ज किए है।देखा जाए तो इस बार लोहरदगा लोकसभा का चुनाव बड़ा ही दिलचस्प भी और चौकाने वाला रहा।मंगलवार 4 जून को चुनावी नतीजों के दौरान दूसरे राउंड से लगातार कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत की बढ़त ने सबको चौका दिया था इस दौरान कार्यकर्ताओ के बीच इस बात की हलचल थी की कुछ समय के बाद नतीजों में बदलाव आयेगा परंतु ऐसा नहीं हुआ और अंत समय तक कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत की बढ़त बनी रही और जीत दर्ज किए। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में आने वाली पांचों विधानसभा क्षेत्र जिसमे मांडर, सिसई, गुमला, बिसुनपुर तथा लोहरदगा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने सभी विधानसभा से लीड रोल में दिखे।वही बिसुनपुर के हीरो कहे जाने वाले विधायक चमरा लिंडा ने आपने खुद के क्षेत्र में भी न सुखदेव भगत को मात दे पाए और ही समीर उरांव को इस विधानसभा क्षेत्र से सुखदेव भगत को 77,895, समीर उरांव को 63076 तो खुद चमरा लिंडा को मात्र 13,276 मतों की प्राप्ति हुई है।वही मांडर से भाजपा को 82,466 कांग्रेस को 1,31,383 निर्दलीय को 13,492 मत मिले है।सिसई की बात करे तो भाजपा को 62,288 मत कांग्रेस को 88,282 मत निर्दलीय को 3,498 मतों की प्राप्ति हुई है। वही गुमला विधान सभा से भाजपा को 61,799 मत कांग्रेस को 81,242 मत,निर्दलीय को 2,791 मत मिले है।जबकि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र होने के बावजूद भाजपा को 70,056 मत कांग्रेस को 97,310 मत निर्दलीय को 12025 मतों की प्राप्ति हुई है।जिसमे कुल पांचों विधानसभा क्षेत्र के पोस्टल बैलेट पेपर मतदान से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव को 4,215 मत कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को 6926 मत तथा निर्दलीय उम्मीदवार चमरा लिंडा को मात्र 916 मतों की गणना की गई है।इस दौरान लोहरदगा में लोक सभा 2024 के चुनाव के नतीजे के बाद परिणाम कुछ इस प्रकार रहे है कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को कुल 4,83,038 मत हासिल किए है। जबकि भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव को कुल 3,43,900 मत प्राप्त हुए है।

# मृतक ए एस आई को न्यू पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दिया गया श्रद्धांजलि

### हत्या घटना मामला में परिजनों ने लगाया पुलिस विभाग पर आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** बक्सीडीपा स्थित न्यू पुलिस लाइन में मृतक ए एस आई धर्मेंद्र सिंह को पोस्टमार्टम के पश्चात गार्ड ऑफ ऑनर के साथ श्रद्धांजलि दिया गया। मामला लोहरदग जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत रघुटोली में गोली कांड कस अंजाम पुलिस जवान के द्वारा दिया गया। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सहित जिले के अन्य पुलिस पदाधिकारी घटना का जायजा लेने घटना स्थल पहुंचे। आरोपी सिपाही अनंत सिंह मुंडा को पुलिस ने लगभग 10 घंटे बाद किया गिरफ्तार साथ ही ए एस आई के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। आरोपी सिपाही इंसास रायफल रखकर छत में घूम रहा था जिसके बाद 10 घंटे के कड़ी



मस्सकत के बाद पुलिस की टीम ने सिपाही को गिरफ्तार किया वही गिरफ्तार जिला पुलिस बल के जवान सिपाही के पास से इंसास रायफल भी बरामद हुआ। जिससे गोली चलाई गई गोली में ए एस आई धर्मेंद्र सिंह की मौत घटने स्थल पर हो गई। घटना एसपी आवास के पीछे की बताई जा रही है। हत्या के आरोपी सिपाही दुमका बोकारो से चुनाव ड्यूटी करवा कर वापस लौटा था और नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष बलराम साहू के घर पर परिवार संग भाड़े के मकान में रहता था। उसी घर पर मृतक एएसआई धर्मेंद्र सिंह भी परिवार के साथ भाड़े पर रह रहते थे। घटना बुधवार रात करीब नौ बजे की है। सिपाही अपने कमरे में चिल्लाते हुए गोली मारने की बात कह रहा था। तभी उसे समझाने गए एएसआई धर्मेंद्र सिंह पर गोली चला दी गोली एएसआई के सीने पर लगी जिसके बाद उनकी मौत घटना स्थल पर हो गई। बताया जा रहा है। सिपाही की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है काफी मकश्त के बाद लोहरदगा पुलिस अधीक्षक और पुलिस की टीम ने सिपाही पर काबू पाया गया। और आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर पूछताछ कि जा रही है। मृतक के परिजनो ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस विभाग पर सवाल खड़ा करते हुए बताया गोली लगने के कई घंटो तक एएसआई जिंदा थे लेकिन पुलिस आरोपी को पकड़ने में लगे रहे अगर आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं था तो उसे ड्यूटी पर क्यों लगाई गई थी। और रायफल क्यों दिया गया था। विभाग पूरे मामले पर लीपा पोती करने में लगी हुई है। मृतक एएसआई की बहन रूपा सिंह द्वारा आरोपी के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच करवाने तथा उसे कड़ी करवाई का मांग किया गया। जबकि मृतक ए एस आई के ससुर देवी सिंह ने पुलिस विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिला पुलिस पदाधिकारी के इशारे पर मामला को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। अगर पुलिस जवान का मानशिक स्थिति ठीक नही था तो ड्यूटी क्यों दिया गया सहित विभिन्न बिंदुओं पर परिजनों का इशारा हो रहा है। मृत जवान की पत्नी नीतू सिंह,20 वर्षीय बेटी गुनगुन कुमारी, बेटा सौम्य कुमार, मां शैल सिंह, भाई राकेश सिंह, विकास सिंह सहित अन्य परिजनों का रो रो का बूरा हाल है। मौके पर एसपी हारिश बिन जमा, मेजर शेरू रंजन, सार्जेंट विवेक कुमार, पुलिस एसोसियन के प्रदेश अध्यक्ष करण सिंह सहित लोहरदगा पुलिस बल के सैकडों जवान उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### यशस्विनी ने मतदाताओं का आभार जताया

**रांची :** रांची लोकसभा सीट से पराजय के बाद कांग्रेस पार्टी की यशस्विनी सहाय ने रांची की जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि काफी कम समय में जनता ने मुझे जो अपार स्नेह और प्यार दिया, उसके लिए मैं उनकी आभारी हूं और विश्वास दिलाती हूं कि यहां की जनता के साथ मैं सदैव खड़ी रहूंगी। यशस्विनी सहाय कांग्रेस भवन में गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने यहां से नवनिर्वाचित सांसद भाजपा के संजय सेठ को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने तीसरी बार मौका दिया है। उम्मीद है जनता के मुद्दों पर वह खरे उतरेंगे। सहाय ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और सोनिया गांधी सहित इंडी गठबंधन दल के तमाम सहयोगियों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कांग्रेस के प्रदेश, जिला, प्रखंड स्तर के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा मीडिया का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि हमारे पास सिर्फ 25 दिनों का समय था और इतने कम समय में जितना कर पायी, किया। काफी लोगों तक मैं नहीं पहुंच पाई, जिसका मुझे अफसोस है लेकिन जहां मैं नहीं पहुंच सकी, वहां जरूर जाऊंगी। रांची सहित राज्य के अन्य क्षेत्रों में महिला अधिकार और बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही थी, सामाजिक रूप से लोगों से जुड़ी रहती थी, यह चुनाव व्यक्तिगत रूप से मेरा पहला राजनीतिक अनुभव था, आगे भी मैं इन कार्यों से जुड़ी रहूंगी। इसके अलावा पलायन की समस्या से जूझ रहे लोगों की समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत रहूंगी। उन्होंने कहा कि चुनाव में जो मुद्दे हमने उठाए थे, उन पर निरंतर नजर रहेगी।

### मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिले विधायक इरफान अंसारी, समीक्षा रिपोर्ट सौंपी

**रांची :** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिलकर जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी ने गुरुवार को मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री को बताया कि इंडी गठबंधन कैसे झारखंड में लोकसभा की और सीटें जीत सकता था। जामताड़ा विधायक ने इसके लिए बकायदा मुख्यमंत्री को समीक्षा रिपोर्ट सौंपी है। इस रिपोर्ट में संताल की सीटों की विधानसभावार समीक्षा की गयी है। साथ ही, जामताड़ा विधायक ने चंपाई को जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपके नेतृत्व में झारखंड में पहली बार महागठबंधन ने पांच सीटों पर जीत दर्ज की है। यह जीत आम जनता की जीत है और यह सही मायने में एक बड़ा राजनीतिक संकेत है। मुख्यमंत्री ने विधायक इरफान अंसारी को कहा कि दुमका लोकसभा से महागठबंधन के प्रत्याशी नलिन सोरेन ने जीत दर्ज की है। इसमें सभी की अहम भूमिका रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि जामताड़ा विधानसभा से लगभग 40,000 की लीड के कारण ही यह सीट हम लोगों जीत पाये। दुमका लोकसभा सीट हमारे प्रतिष्ठा की सीट है और इसे हर हाल में हमें जीतना था। विधायक ने कहा कि हम लोगों ने पांच सीटों पर जीत दर्ज की, जिसका साफ मतलब है कि हम लोगों ने 30 विधानसभा सीटों पर जीत का परचम लहराया है। विधायक ने कहा कि हमें थोड़ी और मेहनत कर 12 और सीटों पर जीत दर्ज करनी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से भाजपा का सफाया कर इंडी महागठबंधन की सरकार बनानी है। विधायक ने संताल परगना की सभी सीटों का ब्यौरा उन्हें सौपा और बताया कि पूरे देश में राहुल गांधी की मेहनत रंग लाई। हम लोग और सीट जीत सकते थे, जिसकी समीक्षा करने की आवश्यकता है।

# अचल सुहाग की कामना के लिए सुहागिनों ने किया वट सावित्री पूजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** अपने सुहाग के अचल आयु की कामना के लिए सुहागिनों ने गुरुवार को वट सावित्री पूजन किया। इस मौके पर सुहागिनों ने उपवास रख कर अपने सुहाग की हर क्षण रक्षा करने की कामना ईश्वर से की।



इस मौके पर गढ़वा शहर के विभिन्न क्षेत्रों समेंत ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुहागिन महिलाओं ने अहले सुबह से ही इस संपूर्ण पृथ्वी पर अटल विश्वास का प्रतीक माने जाने वाले परमात्मा स्वरूप वट वृक्ष की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपने पति के लंबी उम्र की कामना की। मौके पर शहर के सहिजना के विभिन्न स्थानों समेंत आसपास के क्षेत्रों में वट सावित्री पूजा को लेकर अहले सुबह से ही सुहागिन महिलाएं पुरे आस्था के साथ वट वृक्ष के पास पहुंचने लगी थीं।

वट वृक्ष के नीचे सुहागिनों ने सावित्री एवं सत्यवान की कथा भी सुनी। अपने पति के लंबी उम्र की कामना के लिए वट वृक्ष की पूजा करने की परंपरा आज भी जारी है। वट सावित्री पूजा के मौके पर वट वृक्षों के नीचे बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं ने पूरे विधि-विधान से पूजा कर अपने अचल सुहाग की कामना की।

## एसएसपी ने गर्मी से बचाव को लेकर यातायात पुलिस के लिए किया विशेष प्रबंध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची में कई दिनों से सूरज की तपिश कम नहीं हो रही है। कड़ी धूप के कारण सभी को परेशानी हो रही है लेकिन ट्रैफिक पुलिस के जवान धूप के कारण सबसे ज्यादा परेशान हैं । इस प्रचंड गर्मी में भी रांची की यातायात पुलिस शहर की यातायात व्यवस्था को संभाल रही है। प्रचंड गर्मी से बचाव के लिए एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने यातायात व्यवस्था में तैनात ट्रैफिक पुलिस के लिए विशेष प्रबंध किया है। ट्रैफिक पुलिस को धूप वाला चश्मा, ग्लूकोन डी, हॉट एंड कोल्ड बोतल और ओआरएस दिया गया है।

इसके साथ ही इस भीषण गर्मी में तैनात ट्रैफिक पुलिस के कामकाजों को सराहा गया है। चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि कर्मियों को पहले जो गॉगल्स मिले थे, वे पुराने हो गए थे, इसलिए उनके लिए नए चश्मे मंगवाए गए थे, जिन्हें गुरुवार को सभी ट्रैफिक कर्मियों के बीच वितरित किया गया। ड्यूटी करते समय गॉगल्स पहनने से कर्मियों को धूप से राहत मिलेगी और सड़क पर उड़ने वाली धूल से भी उनकी आंखें सुरक्षित रहेंगी।

ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को गॉगल्स के अलावा पानी की बोतलें भी बांटी गई, ताकि वे हर समय अपने साथ पानी रख सकें। पानी की बोतलों के साथ ही कर्मियों को धूप से बचने के लिए कुछ जरूरी दवाइयां और ओआरएस के पैकेट भी दिए गए हैं, ताकि जब भी वे ड्यूटी से फ्री हों, तो ओआरएस का घोल पी सकें।

## पर्यावरण को संरक्षित एवं स्वच्छ बनाना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी : जयंत मिश्रा

**झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के मुख्यालय से पांच लाख पौधरोपण का महाअभियान शुरू**

**राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में लगाए जाएंगे कम से कम 10 पेड़**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए राज्य में पांच लाख फलदार पौधे लगाने के लक्ष्य की शुरुआत की। धुर्वा स्थित झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के मुख्यालय में गुरुवार को प्रशासनिक पदाधिकारी जयंत मिश्रा ने यूनियन बैंक और उत्कर्ष फाइनेंस बैंक के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पौधरोपण महाअभियान की शुरुआत की। इस मौके पर जयंत मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित एवं स्वच्छ बनाना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। आज विश्व में जलवायु परिवर्तन एक चुनौती बन गया है। प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने के लिए यह आवश्यक है कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। जयंत मिश्रा ने अन्य सामाजिक एवं निजी क्षेत्र में कार्यरत संस्थानों से भी आगे बड़कर इस महा अभियान में शामिल होकर विद्यालयों में अधिक से अधिक पेड़ दान करने की अपील की। मिश्रा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य के सरकारी विद्यालयों में कम से कम 10 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए विद्यालयों के ईको क्लब को अनुदानित राशि के रूप में 23 करोड़ 2 लाख 31 हजार 500 रुपये उपलब्ध करा दी गयी है, साथ ही मनरेगा अभिसरण के माध्यम से भी इस लक्ष्य को हासिल किया जाएगा। ईको क्लब की गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टॉप 1000 विद्यालयों को प्रोत्साहित किया जाएगा, साथ ही बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रत्येक जिले से पांच यानी कुल 120 विद्यालयों का राज्य में चयन कर उन्हें राज्यस्तर पर पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तेज करें : सीएम योगी

**एजेंसी**

**लखनऊः** लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को शासन स्तर के सभी अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक की. इस दौरान उन्होंने कहा कि खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तेज करें, जहां खाली पद हैं, आयोगों को भेजें.मुख्यमंत्री ने कहा कि अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव गण अपने विभाग के शीर्ष अधिकारी हैं. विभाग से जुड़ी हर एक व्यवस्था, हर एक परियोजना, प्रत्येक प्रकरण के लिए आपकी जवाबदेही है. समयबद्धता, गुणवत्ता सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है. विभागीय मंत्रीगणों के साथ बेहतर संवाद-समन्वय बनाये रखें. जनहित के प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखें.उन्होंने कहा कि जिस विभाग में खाली पद हैं, वहां से तत्काल



चयन आयोगों को सूचना भेजा जाए. नियुक्ति प्रक्रिया में सरलता के लिए ई-अधियाचन की व्यवस्था लागू की गई है, उसका उपयोग करें. नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व नियमावली का सूक्ष्मता से परीक्षण कर लिया जाए. चयन आयोगों से संपर्क बनाएं, त्रुटिपूर्ण अधियाचन न भेजें. चयन प्रक्रिया की समय-सीमा तय करें.मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है. सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधान की गई धनराशि का यथोचित खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए. समय से आवंटन और समय से खर्च होना चाहिए. वित्त विभाग द्वारा इसकी विभागवार समीक्षा की जाए.उन्होंने कहा कि जीएसटी संग्रह के प्रयासों को तेज करने की जरूरत है. फील्ड में तैनात अधिकारियों को टारगेट दें. इनके परफॉर्मेंस को ही इनकी पदोन्नति, पदस्थापना का आधार बनाया जाना चाहिए. तकनीक का प्रयोग बढ़ाएं. कर चोरी किसी भी दशा में न हो.

# जैव विविधता की सुरक्षा के लिए पर्यावरण संरक्षण महत्वपूर्ण : प्राचार्य

**एसपीडी कॉलेज में एनएसएस द्वारा पर्यावरण दिवस पर पेन्टिंग व भाषण प्रतियोगिता**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज की एनएसएस इकाई के द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर भाषण एवं पेन्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। पेन्टिंग प्रतियोगिता में प्राची कुमारी, मोजाहिम अंसारी, सिमरन खातून एवं अंजली क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ रहे। वही भाषण प्रतियोगिता में रचित गुप्ता प्रथम, प्राची कुमारी द्वितीय तथा आयुष केशरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण से वायु, जल और भूमि प्रदूषण




कम होता है। जैव विविधता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्यावरण संरक्षण का बहुत महत्व है। सभी के सतत विकास के लिए पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है। हमारे ग्रह को ग्लोबल वार्मिंग जैसे हानिकारक प्रभावों से बचाने के लिए पर्यावरण संरक्षण भी महत्वपूर्ण है। डा. अरुण कुमार तिवारी ने कहा कि मनुष्य द्वारा अपने पर्यावरण पर किए जाने वाले प्रभाव प्राकृतिक पर्यावरण के लिए समस्याएं पैदा करता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश सिन्हा ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का मुख्य उददेश्य पर्यावरण के मुददों पर ध्यान केन्द्रित करना है। पर्यावरण में दिन प्रतिदिन हो रही क्षति और उसे रोकने के लिए जागरुक करना है। कार्यक्रम को प्रो. अखिलेश शुक्ला, दीपिका कुमारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डा. सत्यदेव पाण्डेय ने किया। मौके पर प्रो. सत्यदेव कुमार, प्रो. राजीव मिश्रा, ब्रजेश सिंह, अखिलेश तिवारी, धर्मेन्द्र धर दुबे, सुबोध पाठक आदि उपस्थित थे।

### झारखंड में सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य के लिए रखा वट सावित्री व्रत

**रांची :** राजधानी रांची सहित राज्य के सभी हिस्सों में गुरुवार को वट सावित्री का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुहागिन महिलाएं सुबह में स्नान करने के बाद वटवृक्ष के नीचे एकत्रित हुई और विधि विधान से पूजा कर कच्चे धागे को पेड़ में बांधते हुए अखंड सौभाग्य के लिए अपने पति के दीर्घायु होने की कामना की। रांची के पहाड़ी मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भी सुहागिन महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर वट सावित्री की कथा सुनी। इस दौरान दान पुण्य देकर अखंड सौभाग्य की कामना की। महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर और बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की रक्षा और वैवाहिक सुख के लिए व्रत रखती हैं और वट वृक्ष के चारों ओर धागा बांधकर 108 बार परिक्रमा करती हैं। इसका बहुत महत्व बताया जाता है।

## नितिन गडकरी से बेहतर पीएम कोई और नहीं हो सकता : पप्पू यादव

**एजेंसी**

**पटना :** बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव जीतने वाले राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा है कि उनकी नजर में केंद्र में अगर एनडीए की सरकार बनती है तो नितिन गडकरी से बेहतर कोई दूसरा पीएम कैंडिडेट नहीं हो सकता है.उन्होंने कहा कि सारा माफिया सिस्टम यह नहीं चाहता था कि पूर्णिया में पप्पू यादव जीते. उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य था कि वह पूर्णिया के जनता के बीच रहे. पूर्णिया से अपना रिश्ता निभाएं. राजद की उम्मीदवार से लड़ाई के सवाल पर पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में कांग्रेस को यूपी जैसा सम्मान नहीं मिला. यूपी में 17 सीटों कांग्रेस लड़ी और अखिलेश यादव के साथ एक पारिवारिक रिश्ते जैसे काम हुआ. प्रियंका गांधी ने काफी मेहनत की. राहुल गांधी ने बिहार में मात्र नौ सीट लेकर सब कुछ दे



दिया. वह बोले कि कोई बात नहीं हम गठबंधन धर्म निभाएंगे. अरविंद केजरीवाल के साथ गठबंधन धर्म निभाएंगे. पप्पू यादव ने पूर्णिया में जदयू के उम्मीदवार संतोष कुशवाहा को करीब 16 हजार वोटों से हराया है.लोकसभा चुनाव जीत चुके पप्पू यादव ने राजद की ओर से साइड लाइन किए जाने के आरोप पर उन्होंने कहा कि पप्पू यादव को भगवान भी साइड लाइन नहीं कर सकता. वह फालतू की चीजों में नहीं रहते. वह किसी की प्रवाह नहीं करते. रही बात लालू यादव के साथ रिश्ते की तो उनके साथ उनका रिश्ता पिता जैसा है.एनडीए और इंडिया गठबंधन में किसी एक को समर्थन के बारे में पप्पू ने कहा कि एनडीए के लिए नितिन गडकरी से अच्छा कोई दूसरा प्रधानमंत्री नहीं हो सकता. यह देश नफरत नहीं चाहता. यद देश काम चाहता है.

यह देश नीतिगत बात चाहता है. समर्थन के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनकी विचारधारा के बारे में सबको पता है.

## हिन्दू संस्कृति के अनुसार सदियों से होती आ रही है वट वृक्ष की पूजा : कौशल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल व बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल और छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने वट सावित्री पूजा पर देश के तमाम माताएं बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी इस अवसर पर मेदिनीनगर के आबादगंज स्थित अपने आवास पर्यावरण भवन के आकाश बाग में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ वट वृक्ष का पौधरोपण किया। उन्होंने सावित्री पूजा पर उपस्थित महिलाओं को वटवृक्ष देवी सावित्री और भगवान सत्यवान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वट सावित्री पूजा कराने के उपरांत पर्यावरणविद श्री कौशल ने पूजा में शामिल सभी महिलाओं को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों की पूजा की परम्परा सदियों से आ रही है। परन्तु वट वृक्ष का पूजा का एक अलग ही धार्मिक महत्व है। क्योंकि शास्त्रों के मुताबिक वट वृक्षों पर त्रिदेव ब्रह्मा ,विष्णु महेश का वास होता है। पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि अन्य वृक्षों की तुलना में बट वृक्ष का अलग महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि जिस तरह भगवान बुद्ध को पीपल के पेड़ के नीचे ही ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उसी प्रकार वट वृक्ष के नीचे ही माता सावित्री को अपने दृढ़ संकल्प और श्रद्धा से यमराज द्वारा अपने मृत पति सत्यवान को दोबारा जिंदा करने में कामयाबी मिली थी। जिला पार्षद अमित जायसवाल ने कहा कि उनके पूजनीय पिता सह पर्यावरण धर्मगुरु ने पृथ्वी , प्रकृति , सृष्टि और पर्यावरण की रक्षा के लिए ही पर्यावरण धर्म की शुरुआत किया है। पर्यावरण धर्म के तहत सभी जाति धर्म सम्प्रदाय के लोग एकत्रित होकर पर्यावरण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करते है।

# चिराग फिर बन गए मोदी के हनुमान



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद देश में नई सरकार के गठन की तैयारी जारी है. नई सरकार के गठन में लोजपा (राम विलास) नेता चिराग की भी भूमिका अहम मानी जा रही है. दरअसल चिराग पासवान खुद को पीएम मोदी का हनुमान बता चुके हैं. लोकसभा चुनाव में बिहार में चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी का स्ट्राइक रेट 100 प्रसेंट रहा है. ऐसे में अब एनडीए में उनका कद बढ़त दिख रहा है. यही वजह है कि उन्हें अहम मंत्री पद मिलने की बात भी जोर पकड़ रही है. चिराग पासवान ने भी अपनी पार्टी के चुनाव में बेहतर पर खुशी जाहिर की है. चिराग पासवान से जब मंत्री पद मिलने की बारे सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि आप सब मेरा पीएम मोदी के प्रति मेरा समर्पण जानते हैं, मैं जीवन के कठिन दौर में था, चुनाव प्रचार में था या किसी भी भूमिका में था. मेरा लक्ष्य बिल्कुल साफ था कि मोदी जी को तीसरी बार पीएम बनाना हैं. मेरे पीएम तीसरी बार देश के पीएम बनने जा रहे हैं. इस बात का उत्साह मुझमें, मेरी पार्टी के नेता और हर कार्यकर्ता में हैं. कौन सरकार में आता है, कौन नहीं. कौन मंत्री बनता है कौन नहीं, ये किसी भी दल की प्राथमिकता में नहीं. चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) एनडीए के ऐसे सहयोगी हैं जिनका लगातार दूसरे लोकसभा चुनाव में स्ट्राइक रेट 100 प्रतिशत रहा है. चिराग पासवान की इस कामयाबी से बीजेपी आलाकमान भी खुश नजर आ रहा है. जहां पिछले चुनाव में उनकी पार्टी 6 सीटों पर चुनाव में उतरी थी सभी सीटों पर जीत मिली थी. इस चुनाव में भी उन्हें गठबंधन की तरफ से 5 सीटें मिली थी और इन सभी पांच सीटों पर उन्हें जीत मिली. चिराग पासवान बॉलीवुड में भी काम कर चुके हैं. लेकिन राजनीति में उनकी एंट्री साल 2010 के विधानसभा चुनाव के दौरान हुई थी . जब वो मंच पर अपने पिता रामविलास पासवान के साथ नजर आते थे. 2010 के चुनाव में रामविलास पासवान की पार्टी का लालू यादव की पार्टी राजद के साथ गठबंधन था. लेकिन तब ये गठबंधन असफल रहा. विधानसभा चुनाव में हार के बाद लोजपा के सामने खुद के अस्तित्व का संकट मंडरा रहा था. इसी बीच केंद्र में नरेंद्र मोदी के उदय की शुरुआत हुई. साल 2013 आते-आते बीजेपी की बागडोर नरेंद्र मोदी के हाथों आ गयी.

### राजनीतिक की दुनिया में चिराग का कद बढ़ा

18 वीं लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद चिराग पासवान की राजनीति फिर लाइमलाइट में हैं. अब उनके पास 5 सांसद हैं. साथ ही रामविलास पासवान के दौर से यह माना जाता रहा है कि केवल उनकी पार्टी ही बिहार की एकमात्र पार्टी है जो किसी भी गठबंधन के पक्ष में वोट ट्रांसफर करवा सकती है. राजनीति की दुनिया में वोट ट्रांसफर कराने की कुव्वत जिस पार्टी की हो, उसकी अहमियत सबसे अलग होती है. इस बार के चुनाव में चिराग पासवान का रसूख और बढ़ा है, जो कि आने वाले वक्त में और ज्यादा बढ़ सकता है बशर्ते वो आगे चलकर भी राजनीति की दुनिया में इसी तरह का बढ़िया प्रदर्शन कर सकें. आने वाले चुनावों और सरकार में चिराग पासवान की मजबूत उपस्थिति हो सकती है. हनुमान बनकर उनके द्वारा किया गया तपस्या उन्हें अब सत्ता के केंद्र में लेकर खड़ा कर दिया है.